दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 145 | जयपुर | सोमवार, 31 मार्च, 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष द्वितीया संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


ईद मुबारक

संक्षिप्त समाचार

## देशभर में आज मनाई जा रही ईद

### चांद के दीदार के बाद भारत में जश्न, ये पर्व देता है प्रेम और भाईचारे का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** ईद उल फितर, जो रमजान के महीने के बाद मनाई जाती है, मुसलमानों के लिए एक खास दिन होता है। यह पर्व चांद दिखाई देने के बाद मनाया जाता है और भारत में इसे लेकर काफी इंतजार किया जाता है। इस साल 2025 में, भारत में ईद का चांद 30 मार्च को दिखाई दिया है, जिसके बाद 31 मार्च को ईद का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। ईद के महत्व को समझने के लिए यह जानना जरूरी है कि रमजान के महीने के बाद ईद की तिथि चांद देखने पर निर्भर होती है। आमतौर पर, रमजान के बाद ईद उल फितर का पर्व मनाया जाता है और चांद देखने के बाद ही यह तिथि निर्धारित होती है।

## खेलमंत्री बोले- एडहॉक जल्द ही आरसीए के चुनाव करवाएगी

### राजस्थान रॉयल्स को हैंडओवर किया एसएमएस स्टेडियम, पहले से बेहतर होगा आईपीएल का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा है कि राजस्थान सरकार ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव कराने की जिम्मेदारी एडहॉक कमेटी को दी है। फिलहाल एडहॉक कमेटी कुछ जिलों के कामकाज को देख रही है। कमेटी उन जिलों के कामकाज को सुधारने की कोशिश कर रही है। ऐसे में मुझे यकीन है, एडहॉक कमेटी जल्द ही राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव करवाएगी।

उन्होंने कहा- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यह चाहता है कि राजस्थान में राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल और राजस्थान रॉयल्स मिलकर इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबलों का आयोजन करें। इसमें हमारी जिम्मेदारी मोटे तौर पर यही रहती है कि हम जयपुर का सवाई मानसिंह स्टेडियम राजस्थान रॉयल्स को हैंड ओवर कर देते हैं। इसके बाद मैच के आयोजन से जुड़ी सभी तैयारियां राजस्थान रॉयल्स की होती है। जिसको लेकर काम किया जा रहा है। उन्हें हमारा पूरा समर्थन है।

#### बेहतर वातावरण देने की कोशिश रहेगी

राठौड़ ने बताया- हम चाहते हैं कि पिछली बार दर्शकों को जिस तरह का वातावरण मैच के दौरान मिला था। उससे बेहतर वातावरण इस बार इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले के दौरान जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दर्शकों को दिया जाए। राजस्थान दिवस के अवसर पर रविवार को मरुधरा हाफ मैराथन का आयोजन किया गया।

## ओडिशा के कटक में बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रेस डिरेल 11 एसी कोच पटरी से उतरे, 1 की मौत, 8 घायल

बढ़ता राजस्थान

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा के कटक में रविवार को बेंगलुरु-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12551) के 11 एसी कोच पटरी से उतर गए। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई जबकि 8 अन्य घायल हैं। मेडिकल और इमरजेंसी टीम मौके पर मौजूद है। कटक के ष्ठरू दत्तात्रेय शिंदे ने मौत की पुष्टि की है। घायलों को श्रीराम चंद्र भंज मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। इनकी हालत स्थिर है। भीषण गर्मी के कारण दुर्घटना के बाद कुछ यात्री बीमार भी पड़ गए। घटनास्थल पर ही हेल्थ कैंप में उनका इलाज किया गया।

हादसा सुबह 11:54 बजे मंगुली पैसेंजर हॉल्ट से लगे निरगुंडी स्टेशन के पास हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि हादसे की वजह से तीन ट्रेन डायवर्ट की गई हैं। फंसे हुए यात्रियों को कामाख्या पहुंचाने के लिए विशेष ट्रेन शाम 5:05 बजे घटनास्थल से रवाना हो चुकी है। ओडिशा फायर सर्विस के एक अधिकारी ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो गया है। इससे पहले ईस्ट कोस्ट रेलवे के ष्टक्कक्रह्र अशोक कुमार मिश्रा ने बताया था- बेंगलुरु से असम के गुवाहाटी स्थित कामाख्या जा रही ट्रेन 12 बजे के आसपास दुर्घटनाग्रस्त हुई। सभी यात्री सुरक्षित हैं।




# कांग्रेस सरकार में खूब घोटाले हुए : पीएम मोदी

## जैसे किचन तक पाइप से पानी पहुंचता है, वैसे अब गैस भी पहुंचेगी : मोदी

बढ़ता राजस्थान

**बिलासपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पीएम मोदी ने 33 हजार 700 करोड़ के 22 प्रोजेक्ट्स लॉन्च किए। इस दौरान मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में भर्ती परीक्षाओं में खूब घोटाले हुए। भाजपा सरकार ने घोटालों को लेकर जांच बिठाई। छत्तीसगढ़ को हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय बिजली व्यवस्था खस्ताहाल थी। लोगों को बिजली नहीं मिलती थी। हमारी सरकार बिजली प्लांट लगा रही है। आपके घरों में जीरो बैलेंस के लिए पीएम सोलर योजना शुरू की गई है। इसके जरिए आप बिजली बनाकर यूज के साथ बेच भी सकेंगे। वहीं पीएम ने कहा कि हमारी सरकार यहां गैस पाइप लाइनें बिछा रही है। घरों में खाना बनाने की गैस अब पाइप से आ पाएगी। जैसे पाइप से किचन में पानी आता है, वैसे ही अब गैस आएगा। हम अभी 2 लाख से ज्यादा घरों में सीधे पाइप से गैस पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। पीएम ने कहा कि गैस उपलब्ध होने से यहां छत्तीसगढ़ में नए उद्योग लगाना भी संभव हो पाएगा। यानी बड़ी संख्या में यहीं पर रोजगार बनेंगे। गैस पाइप लाइन आने से यहां सीएनजी से गाड़ियां चल पाएंगी। इसका एक और फायदा होगा। मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या का मायका है। मेरा सौभाग्य है कि नवरात्र के पहले दिन मैं यहां पहुंचा हूं। छत्तीसगढ़ की राम भक्ति भी अद्भुत है।

यहां रामनामियों ने पूरा शरीर भगवान राम को समर्पित किया है। मोदी ने भारत माता की जय, मां महामाया और जय जोहार से सभा की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि 33 हजार 700 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें गरीबों का घर है, स्कूल है, रोड है, बिजली है, पाइप लाइन है। ये सारे प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ के नागरिकों को सुविधा देने वाले हैं। नौजवानों के लिए नए रोजगार बनाने वाले हैं। इसके पहले प्रधानमंत्री मोदी रविवार को नागपुर के आरएसएस मुख्यालय केशव कुंज पहुंचे। वे सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक यहां रहे। उन्होंने संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।

#### 80 हजार करोड़ रुपए आदिवासी इलाकों में खर्च किए जा रहे

मोदी ने कहा कि हम आदिवासी समाज के विकास के लिए भी विशेष अभियान चला रहे हैं। हमने आपके लिए धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान शुरू किया है। इसके तहत 80 हजार करोड़ रुपए आदिवासी इलाकों में खर्च किए जा रहे हैं। इससे छत्तीसगढ़ के करीब 7 हजार आदिवासी गांवों को फायदा हो रहा है। आदिवासियों में भी अति पिछड़ी आदिवासी जनजातियां होती है। पहली बार हमारी सरकार ने अती पिछड़ी आदिवासियों के लिए पीएम जन-मन योजना बनाई है। इसके तहत छत्तीसगढ़ के 18 जिलों में 2 हजार से अधिक बसाहटों में काम किया जा रहा है। मोदी ने कहा कि देशभर में पिछड़ी जनजातियों की बस्तियों में करीब 5 हजार किलोमीटर की सड़कें स्वीकृत की गई है। इनमें आधी सड़कें छत्तीसगढ़ में ही बनाई जानी है। यानी ढाई हजार किलोमीटर सड़कें यहां पीएम जन-मन योजना के तहत बनेंगी।

#### पीएम मोदी ने कहा- छत्तीसगढ़ की राम भक्ति भी अद्भुत

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या का मायका है। मेरा सौभाग्य है कि नवरात्र के पहले दिन मैं यहां पहुंचा हूं। छत्तीसगढ़ की राम भक्ति भी अद्भुत है। यहां रामनामियों ने पूरा शरीर भगवान राम को समर्पित किया है। मोदी ने कहा कि नेक नीयत का एक और उदाहरण गैस पाइप लाइन भी है। छत्तीसगढ़ समुंदर से दूर है, तो यहां तक गैस पहुंचाना इतना आसान नहीं है। पहले जो सरकार थी, उसने गैस पाइप लाइन पर भी जरूरी खर्च नहीं किया।

हम इस चुनौती का भी समाधान कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार यहां गैस पाइप लाइनें बिछा रही है। इससे पेट्रोलियम से जुड़े उत्पादों को ट्रकों से ट्रांसपोर्ट करने की मजबूरी कम होगी। ये चीजें कम कीमत में आपको मिलने लगेगी। मोदी ने कहा कि गैस पाइप लाइन आने से यहां सीएनजी से गाड़ियां चल पाएंगी। इसका एक और फायदा होगा। घरों में खाना बनाने की गैस अब पाइप से भी आ पाएगी। जैसे पाइप से किचन में पानी आता है, वैसे ही अब गैस आएगा।



## गणगौर महोत्सव आज, त्रिपोलिया गेट से निकलेगी सवारी

### शोभायात्रा पर पहली बार ड्रोन से होगी पुष्पवर्षा, 200 एलईडी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण किया जाएगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान की संस्कृति और आस्था से जुड़े गणगौर महोत्सव को इस बार और भव्य रूप में मनाने की तैयारी की गई है। पर्यटन विभाग की ओर से शोभायात्रा में कलाकारों की संख्या बढ़ाने के साथ कई नए आकर्षण जोड़े गए हैं। इस बार पहली बार ड्रोन के जरिए पुष्पवर्षा की जाएगी और प्रदेशभर में 200 एलईडी स्क्रीन पर शोभायात्रा का सीधा प्रसारण होगा। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया- गणगौर की सवारी 31 मार्च और 1 अप्रैल को शाम 5:45 बजे से निकाली जाएगी। इस बार शोभायात्रा में 250 लोक कलाकार हिस्सा लेंगे। सजी-धजी पालकियों, ऊंट, घोड़ों और हाथियों के लवाजमे की संख्या में भी 50त्न बढ़ोतरी की गई है।

#### शोभायात्रा में यह होंगे खास आकर्षण

3 अतिरिक्त हाथी, 12 घोड़े (लांसर्स पंचरंगा झंडा लिए हुए), 6 सजे-धजे ऊंट और 2 विक्टोरिया बग्गी शामिल की जाएंगी। पंखी, अडानी और चढ़ी धारक समेत 24 लोगों का दल पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा का हिस्सा बनेगा। अरवाड़ा संप्रदाय के अनुयायी अपनी पारंपरिक प्रस्तुति देंगे।

#### राजस्थान की संस्कृति को वैश्विक मंच मिलेगा

**पर्यटन विभाग का कहना है कि गणगौर महोत्सव न केवल आस्था और परंपरा का प्रतीक है, बल्कि देश-विदेश के पर्यटकों को राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का अवसर भी देता है। इस बार के आयोजन को और भव्य बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।**

#### छोटी चौपड़ पर विशेष आयोजन

- गणगौर माता की सवारी के स्वागत के लिए तीन भव्य मंच बनाए जाएंगे।
- दो मंचों पर लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी, जबकि तीसरे मंच पर गणगौर माता की पूजा और पुष्पवर्षा की जाएगी।
- पुलिस बैंड और घूमर नृत्य की विशेष प्रस्तुति होगी।
- पर्यटकों और दर्शकों के लिए विशेष बैठने की व्यवस्था की गई है।
- ड्रोन से पुष्पवर्षा, लाइव प्रसारण भी होगा
- शोभायात्रा के दौरान पहली बार ड्रोन के जरिए पुष्पवर्षा की जाएगी।
- तालकटोरा में राजस्थानी लोक कलाकारों की प्रस्तुति होगी।
- हिंद होटल टैरेस पर 500 पर्यटकों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है, जिसमें 200-300 विदेशी पर्यटकों के लिए अलग से स्थान तय किया गया है।
- सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग की 200 एलईडी स्क्रीन पर गणगौर महोत्सव का सीधा प्रसारण होगा।
- पर्यटन विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी।

अमित शाह ने बिहार के पटना में 800 करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

## कृषि के लिए उपजाऊ भूमि, जल व अन्य प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर बिहार को सहकारिता क्षेत्र से होगा सबसे ज्यादा फायदा : शाह

बढ़ता राजस्थान



नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बिहार के पटना में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की 800 करोड़ रूपए से अधिक लागत वाली विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि आज यहां सहकारिता क्षेत्र और अन्य विभागों की कई योजनाओ का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। उन्होंने कहा कि विगत 10 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के करोड़ों गरीबों के कल्याण के लिए कई काम किए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी सरकारों ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी ने 10 साल में गरीबों को घर, बिजली, गैस, पेयजल, शौचालय, दवाएं और 5 किलो मुफ्त अनाज दिया है।




## हिमाचल में लैंडस्लाइड से कारें दबीं, 6 मरे

### हरियाणा की युवती घायल, पंजाब के टूरिस्ट की मौत; तूफान में पेड़ गिरने के बाद मिट्टी ढही

**पतलीकूहल, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थल मणिकर्ण में गुरुद्वारे के पास रविवार शाम करीब 4 बजे पहाड़ी से लैंडस्लाइड हो गया। ये लैंडस्लाइड तेज तूफान के कारण भारी भरकम पेड़ के गिरने से हुआ। पेड़ सड़क पर पहले से ही खड़ी करीब 5-6 गाड़ियों के ऊपर गिरा। जिससे 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, इनमें 3 टूरिस्ट भी थे।



इसके अलावा 6 लोग मलबे में दब गए, प्रशासन और पुलिस ने फौरन रेस्क्यू कर इन्हें बाहर निकाला और स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# हिंदू नववर्ष पर निकली शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से हुआ भव्य स्वागत

## रोजेदार मुस्लिम भाईयो ने हिंदू भाइयों को ठंडा पानी पिलाया और शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से किया स्वागत





### साहवा मे दिखी गंगा जमुना तहजीब की अनूठी मिसाल

बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर नववर्ष के उपलक्ष्य पर कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रविवार को नववर्ष विक्रम संवत 2082 के उपलक्ष्य पर आयोजित शोभायात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस दौरान भगवान राम, माता सीता और भगवान कृष्ण की भव्य झांकी सजाई गई। झांकियों के साथ शोभायात्रा कस्बे पारीक भवन से रवाना हुई जो भगवान परशुराम चौक, पुराना बस स्टैंड, मुख्य बाजार होते हुए जोगी आसन मठ में पहुंची। इस दौरान शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्य बाजार में मिठाई वितरित भी की गई।इस अवसर पर बनवारी लाल गिल, सरपंच करमचंद नैण ,कृष्णलाल बोरा, प्रमोद उपाध्याय, सुभाष समरसोत ,विजेंद्र जोशी, रोहतास सैनी, दारासिंह सोनी, रामकुमार सिहाग पत्रकार, डॉक्टर घनश्याम शर्मा ,एडवोकेट अंकित शर्मा ,गोवर्धन पारीक ,महेंद्र पारीक, राहुल भाटी, सुरेंद्र काशनिया, रामवतार शर्मा सोमसीसर ,रामवतार जोशी, आनंदसिंह शेखावत, रवि जोशी, मगाराम नाई, बलेंद्र भारद्वाज, रोहित सेन, तेजप्रताप शर्मा, बलाराम गोड, हेतराम लिखाला, राजमोहन शर्मा ,सुरेंद्र श्योराण, राजेंद्र लिखला प्रहलाद सैनी आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

**भाईचारा की दिखी अनूठी मिसाल** : कस्बे में गंगा जमुनी तहजीब का शानदार दृश्य देखने को मिला। नववर्ष विक्रम संवत 2082 के उपलक्ष में निकाली गई शोभायात्रा के दौरान कस्बे के रोजेदार मुस्लिम भाइयों ने अपने कुलर के आराम को त्यागकर चमचमाती धूप में खड़े होकर मुख्य बाजार में हनुमान मंदिर के पास शोभायात्रा में शामिल होकर लोगों को ठंडा पानी पिलाया और पुष्प वर्षा की ।इस दौरान हिंदू भाइयों ने मुस्लिम भाइयों को गले लगाया तथा आभार जताया। इस मौके पर मुस्लिम भाइयों में आदिल खाँ डाल, आदिल खाँ चावली, इरशाद चावली, मोहम्मद अली आईतान, इकबाल खां चावली, शौकीन खान कुम्हार आदि लोग शामिल थे। शौकीन खान ने कहा कि हमें भारतीय संस्कृति, परंपरा और सौहार्द को बनाए रखने की प्रत्येक भारतीय की जिम्मेदारी है। हमारा सौभाग्य है कि हमें यह मौका मिला है।

# आरटीसी, औरेका और ताज ने जीते अपने मैच

## ओम बडलियास, मोहम्मद साद और जितेंद्र मैन ऑफ द मैच

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** मेवाड़ टूरिज़्म कप के तहत चल रहे क्रिकेट टी 20 मे आरटीसी ने रॉयल गाइड को 5 विकेट से, औरेका ने आईटीसी को 4 रन से और ताज होटल ने रेडिसन ब्लू को 8 विकेट से हराया। ओम बडलियास, मोहम्मद साद और जितेंद्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पहले मुकाबले में रॉयल गाइड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 154 रन बनाएं। रॉयल गाइड की ओर से तरुण ने अर्धशतक लगाते हुए 53 रन बनाएं। सौरभ माली ने 25 रनों के योगदान दिया। आर टी सी की ओर से ओम बड़लियास और ईशान प्रताप ने 2-2 विकेट हासिल किए। जवाब में आरटीसी की टीम ने निर्धारित लक्ष्य को 19.3 ओवरों में हासिल कर लिया। आर टी सी की ओर से कप्तान ओम बड़लियास ने नाबाद 75 रन और देवरत सिंह ने 24 रन बनाए। रॉयल गाइड की ओर से पुनीत श्रीमाली और अर्जुन मीणा ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। शानदार बल्लेबाजी के लिए आर टी सी के कप्तान ओम बड़लियास को मैन ऑफ द मैच चुना गया। एक अन्य मुकाबले में ओरिका होटल ने आईटीसी होटल को चार रनों से हराया। आईटीसी होटल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। आरिका होटल के बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 201 रनों का विशाल स्कोर बनाया। जिसमें मोहम्मद साद का आतिशी शतक सम्मिलित है, मोहम्मद साद ने 59 गेंद में धुआंधार शतक लगाते हुए 115 रन बनाएं। प्रतीक ने 38 रनों का योगदान दिया। रोमांचक मुकाबले में विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए आईटीसी की टीम मात्र 4 रन पीछे रह गई। आईटीसी होटल की ओर से लक्ष्यमेंद्र ने 58 रन नाबाद और सुब्रत ने 57 रनों का योगदान दिया। शानदार शतकीय पारी के लिए मोहम्मद साद को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरे मुकाबले में ताज होटल ने रेडिसन ब्लू होटल को आठ विकट से हराया। रोमांचक मैच में रेडिसन ब्लू होटल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रेडिसन ब्लू होटल की ओर से तरुण मेंनारिया ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए 78 रन और दीपक डांगी ने नाबाद 33 रनों का योगदान दिया। दी ताज होटल की ओर से एल एस मालवीय की 2 विकट प्राप्त किये। जवाब में दी ताज होटल ने निर्धारित लक्ष्य को 19 ओवर में प्राप्त कर लिया। दी ताज होटल की ओर से जितेंद्र ने अर्धशतक लगाते हुए 56 रन और कृष ने भी अर्धशतक लगाते हुए नाबाद 51 रन बनाएं। शानदार बल्लेबाजी के लिए दी ताज होटल के जितेंद्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# हिन्दू नववर्ष : राणा राज सिंह की कर्मभूमि पर बही भगवा सरिता, भारत माता के जयघोष से से गूंजा राजसमंद

## शहर के हृदयस्थलों से गुजरी भगवा धारा मानो शहर थमसा गया

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** हिन्दू नववर्ष समारोह समिति राजसमंद द्वारा आयोजित नववर्ष भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा में सड़कों पर अद्भुत भगवा सरिता बही। शहर के कोने-कोने से उमड़े युवाओं के जोश और उत्साह ने पूरा वातावरण भगवामय कर दिया। हजारों की संख्या में मेवाड़ी पगड़ी और श्वेत परिधान पहने युवा हाथों में भगवा ध्वज थामे जब भारत माता के जयघोष करते निकले, तो पूरा शहर राष्ट्रभक्ति के रस में डूब गया। समिति के प्रचार प्रसार प्रमुख ने बताया कि शोभायात्रा बालकृष्ण स्टेडियम, मुखर्जी चौराहा, जेकेमोड, द्वारकेश चौराहा, कमलतलाई, 50 फ़ीट रोड़, टीवीएस सर्कल, शर्मा हॉस्पिटल, जलचक्की, भगवानदास मार्केट, बसस्टैंड, चौपाटी, जेकेमोड से होते हुए पुनः बालकृष्ण स्टेडियम पहुँची। शोभायात्रा में मातृशक्ति मंगल कलश धारण किए मंगलाचार गाते हुए चलेंगी। शोभायात्रा में झांकियां, अखाड़े, धार्मिक ध्वज, ढोल-नगाड़े और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, हाथी-ऊंट-घोड़े से सुसज्जित डीजे दल के साथ शोभायात्रा को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो चारों दिशाओं से भगवा सरिताएं उमड़ पड़ी हों और जलचक्की चौराहे पर संगम बनाकर विशाल भगवा धारा में परिवर्तित हो गई हों। युवाओं के हाथों में लहराते भगवा ध्वज और गूंजते जयघोष माहौल को ओजस्वी बना रहे थे।

भारत माता की जय, जय श्री राम, वंदे मातरम् जैसे उद्घोषों ने पूरे नगर को गुंजायमान कर दिया। शोभायात्रा में मातृशक्ति द्वारा हजारों की संख्या में मंगल कलश लेकर अनुशासित ढंग से चलते हुए राष्ट्रभक्ति और संस्कृति के प्रति अपना समर्पण प्रकट कर रहे थे। शोभायात्रा में समाज जनों द्वारा सामाजिक स्तर पर झाँकिया तैयार की गई जिसमें लवजेहाद व बुलडोजर बाबा की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

**जगह जगह स्वागत व पेयजल की व्यवस्था** : हिन्दू नववर्ष समारोह समिति द्वारा आयोजित शोभायात्रा का समाज व संगठनों द्वारा बड़ी मात्रा में जगह जगह पुष्पवर्षा से स्वागत हुआ साथ ही शहर के प्रत्येक चौक चौराहों पर जल व पेयजल की व्यवस्था रही साथ ही कई दुकानदारों ने अपनी इच्छा से पानी के केम्पर भी रखे। स्थानी युवतियों द्वारा घोषवादनशहर की युवतियों द्वारा पिछले 15 दिन से नासिक ढोल बजाने का अभ्यास किया जा रहा था आज जब वह अभ्यास हिन्दू समाज ने देखा तो रोम रोम में जोश उत्पन्न हो गया। सहनीय 50 से अधिक छात्राओं के समूह ने प्रत्येक प्रमुख चोक चौराहों पर नासिक ढोल, शंकनाद, भगववाहिनी का प्रदर्शन किया।

# नगर परिषद के गणगौर महोत्सव कार्ड पर विधायक-सांसद का नाम गायब

## कार्ड पर केवल निकाय जनप्रतिनिधियों के नाम-फोटो

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद नगर परिषद द्वारा आयोजित पांच दिवसीय गणगौर महोत्सव के निमंत्रण कार्ड को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कार्ड से स्थानीय विधायक और सांसद का नाम और फोटो गायब होने से राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। नगर परिषद द्वारा जारी निमंत्रण कार्ड पर केवल सभापति, उपसभापति के साथ पहली बार नेता प्रतिपक्ष, और सभी पार्षदों के नाम और फोटो अंकित हैं। जबकि क्षेत्रीय सांसद और विधायक के नाम और फोटो को कार्ड पर जगह नहीं दी गई है। इस सूचना ने स्थानीय राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है। स्थानीय लोगों और राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नगर परिषद का यह कदम प्रोटोकॉल के खिलाफ है। उन्होंने नगर परिषद पर मनमानी और हठधर्मिता का आरोप लगाया है।

**सरकार के बजट से होता है लाखों रुपए का खर्च** : विवाद और भी गंभीर हो जाता है जब पता चलता है कि मेले पर लाखों रुपए खर्च होते हैं, जो नगर परिषद को सरकार द्वारा जारी बजट से आते हैं। गणगौर महोत्सव 30 मार्च से 3 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें सवारी और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या यह चूक जानबूझकर की गई है या लापरवाही से हुई है। यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि नगर परिषद में कांग्रेस बोर्ड है, जबकि दोनों जनप्रतिनिधि भाजपा के हैं।

**इनका कहना है** : मेरी भी जानकारी में नहीं है, आमंत्रण कार्ड कल ही हमारे पास आए है थे, इसमें देखा तो विधायक व सांसद के फोटो नहीं थे।

**हिम्मत कुमावत, नेता प्रतिपक्ष, नप राजसमंद**

# गणगौर शाही सवारी को लेकर तैयारियां पूर्ण

## पर्व को लेकर महिलाओं एवं कुवांरी कन्याओं में दिख रहा भारी उत्साह



बढ़ता राजस्थान

**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** गणगौर माता की सवारी को लेकर कस्बे में तैयारियां पूर्ण कर ली गई। है आज सांयकाल कस्बे स्थित ठाकुरों की हवेली से गाजे बाजे के साथ ईसर एवं गणगौर शाही सवारी निकाली जायेगी। गणगौर पर्व को लेकर ठाकुरों की हवेली से लेकर कस्बे के बाजार को तोरण द्वार लगाकर सजाया गया है। गौरतलब है कि होली दहन के दूसरे दिन प्रारम्भ हुए गणगौर पूजन का यह उत्सव आज गणगौर की शाही सवारी निकलने साथ समपन होगा। विवाहित महिलाऐं अपने पति की लम्बी उम्र एवं कुवांरी कन्याऐं श्रेष्ठ वर की कामना में 16 दिन तक गणगौर की विशेष पूजा अर्चना करती है एवं व्रत रखती है। गणगौर पूजा कर रही कोमल अग्रवाल, काजल अग्रवाल, काजल मंगल आदि लडकियों ने जानकारी देते हुए बताया कि गणगौर का पर्व हर महिला के लिए विशेष महत्व रखता है। कुंवारी कन्या एवं महिलाऐं गण के रुप में भगवान शिव एवं गौर के रूप में माता पार्वती विशेष पूजा करते हुए उनसे कामना करती है। 16 दिन बराबर पूजा करते हुए कुंवारी कन्याओं एवं नवविवाहित महिलाओं ने रविवार को आखिरी बार बगीचों में जाकर फूल, दूर्वा,जल एकत्रित किया तथा गणगौर के महापर्व की तैयारियों में लग गई।

ठाकुर जयसिंह शेखावत, विकास सिंह, अजीत सिंह आदि ने जानकारी देते हुए बताया कि गणगौर सवारी को लेकर सभी तैयरियॉ पूर्ण कर ली गई है। सायंकाल करीब 4.30 बजे कस्बे वार्ड 15 स्थित ठाकुरों की हवेली से शाही लवाजमें के साथ गणगौर माता की मुख्य सवारी निकाली जायेगी। जो कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए होली चौक तक जाकर पुनः ठाकुरों की हवेली पहुँच कर विसर्जित होगी।

# पीएफसी एज्यूकेशन की ओर से आयोजित भव्य सम्मान समारोह में 200 छात्र हुए सम्मानित

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** पीएफसी एज्यूकेशन ने रविवार को रेडिसन ग्रीन में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में उन 200 छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसीसीए हेड नॉर्थ वेस्ट रोहन राजवन्शी थे। जिन्होंने एसीसीए की वैश्विक मान्यता और भारत में इसकी बढ़ती संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि एसीसीए को 180 से अधिक देशों में मान्यता प्राप्त है और दुनियाभर की 8500 से अधिक कंपनियाँ एसीसीए प्रोफेशनल्स को प्राथमिकता देती हैं। पीएफसी एज्यूकेशन इस कोर्स को इंटरनेशनल स्टैंडर्ड पर प्रोफेशनल ट्रेनिंग के साथ उपलब्ध करा रहा है और इसके कई छात्र पहले ही बिग 4 फर्म्स जैसे डिलोईटे, पीडब्ल्यूसी, ईवाय,केपीएमजी जैसे संस्थानों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं।

**एसीसीए कैसे खोलता है ग्लोबल रास्ते** : यह कोर्स छात्रों को फाइनेंस, अकाउंटिंग और ऑडिटिंग के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर की योग्यता प्रदान करता है, जिससे वे भारत के साथ-साथ विदेशों में भी करियर बना सकते हैं। एसीसीए के जरिए स्टूडेंट्स को यूके,कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,यूएई, सिंगापुर और कई अन्य देशों में उच्च वेतन वाली नौकरियों के अवसर मिलते हैं। एसीसीए की डिमांड विशेष रूप से उन देशों में तेजी से बढ़ रही है जहाँ आउटसोर्सिंग और फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर में भारत की भागीदारी बढ़ रही है। कार्यक्रम का संचालन पीएफसी एज्यूकेशन की संस्थापक मीनाक्षी भेरवानी ने किया, जो एसीसीए, सीए,सीएस,इन्फोरमेशन सेन्टर,सिस्टम ऑडिटर हैं। उन्होंने बताया कि कोविड के बाद से ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूएस और यूके जैसी अर्थव्यवस्थाओं में अकाउंटिंग और टैक्सेशन का आउटसोर्सिंग तेजी से बढ़ा है, जिससे भारत में एसीसीए प्रोफेशनल्स की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इस अवसर पर पीएफसी एज्यूकेशन के छात्र रोहन जैन को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने एसीसीए के परफोर्मेन्स मेनेजमेन्ट और एडवान्स टेक्सेशन पेपर में वर्ल्ड रैंक 1 और इंडिया रैंक 2 हासिल कर भारत का नाम रोशन किया।

# नीरज सैन राजस्थान श्री अवार्ड से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

पावटा(सुशील कुमार बंसल)। राजस्थान स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर जयपुर के रतन बाग स्थित सांस्कृतिक सभागार में राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संकल्प हरियाली समिति संयोजक नीरज सैन को सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर राजस्थान श्री अवार्ड से सम्मानित किया गया।संकल्प हरियाली समिति सदस्य नीरज सैन के नेतृत्व में विगत 8 -9 वर्षों से लगातार सेवा कार्यो में जुटी है। समिति द्वारा गौ सेवा, गरीब जरूरतमन्दों की सेवा के साथ - साथ समय - समय पर रक्तदान शिविर आयोजित कर दुर्घटनाग्रस्त लोगों की मदद करने में लगे रहते हैं। नीरज सैन के सम्मान के दौरान स्वतंत्रता सेनानी पूर्व सांसद पं. राम किशन शर्मा भरतपुर, रामचरण बोहरा पूर्व सांसद जयपुर शहर, सुमित्रा सिंह पूर्व अध्यक्ष राजस्थान विधानसभा,बृज किशोर शर्मा पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार, न्यायमूर्ति करणी सिंह राठौड पूर्व न्यायाधीश राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर, गोपाल शर्मा विधायक सिविल लाईन विधानसभा जयपुर, लाल चंद कटारिया पूर्व मंत्री भारत सरकार, रमा देवी चोपडा जिला प्रमुख जिला परिषद जयपुर, मंजू शर्मा सांसद लोकसभा क्षेत्र जयपुर, बाबुलाल खराडी कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार, मंजू बाघमार राज्य मंत्री राजस्थान सरकार, डॉ. करण सिंह पूर्व सांसद अलवर राजस्थान, बृज मोहन शर्मा महामंत्री खोल के हनुमान जी जयपुर, डॉ. सी.पी.जोशी पूर्व अध्यक्ष राजस्थान विधानसभा जयपुर, दीपेन्द्र सिंह शेखावत पूर्व अध्यक्ष राजस्थान विधानसभा जयपुर, प्रताप सिंह खाचरियावास पूर्व केबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार, सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं राजस्थान सहित देश अन्य राज्यों के नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रागपुरा थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात अज्ञात चोरों ने सूने मकानों का ताला तोड़ा

बढ़ता राजस्थान



**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** क्षेत्र में पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजुद भी सुने मकानों से चोरी की घटनाओं के मामले लगातार सामने आ रहे है। ऐसी ही चोरी की घटना रविवार को कस्बे की मोदी मंदिर कॉलोनी से सामने आई है। उल्लेखनीय है की स्थानीय लोगों ने कैलाश चौधरी पुत्र पूरण मल के मकानों का ताला टूटा देखा तो उन्होंने पावटा में हि रह रहे कैलाश चौधरी के रिश्तेदारों को घटना की सूचना दी। उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो मकानों के बाहर लगा चैनल गेट व अन्दर मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। घटनाक्रम की सूचना प्रागपुरा थाना पुलिस को दी गई है। पुलिस को सूचना देने के बाद भी जब दो घंटे तक मौके पर पुलिस नहीं पहुंची तो लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किये और नाराजगी व्यक्त की गई। प्राप्त सूचना के कैलाश चौधरी परिवारजनों सहित हिमाचल प्रदेश में अपना कारोबार देख रहे हैं। वे, दो तीन माह में घर का चक्कर लगाकर अपने मकानों की सार सम्भाल करते है। चोरी हुई वारदात की सूचना भी उन्हें अपने रिस्तेदारों के फोन कॉल से लगी है। उन्होंने बताया कि पुलिस की मौजूदगी में रिस्तेदारों ने मकानों के नया ताला लगा दिया है। चोरी हुए सामान का उनके पावटा पहुंचने के बाद हि मालूम चल पायेगा। प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और उन्होंने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए है। वहीं थाने में इस सम्बन्ध में अभी प्रकरण दर्ज नहीं करवाया गया है।

# अवैध बजरी से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली के जब्त

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। राजसमंद में पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशों पर जिले में अवैध बजरी परिवहन व अवैध खनन के खिलाफ पुलिस एक्शन मोड में है। पुलिस थाना नाथद्वारा इंचार्ज नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना सर्कल में अवैध बजरी परिवहन रोकने के लिए टीम का गठन किया गया।पुलिस की टीम ने सांगा का खेड़ा गांव पहुंची जहाँ अवैध बजरी परिवहन करते हुए 2 ट्रैक्टर मय ट्रॉली को पकड़ा। पुलिस पूछताछ में ट्रैक्टर चालक के पास कोई वैद्य दस्तावेज नही थे जिसके बाद पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर पुलिस थाने खड़ा करवाया और माइनिंग विभाग को सूचित किया। थाना इंचार्ज नरेन्द्र सिंह ने बताया कि थाना सर्कल में अवैध बजरी खनन व अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।



पिंकसिटी प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव के नतीजे घोषित

# मुकेश मीणा तीसरी बार प्रेस क्लब के अध्यक्ष निर्वाचित

## वहीं मुकेश चौधरी पांचवी बार महासचिव निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** पिंकसिटी प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी 2024-25 के लिए मुकेश मीणा अध्यक्ष और मुकेश चौधरी महासचिव निर्वाचित हुए है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिल शेखावत ने बताया कि अध्यक्ष पद पर मुकेश मीणा को 410, रूपेश टिंकर को 189, अभय जोशी को 163, डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ को 138 और अमरदीप शर्मा को 101 मत मिले है। महासचिव पद पर मुकेश चौधरी को 295, राजकुमार शर्मा जकड़ी 287, योगेन्द्र शर्मा पंचौली को 210, और रामेन्द्र सोलंकी को 187 मत मिले है। उपाध्यक्ष के दो पदों पर डॉ. मोनिका शर्मा और परमेश्वर प्रसाद शर्मा निर्वाचित घोषित किए गए है। इस पद पर डॉ. मोनिका शर्मा को 520 और परमेश्वर प्रसाद शर्मा को 448 मत मिले है। उन्होनें बताया कि कोषाध्यक्ष पद पर विकास शर्मा ने 302 मत प्राप्त कर सफलता हासिल की है। इस पद पर अनिल त्रिवेदी को 299, नमोनारायण शर्मा को 234 और देवेन्द्र सिंह को 138 मत मिले है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी शेखावत ने बताया कि कार्यकारिणी के दस पदों पर मणिमाला शर्मा, ओमवीर भार्गव, दिनेश कुमार सैनी, दीपक सैनी, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, अनिता शर्मा, निखलेश शर्मा, शालिनी श्रीवास्तव, उमंग माथुर, विकास आर्य निर्वाचित घोषित किए गए है।

# श्री कृष्ण महिला छात्रावास में राजस्थान स्थापना व नवसंवत्सर दिवस मनाया



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बा स्थित श्री कृष्ण महिला छात्रावास में रविवार को 76 वाँ राजस्थान स्थापना दिवस एवं भारतीय नवसंवत्सर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष गिरधारी लाल यादव गुरूजी के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यादव समाज जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव पूर्व गिरदावर एवं समाज वरिष्ठ रामकरण खोला द्वारा अध्यक्षता की गई। विशिष्ट अतिथि समाज अध्यक्ष रामावतार यादव, पूर्व अध्यक्ष गिरधारी लाल यादव, ऑडिटर राजेन्द्र यादव, प्रवक्ता रामकरण यादव, बस्तीराम यादव, अमीचंद डाबड़, प्रकाश यादव, रामसिंह यादव रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना कर की गई। इस मौके पर अतिथियों का माल्यार्पण व राजस्थानी पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया गया।

प्रवक्ता रामकरण यादव द्वारा छात्रावास में अध्ययनरत सभी 52 छात्राओं को अपनी तरफ से ट्रैक सूट मय शूज मौजे देने की घोषणा की। साथ ही जरूरतमंद छात्राओं की बेहतर शिक्षा में मदद कोष में 21 हजार रुपये सत्यनारायण यादव कांसली, 21 हजार रुपये डॉ. एस. एम. यादव, 11-11 हजार रुपये ऑडिटर राजेन्द्र यादव जगदीशपुरा, रामकरण खोला, अमीचंद डाबड़ द्वारा सहयोग स्वरूप दिये गये। वक्ताओं द्वारा वीरों की धरती राजस्थान के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक समृद्धि और वैभव की जानकारी तथा भारतीय नवसंवत्सर विक्रम संवत की महत्ता का वर्णन करते हुये प्रेरणात्मक प्रोत्साहन दिया तथा बेहतरीन तरीके से पढ़ाई कर अच्छा मुकाम हांसिल करते हुये समाज और देश के प्रति एक सभ्य व सुसंस्कृत नागरिक बन राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने की बात कही।

इस दौरान वार्डन सुमन यादव, पुष्पा यादव, हनुमान बाबूजी, गुलजारी लाल यादव, सुरेश यादव, शीशराम यादव समेत समाज प्रबुद्धजन एवं छात्रायें मौजूद रही।

# राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के अंतर्गत निवेश उत्सव का आयोजन

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे 3 लाख करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट्स की ग्राउंड ब्रेकिंग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के उपलक्ष्य में राज्य सरकार प्रदेशभर में साप्ताहिक महोत्सव आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में 31 मार्च (सोमवार) को राजस्थान दिवस पर जयपुर में निवेश उत्सव का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा इस आयोजन में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत लगभग 3 लाख करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट्स की ग्राउंड ब्रेकिंग की सौगात देंगे।



**लॉजिस्टिक, डेटा सेन्टर एवं टेक्सटाइल और अपैरल पॉलिसी का होगा विमोचन**—श्री शर्मा उद्योग एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए लॉजिस्टिक, डेटा सेन्टर एवं टेक्सटाइल और अपैरल पॉलिसी का भी विमोचन करेंगे। साथ ही, राइजिंग राजस्थान के निवेश प्रस्तावों की मॉनिटरिंग हेतु मोबाइल ऐप का शुभारंभ, निवेशकों को भू-आवंटन पत्र वितरण, राइजिंग राजस्थान के न्यूज लेटर का विमोचन एवं राजस्थान फाउंडेशन के नए चैप्टर्स की शुरूआत के दिशा-निर्देश भी जारी करेंगे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 12 मार्च, 2025 को राजस्थान विधानसभा में वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा का प्रत्युत्तर देते हुए हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर भारतीय रीति-नीति से राजस्थान दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी। जिसके तहत 25 से 31 मार्च तक राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं।

# प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाये जाने के फैसले से जिले के साधु संतों में हर्ष

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** भजनलाल सरकार ने प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया है। प्रदेश भर के साधु संतों ने इसे राजस्थान के सांस्कृतिक उत्थान की दिशा में एक सुंदर विचार माना है। प्रदेश की सनातन परम्परा से जुड़े साधु-संतों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा लिए गए इस निर्णय की प्रशंसा की है। उन्होंने इसे सनातन संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में एक प्रभावी कदम बताया है। इस निर्णय की प्रशंसा करते हुये महंत कर्मनाथ महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाये जाने का जो फैसला लिया है यह एक उत्तम पहल है, इसमें सभी साधु संत उनके साथ हैं। पुजारी श्रवण कुमार ने कहा कि यह मुख्यमंत्री का बहुत अच्छा फैसला है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा यानि हिंदू नववर्ष को राजस्थान दिवस मनाये जाने का फैसला बहुत सुंदर विचार है।

# सीएसटी की कार्रवाई: सस्ते दामों में खरीद कर महंगे दामों में शराब की सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने सांगानेर थाना इलाके में अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वाले एक तस्कर को पकडा है और उसके पास से 44 पेटी अवैध शराब (जिसमें 40 पेटी देशी शराब,4 पेटी बीयर) सहित एक परिवहन में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपी शराब तस्कर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुन्दन कंवारिया ने बताया कि सीएसटी ने सांगानेर थाना इलाके में अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वाले अनिल सांसी (26) निवासी सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 44 पेटी अवैध शराब (जिसमें 40 पेटी देशी शराब,4 पेटी बीयर) सहित एक परिवहन में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन जब्त किया है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ मे सामने आया कि आरोपी अवैध शराब को सस्ते दामों में खरीद कर गोदाम में स्टॉक करता है और फिर स्टॉक से निकाल कर शराब को जयपुर शहर में महंगे दामों में सप्लाई करता है। आरोपित से अवैध शराब की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने पकडा 30.900 किलोग्राम अवैध गांजा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) राजस्थान ने जयपुर ग्रामीण जिले के कालाडेरा इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करते हुए एक आरोपी तस्कर को पकडा है और उसके पास से 30.900 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा भी जब्त किया है। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुन्देल ने बताया कि मादक पदार्थ विरोधी अभियान जारी रखते हुए केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) जयपुर सेल के अधिकारियों ने जयपुर ग्रामीण जिले के कालाडेरा इलाके के जालसू पंचायत समिति के कच्चे रास्ते से एक व्यक्ति को पकड़ कर उसके पास से 30.900 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है। टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति गांव जालसू थाना कालाडेरा में तस्करी की गई गांजा की डिलीवरी लेने जा रहा है। इस सूचना पर सीबीएन जयपुर सेल के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और आरोपित व्यक्ति तथा इस सौदे में शामिल अन्य लोगों को पकड़ने के लिए भेजा गया। इसके बाद पंचायत समिति गांव जालसू के पास सुनसान कच्चे रास्ते पर एक व्यक्ति को प्लास्टिक की थैली के साथ पकड़ा गया और उसका दूसरा साथी भाग गया। वहीं आरोपित व्यक्ति ने अपने पास 30 भूरे रंग के टेप लगे पैकेटों में छिपाकर रखा गया। जिसे चेक करने पर 30.900 किलोग्राम अवैध गांजा मिली। टीम ने अवैध गांजा को एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत जब्त कर आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया ।

# हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में घुमंतू समाज की बस्ती में शुरू हुआ आपणी पाठशाला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन भारत 2047 के तहत विकसित भारत अवधारणा को मजबूत करने के लिए व्यवस्थित भारत की श्रृंखला में रविवार को जयपुर शहर की घुमंतू समाज की बस्ती में चतुर्थ आपणी पाठशाला का शुभारंभ जाने-माने उद्योगपति समाज सेवक अजय अग्रवाल ने मुख्य आतिथि के रूप् में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑल कोचिंग इंस्टिट्यूट महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसी शर्मा, अंबेडकर विचार मंच से जुड़े प्रमुख समाजसेवी सीएम चंदोलिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कच्ची बस्ती के बच्चों के लिए कच्ची बस्ती में ही कच्चे रूप में निर्मित आपणी पाठशाला के शुभारंभ के अवसर पर बोलते हुए अजय अग्रवाल ने बताया कि आज प्रधानमंत्री मोदी तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकसित भारत की ओर आगे बढ़ रहा है। लेकिन इस समय हमें उन क्षेत्रों में कार्य करना जरूरी है, जिसे पूर्ववर्ती सरकारों ने छोड़ दिए हैं । भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष तथा घुमंतू समाज हित में कार्य करने वाले अग्रणी समाज सेवकों में शामिल अनीष कुमार नाडार ने बताया कि घुमंतू समाज भारतीय परंपरा में राष्ट्र धर्म को निभाने वाले महान योद्धाओं में शामिल



रहे हैं । अब जब हम हमारी संस्कृति और परंपरा को पुन जीवित कर रहे हैं । ऐसे में यह जरूरी हो गया है कि हमारी आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले घुमंतू समाज की बस्तियों में भी विकास का उजाला पहुंचे और और उनके बच्चों को भी शिक्षा से जोड़ा जाए। क्योंकि अधिकतर कच्ची बस्तियों में मजदूर लोग निवास करते हैं । जो बच्चों को स्कूल में छोड़ने और लाने की व्यवस्था नहीं रख पाते हैं और ना ही उनके पास शिक्षित करने के लिए पर्याप्त संसाधन ही होते हैं। ऐसे में उनके बच्चे अशिक्षित ही बस्ती में अपना समय व्यतीत करते रहते हैं । इस समय को अगर सदुपयोग करते हुए राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए और शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए इस्तेमाल किया जाए तो कच्ची बस्ती में रहने वाले होनहार बच्चों में से भी वैज्ञानिक इस और आईपीएस बन सकते हैं और हम ही इस संभावना को चरितार्थ करने के लिए ही कच्ची बस्तियों में ही कच्ची झोपड़ियां के रूप में अआपणी पाठशाला की यह श्रृंखला आगे बढ़ा रहे हैं। पाठशाला में शिक्षा तथा बच्चों में चरित्र के निर्माण कार्य में कंपटीशन कोचिंग क्लासेस पूर्ण रूप से सहयोग कर रहा है। इस सहयोग के लिए कंपटीशन कोचिंग के संचालक तथा उनके स्टाफ का भी इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय अग्रवाल ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर व बैनर का पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने किया विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा( जयपुर )।** जय फूले माली विकास जन सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह के पोस्टर व बैनर का पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने निवास स्थान जयपुर में विमोचन किया।

समिति अध्यक्ष साधुराम सैनी व सचिव एडवोकेट मुकेश कुमार सैनी ने बताया कि 30 अप्रैल 2025 को त्रिवेणी धाम सैनी धर्मशाला में चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें 15 जोड़ों का पंजीयन किया जा चुका है और सम्मेलन को लेकर अब तक तीन बार युवक युवति परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा चुका है कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विवाह समिति द्वारा अलग-अलग कमेठी गठित कर गांव गांव प्रचार प्रसार किया जा रहा है।इस दौरान प्रभु दयाल भंडारी, जय नारायण सैनी आमेर, राजस्थान प्रदेश माली महासभा के संगठन महामंत्री भवानी शंकर माली, संरक्षक संतोष सैनी डीजल चोमू, तहसील अध्यक्ष रामनारायण सैनी, मुख्य संयोजक बिरदी चंद सैनी, प्रचार मंत्री राधेश्याम सैनी, बाबूलाल सैनी नवलपुरा, छाजूलाल सैनी अमृतसर आदि समाज बंधु मौजूद रहे।

# दुपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## गिरोह के तीन बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

**जयपुर, ( का.स. )।** मालवीय नगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है और गिरोह के तीन बदमाशों को धर-दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक चोरी का दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया कि मालवीय नगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले गजेन्द्र जांगिड़ निवासी सांगानेर सहित उसके दो अन्य साथी हंसराज बैरवा और माधवेन्द्र सैन को भी पकड़ा है और दोनो ही आरोपी मालपुरा गेट जयपुर के रहने वाले है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।



# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चैत्र नवरात्र स्थापना पर पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मुख्यमंत्री निवास में विधिवत पूजा-अर्चना कर घट स्थापना की तथा राज राजेश्वरी मंदिर में सपरिवार मां दुर्गा की आराधना की।

शर्मा ने मां दुर्गा से प्रदेशवासियों के स्वस्थ, सुखी एवं समृद्ध जीवन की प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# युवती ने इमोशनल ब्लैकमेल कर युवक से ऐंठ लिए 39 हजार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** करधनी थाना इलाके में स्नेपचेट से दोस्ती कर युवती ने इमोशनल ब्लैकमेल कर एक युवक से 39 हजार रुपए ऐंठ लिए। इसके बाद हनी ट्रेप में फंसाने की धमकी देकर पीड़ित युवक से ब्लैकमेलर युवती रुपयों की डिमांड करने लगी। पीड़ित युवक ने ब्लैकमेलर युवती के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। एसआई चमन लाल ने बताया कि कालवाड़ रोड झोटवाड़ा निवासी युवक ने मामला दर्ज करवाया कि कुछ समय पहले स्नेप चेट के जरिए उसकी मुलाकात एक युवती से हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों में दोस्ती होने पर मोबाइल नंबर एक्सचेंज कर लिए। आरोप है कि कुछ समय अच्छे से बातचीत होती रही। उसके बाद अपनी मम्मी की मौत होना बताकर रुपयों की जरूरत बताई। इमोशनल ब्लैकमेल कर विश्वास में लेकर टुकड़ों में 39 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। रुपए वापस मांगने पर दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी दी।

## सम्पादकीय

# भारत के सशक्त स्वास्थ्य मोर्चे का दुनिया ने लोहा माना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वस्थ भारत मिशन' के तहत देश भर में चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं से देश में व्यापक पैमाने पर बदलाव ही नहीं, बल्कि आमूल-चूल परिवर्तन आया है। यह बात हम नहीं कह रहे, बल्कि पूरी दुनिया इस योजना का लोहा मान रही है। संयुक्त राष्ट्र ने भारत में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के तहत शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की तारीफ की है। इतना ही नहीं यूएन ने प्रधानमंत्री मोदी की आयुष्मान भारत योजना को भी शानदार, अनूठी एवं प्रेरक बताया है। एक कार्यक्रम के दौरान विश्व निकाय ने 'आयुष्मान भारत' जैसी स्वास्थ्य पहलों का उदाहरण देते हुए शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में भारत के प्रयासों और प्रगति की सराहना की तथा इसे 'अनुकरणीय' बताया। मोदी सरकार के ऐसे कामों एवं उपलब्धियों की आलोचना करने वालों को प्रशंसा भी करनी चाहिए, क्योंकि अच्छे काम के लिए प्रशंसा सरकारों को मूल्यवान महसूस कराती हैं और उन्हें अपने काम के प्रति अधिक वफ़ादार एवं जिम्मेदार बनाती हैं। अनेक शोध के अनुसार, जो देश एवं प्रांत अपनी सरकारों की उल्लेखनीय उपलब्धियों को मान्यता देते हैं, उनकी उत्पादकता और प्रदर्शन में अधिक वृद्धि देखी जाती है और दुनिया इसकी प्रशंसा करती है। प्रशंसा और आभार व्यक्त करने से समुदाय की भावना, जिम्मेदारी और राष्ट्र के लिये कुछ अधिक सशक्त करने का एक कारण मिलता है। ऐसे कारणों से नया भारत, विकसित भारत एवं सशक्त भारत का निर्माण होता है। मोदी सरकार अनेक क्षेत्रों में अनूठा एवं विलक्षण करते हुए देश से न केवल गरीबी का कलंक मिटाया है बल्कि अनेक समस्याओं से मुक्ति भी दिलायी है। स्वास्थ्य मोर्चे पर भारत की उपलब्धियों आश्चर्यकारी रही है, कोरोना-काल में भारत ने दुनिया को स्वास्थ्य-सहायता पहुंचायी है। वर्ष 2000 के बाद भारत में नौनिहालों का जीवन बचाने की सार्थक एवं प्रभावी मुहिम छेड़ी है, जो एक बड़ी छलांग एवं उपलब्धि है। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी के इस आकलन से मोदी सरकार अपनी पीठ थपथपा सकती है कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की रिपोर्ट में उन योजनाओं और कार्यक्रमों का उल्लेख किया गया है, जिनके चलते शिशुओं की मृत्युदर कम करने में सफलता मिली है। इसका अर्थ है कि बीते कुछ समय में स्वास्थ्य सेवाओं और ढांचे को बेहतर करने के लिए वास्तव में कई उल्लेखनीय कदम उठाए गए हैं। इनमें आयुष्मान भारत योजना भी है। इसका उल्लेख भी संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने विशेष रूप से किया है। यह स्वास्थ्य संबंधी विश्व की सबसे बड़ी योजना है। यह निर्धन परिवारों के लिए वरदान सिद्ध हुई है। आश्चर्य नहीं कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि भारत ने रणनीतिक निवेश के माध्यम लाखों लोगों के जीवन को बचाने का काम किया है। आयुष्मान भारत योजना की उपयोगिता को देखकर ही हाल में 70 वर्ष की आयु के सभी बुजुर्गों को इस योजना के दायरे में लाया गया है। इसने दिखाया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, साक्ष्य-आधारित रणनीतियों और निरंतर निवेश से शिशु मृत्यु दर में ही नहीं, बल्कि अन्य स्वास्थ्य चुनौतियों में पर्याप्त कमी लाई जा सकती है। संयुक्त राष्ट्र अंतर-एजेंसी समूह की बाल मृत्युदर आकलन रिपोर्ट में भारत, नेपाल, सेनेगल, घाना व बुरुंडी का उदाहरण दिया गया। वर्ष 2000 से भारत ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्युदर में 70 व नवजात शिशुओं की मृत्युदर में 61 प्रतिशत की कमी हासिल की है। स्वास्थ्य कवरेज बढ़ाने, सशक्त स्वास्थ्य नीतियों एवं योजनाओं से मौजूदा स्थिति को सुधारने के लिए किए गए उपायों के कारण ऐसा संभव हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हर गर्भवती महिला मुफ्त प्रसव की हकदार है और शिशु देखभाल संस्थानों में मुफ्त परिवहन, दवाएं, निदान और आहार इसमें सहायता प्रदान करती है। भारत ने प्रसूति प्रतीक्षा गृहों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य विंग, बीमार नवजात की देखभाल, मातृ देखभाल और जन्म दोष जांच के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। भारत ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए दाइयों व कुशल प्रसव सहायकों के प्रशिक्षण और तैनाती को भी प्राथमिकता दी है।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 31 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 2007 में आज ही के दिन विश्व तैराकी चैंपियनशिप में माइकल फ़ेल्प्स ने छह गोल्ड मेडल हासिल किए थे।
- 2005 में 31 मार्च के दिन ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने उत्तर कोरिया को अनाज की आपूर्ति रोकी थी।
- 1997 में आज ही के दिन नया नाटो सैनिक कमांडर नियुक्त किया गया था।
- 1979 में 31 मार्च के दिन ही माल्टा ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता की घोषणा की थी।
- 1966 में आज ही के दिन सोवियत रूस ने पहला चंद्रयान लूना10 लांच किया था।
- 1964 में 31 मार्च के दिन ही बंबई में इलेक्ट्रिक ट्राम आखिरी बार चली थी।
- 1959 में आज ही के दिन बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को तिब्बत से निर्वासन के बाद भारत में शरण दी गई थी।
- 1921 में 31 मार्च के दिन ही रॉयल ऑस?ट्रेलिया एयरफोर्स की स?थापना हुई थी।
- 1917 में आज ही के दिन अमेरिका ने डेनिश वेस्ट इंडीज खरीदा और उसका नाम वर्जिन आइलैंड रखा था।
- 1889 में 31 मार्च के दिन ही फ्रांस में एफिल टावर को ऑफिशियली खोल दिया गया था।
- 1870 में आज ही के दिन अमेरिका में पहली बार किसी अश्वेत नागरिक ने वोट दिया था।
- 1867 में 31 मार्च के दिन ही मुंबई में प्रार्थना समाज की स्थापना हुई थी।
- 1774 में आज ही के दिन भारत में डाक सेवा का पहला कार्यालय खुला था।

### 30 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1987 में आज ही के दिन भारतीय ग्रैंडमास्टर शतरंज कोनेरू हंपी का जन्म हुआ था।
- 1945 में 31 मार्च के दिन ही प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ पहली महिला लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार का जन्म हुआ था।
- 1938 में आज ही के दिन भारत की प्रसिद्ध महिला राजनीतिज्ञ और दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं शीला दीक्षित का जन्म हुआ था।
- 1934 में 31 मार्च के दिन ही अंग्रेजी और मलयालम की प्रसिद्ध लेखिका कमला दास का जन्म हुआ था।
- 1922 में आज ही के दिन अमेरिकी अभिनेता और गायक रिचर्ड काइली का जन्म हुआ था।
- 1860 में 31 मार्च के दिन ही हिंदी के उत्कृष्ट लेखकों में से एक रमा शंकर व्यास का जन्म हुआ था।
- 1865 में आज ही के दिन भारत की प्रथम महिला डॉक्टर आनंदी गोपाल जोशी का जन्म हुआ था।

# राजस्थान का प्रमुख लोकोत्सव है गणगौर पर्व



– रमेश सर्राफ धमोरा

**गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुवारी सभी आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है।**

सिगणगौर एक प्रमुख त्याहार हैं। यह मुख्य रूप से राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र में मनाया जाता है। गणगौर दो शब्दों गण और गौर से बना है। इसमें गण का अर्थ भगवान शिव और गौर का अर्थ माता पार्वती से है। इस दिन अविवाहित कन्याएं और विवाहित स्त्रियां भगवान शिव, माता पार्वती की पूजा करती हैं। साथ ही उपवास रखती हैं। कई क्षेत्रों में भगवान शिव को ईसर जी और देवी पार्वती को गौरा माता के रूप में पूजा जाता है। गौरा जी को गवरजा जी के नाम से भी जाना जाता है। धर्मग्रंथों के अनुसार श्रद्धाभाव से इस व्रत का पालन करने से अविवाहित कन्याओं को इच्छित वर की प्राप्ति होती है और विवाहित स्त्रियों के पति को दीर्घायु और आरोग्य की प्राप्ति होती है।

राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने में एक विरासत को संजोए हुए हैं। राजस्थान को देव भूमि कहा जाय तो गलत नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। यहाँ के शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी देवी देवताओं के उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। समय के प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है।

राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती है उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है।

कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है। गणगौर व्रत गौरी तृतीया चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि को किया जाता है। इस व्रत का राजस्थान में बड़ा महत्व है। कहते हैं इसी व्रत के दिन देवी पार्वती ने अपनी उंगली से रक्त निकालकर महिलाओं को सुहाग बांटा था। इसलिए महिलाएं इस दिन गणगौर की पूजा करती हैं। कामदेव मदन की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगचार व रस्में की जाती है। होलिका दहन के दूसरे दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होली दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर एक काजल व एक रोली की टिकी लगाती हैं। शीतलाष्टमी तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। लड़कियां प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुये गीत गाती हैं-

गौर ये गणगोर माता खोल किवाड़ी, छोरी खड़ी है तन पूजण वाली। गीत गाने के बाद लड़कियां गणगौर की कहानी सुनती है। दोपहर को गणगौर के भोग लगाया जाता है तथा कुए से लाकर पानी पिलाया जाता है। लड़कियां कुए से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैं-

**म्हारी गौर तिसाई ओ राज घाट्यारी मुकुट करो,**
**बीरमदासजी रो ईसर ओराज, घाटी री मुकुट करो,**
**म्हारी गौरल न थोड़ो पानी पावो जी राज घाटीरी मुकुट करो।**

लड़कियां गीतों में गणगौर के प्यासी होने पर काफी चिन्तित लगती है एवं गणगौर को जल्दी से पानी पिलाना चाहती है। पानी पिलाने के बाद गणगौर को गेहूं चने से बनी घूघरी का प्रसाद लगाकर सबको बांटा जाता है और लड़कियां गीत गाती हैं-

**म्हारा बाबाजी के माण्डी गणगौर,**
**दादसरा जी के माण्ड्यो रंगरो झूमकड़ो,**
**ल्यायोजी - ल्यायो ननद बाई का बीर, ल्यायो हजारी ढोला झुमकड़ो।**

रात को गणगौर की आरती की जाती है तथा लड़कियां नाचती हुई गाती हैं। गणगौर पूजन के मध्य आने वाले एक रविवार को लड़कियां उपवास करती हैं। प्रतिदिन शाम को क्रमवार हर लडकी के घर गणगौर ले जायी जाती है। जहां गणगौर का ''बिन्दौरा'' निकाला जाता है तथा घर के पुरुष लड़कियों को भेंट देते हैं। लड़कियां खुशी से झूमती हुई गाती हैं-

ईसरजी तो पेंचो बांध गोराबाई पेच संवार ओ राज म्हे ईसर थारी सालीछां।

गणगौर विसर्जन के पहले दिन गणगौर का सिंजारा किया जाता है। लड़कियां मेहन्दी रचाती हैं। नये कपड़े पहनती हैं, घर में पकवान बनाये जाते हैं। सत्रहवें दिन लड़कियां नदी, तालाब, कुए, बावड़ी में ईसर गणगौर को विसर्जित कर विदाई देती हुई दुःखी हो जाती हैं-

गोरल ये तू आवड़ देख बावड़ देख तन बाई रोवा याद कर।

गणगौर की विदाई का बाद कई महिनो तक त्यौहार नहीं आते इसलिए कहा गया है-''तीज त्यौहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर''।

# भूकंप के लिए अनियोजित मानवीय गतिविधियां भी हैं जिम्मेदार



– सुनील कुमार महला

**28 मार्च का दिन म्यांमार और थाइलैंड के लिए एक बहुत ही बुरा दिन था। इस दिन यहां आए जोरदार व शक्तिशाली भूकंप ने दोनों देशों को बुरी तरह से हिलाकर रख दिया है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार रिक्टर स्केल पर 7.7 की तीव्रता वाले इस भूकंप ने म्यांमार के सागाइंग क्षेत्र से लेकर थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक तक भारी तबाही मचाई। इसके बाद आए 7.0 तीव्रता के एक और झटके ने स्थिति को और भी अधिक भयावह बना दिया। गौरतलब है कि भूकंप के झटके म्यांमार के अलावा थाईलैंड, बांग्लादेश, भारत, वियतनाम और चीन तक महसूस किए गए।**

पाठकों को बताता चलूं कि यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई है, जिससे कई इलाकों में दहशत, डर और खौफ का माहौल बन गया और इसका केंद्र राजधानी नेपीडॉ के पास बताया जा रहा है। वहीं शुक्रवार को आए भूकंप से मरने वालों की संख्या शनिवार को 1644 हो गई है। वहीं यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने आशंका जताई है कि भूकंप में मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। पाठकों को बताता चलूं कि भारत ने म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद मानवीय सहायता के लिए 'ऑपरेशन ब्रह्मा' शुरू किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सतपुड़ा और आईएनएस सावित्री ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत 40 टन रिलीफ सामग्री लेकर म्यांमार के यांगून बंदरगाह भेजे गए हैं। इसके अलावा 118 सदस्यीय फील्ड हॉस्पिटल यूनिट आगरा से मांडले के लिए रवाना हो चुकी है। भारत की 80 सदस्यीय एनडीआरएफ रेस्क्यू टीम के साथ सी130 विमान म्यांमार की राजधानी नेपीदा पहुंच चुका है। भारत ने इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। भूकंप से हजारों लोग घायल बताए जा रहे हैं, वहीं अनेक लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।अभी संख्या में इजाफा हो सकता है, क्यों कि मलबे के नीचे और अधिक लोग दबे हो सकते हैं। उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर जाने से 10 लोगों की मौत हुई है। बैंकॉक शहर के अधिकारियों के अनुसार उन्हें अब तक 2,000 से ज्यादा इमारतों के नुकसान की रिपोर्ट मिली है। जियोलॉजिस्ट्स(भूगर्भवेत्ताओं) के मुताबिक यह देश में 200 साल में आया सबसे बड़ा भूकंप है। भूकंप के झटके इतने शक्तिशाली थे कि केंद्र से सैंकड़ों किमी दूर बैंकॉक के कई इमारतें नष्ट हो गईं। यहां तक कि भारत के मणिपुर तक भूकंप का असर हुआ है। जानकारी के अनुसार यहां के नोनी जिले में शनिवार को दोपहर 2-31 बजे 3.8 तीव्रता का भूकंप जमीन में 10 किलोमीटर की गहराई में था। हालांकि, भूकंप में किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।हालांकि, म्यांमार में राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी हैं, लेकिन हर तरफ मलबे के ढेर, टूटी सड़कें, और ढहती इमारतों का भयानक मंजर फैला हुआ है। अस्पतालों में खून की भारी किल्लत की खबरें सामने आ रही हैं, जिससे जिंदगी बचाने की जंग और मुश्किल हो गई है। भूकंप के कारण मरीजों को सड़कों पर लाकर इलाज करना पड़ा, यह दर्शाता है कि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा का मानव के पास कोई तोड़ नहीं है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि म्यांमार भूकंप के लिहाज से सबसे अधिक सक्रिय क्षेत्रों में से एक है। वास्तव में,ग्लोबल सीस्मिक रिस्क मैप पर म्यांमार रेड जोन में है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार म्यांमार में धरती की सतह के नीचे की चट्टानों में एक बहुत बड़ी दरार मौजूद है, जो देश के कई हिस्सों से होकर गुजरती है। यह दरार म्यांमार के सैगोंग शहर के पास से गुजरती है इसलिए इसका नाम सैगोंग फॉल्ट पड़ा।

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान

**नमस्कार साथियों शख्सियत कॉलम में हमारे आज के सुपरस्टार है इस समय एडिशनल डीजी राजस्थान पुलिस एटीएस और एसओजी।**

आजकल अपराधियों के हौसले ढीले कर रखे हैं 27 मार्च सन 1972 को बिहार में जन्मे विजय कुमार सिंह एक बेहतरीन ,दमदार व शानदार पुलिस ऑफिसर के रूप में जाने जाते हैं। एमटेक( ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियरिंग ) और बीटेक (ऑनर्स सिविल इंजीनियरिंग) में करने के बाद सिविल सर्विसेज में आए और राजस्थान में आईपीएस बन असिस्टेंट सुप्रीम ट्रेड ऑफ पुलिस भरतपुर लगे। कमांडेंट रहे आठवीं बटालियन आरएसी नई दिल्ली । सबसे पहले जयपुर एसपी लगे ट्रैफिक में और ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतरीन किया। उसके बाद बांसवाड़ा पुलिस अधीक्षक ,राजसमंद पुलिस अधीक्षक, जयपुर ईस्ट पुलिस अधीक्षक ,भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक सीआईडी ए टीएस जयपुर पुलिस अधीक्षक, इसके बाद एडीसी गर्वनर राजस्थान जयपुर, एसपी हेड ब्रांच सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन धनबाद, एसपी हेड ऑफ़ द ब्रांच पटना ,एसपी हेड ऑफ़ द ब्रांच सेंट्रल ब्यूरो का इन्वेस्टिगेशन पटना। इंस्पेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस एंटी करप्शन ब्यूरो जयपुर, इंस्पेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस जयपुर रेंज जयपुर, इंस्पेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस रूल्स जयपुर इंस्पेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस सीआईडी(सीबी) ,जयपुर। एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस ट्रैफिक राजस्थान, एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस साइबर क्राइम एंड टेक्निकल सर्विसेज, एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस टेक्निकल सर्विस स्टेज टेलीकम्युनिकेशन टेक्निकल राजस्थान पुलिस जयपुर रहे और इस समय एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस एटीएस और एसओजी के पद को सुशोभित कर रहे हैं अभी आप देख ही रहे हैं इस समय एसओजी ने फर्जी परीक्षा कांड और फर्जी भर्ती पर नकेल करते हुए बदमाशों को और समाजकंटकों को उनकी सही जगह पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। पूरी राजस्थान पुलिस को ऐसे शानदार अफसर के अधीनस्थ कार्य करने का जज्बा है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम ऐसे शानदार अफसर को सलूट करती है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



श्री विजय कुमार सिंह ( एडीशनल डीजी एटीएस और एसओजी

रूपक शर्मा

## 2025_085 a बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 4 | | | 1 | | |
| 4 | 1 | | 3 | 8 | | 5 | | 9 |
| 7 | | 2 | | 9 | | | | |
| 2 | | | 8 | | 6 | 7 | 9 | |
| 6 | | | 2 | | 7 | | | 5 |
| | 7 | | | 4 | 3 | 6 | | 2 |
| 3 | | | 7 | 2 | | | | |
| 8 | | | 1 | 6 | | 3 | | |
| 1 | 9 | 7 | | | 4 | 2 | | 8 |

Ans_2025_084

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 6 | 2 | 3 | 9 | 8 | 4 |
| 2 | 9 | 6 | 4 | 8 | 5 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 | 6 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 1 | 3 | 4 | 2 | 5 | 7 |
| 3 | 2 | 5 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 | 1 |
| 4 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 7 | 8 | 4 | 1 | 3 | 6 | 2 |
| 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज माता के स्वास्थ्य के विषय में चिंता बनी रहेगी। स्थायी संपत्ति के काम आज टालें। नकारात्मक विचारों से दूर रहें। दोपहर के बाद आप के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

**वृष**
नए काम आज शुरू ना करें। आज बहुत सोच-विचार में रहने वाले हैं। इससे मनोबल में कमी आएगी। मित्रों से आप को विशेष लाभ होगा। व्यापार में भी लाभ होगा, लेकिन दोपहर के बाद इमोशनल रहेंगे। मन किसी बात की चिंता में रहेगा।

**मिथुन**
नकारात्मक विचारों से मन में किसी बात की चिंता हो सकती है। आज समय पर भोजन नहीं मिलेगा। कुछ अधिक ही भावुकता का अनुभव होगा। घर का वातावरण उग्र रहेगा। जमीन आदि के काम में लापरवाही से नुकसान हो सकता है।

**कर्क**
सरकारी काम से लाभ होगा। गृहस्थ जीवन में मधुरता रहेगी। दोपहर के बाद मित्रों से लाभ होगा। दिनभर वैचारिक स्तर पर अनिश्चितता का वातावरण रह सकता है। आवश्यक निर्णय दोपहर के बाद ना लें। आज आप के स्वभाव में उग्रता रहेगी।

**सिंह**
साहित्य और कला में रुचि रखने वालों के लिए आज का दिन शुभ है। दोपहर के बाद घर में शांतिपूर्ण वातावरण बना रहेगा। विरोधियों से आज वाद-विवाद हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों की अधिकारी से बहस हो सकती है।

**कन्या**
चिंता से मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। वाणी में संयम बनाए रखें। खर्च बहुत ज्यादा होगा। व्यापार में आज आपकी प्रतिभा की बहुत प्रशंसा होगी। स्थायी संपत्ति के मामलों के लिए समय अच्छा है। आज बीमारी पर खर्च अधिक होगा।

**तुला**
आपकी रचनात्मकता में आज वृद्धि होगी। आज आप किसी धार्मिक काम में व्यस्त रहेंगे। आज का दिन सुख-शांतिपूर्वक गुजरेगा। भाइयों के साथ रखे मेल-जोल से आपको लाभ होगा। मित्रों और स्वजनों से भी आज मुलाकात होगी।

**वृश्चिक**
पारिवारिक वातावरण में भी मेल-जोल रहेगा। खर्च अधिक न हो जाएं, इसका ध्यान रखें। विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से आपको लाभ हो सकता है। किसी बात की उलझन हो, तो आज उसे किसी भी तरह दूर करने का प्रयास करें।

**धनु**
शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मन की प्रसन्नता आपका आनंद बढ़ा देगी। आज आप दृढ़शक्ति के साथ सभी काम कर पाएंगे। घर के बड़ों से आप को लाभ होगा। मैरीड कपल के बीच प्यार ज्यादा रहेगा। आकस्मिक खर्च भी हो सकता है।

**मकर**
आज आप के लिए लाभ के कई अवसर मिलने वाले हैं। परिजनों का साथ मिलेगा। वाणी की सुंदर शैली से अपना काम आसानी से बना पाएंगे। पर्यटन का कार्यक्रम बन सकता है। दोस्तों के साथ निकटता का अनुभव करेंगे।

**कुंभ**
किसी के साथ उग्र चर्चा और झगड़े में न पड़ें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद न हो, इसका ध्यान रखें। आय से अधिक खर्च बढ़ सकता है। आप को पिता और बड़ों का साथ मिलेगा। इससे आप के मन पर चिंता का भार कम होगा।

**मीन**
साथ में स्वास्थ्य कुछ कमजोर भी रहेगा। व्यापार में विवाद होने की आशंका बनी रहेगी, परंतु दोपहर के बाद काम में कुछ सुधार होगा। कार्यक्षेत्र में आप का वर्चस्व बढ़ेगा। स्थायी संपत्ति के दस्तावेज के लिए समय अनुकूल है। पिता की ओर से लाभ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# रन फ़ॉर फिट राजस्थान दौड़ में दिखा प्रतिभागियों का उत्साह

## कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा ) ।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत रविवार को राजस्थान दिवस के अवसर पर रन फॉर फिट राजस्थान दौड़ का आयोजन रविवार को किया गया। रणथम्भौर सर्किल से रवाना हुई रन फ़ॉर फिट राजस्थान दौड़ में प्रतिभागी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कृषि मंत्री ने सभी को राजस्थान दिवस व नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिक से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। फिटनेस केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि हमारे जीवन की प्राथमिकता होनी चाहिए।'रन फॉर फिट राजस्थान' इसी संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं को कहा कि इसी ऊर्जा व उत्साह के साथ प्रतिदिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहते हुए आवश्यक रूप से व्यायाम को अपनी दिनचर्या का भाग मनाए। जिला खेल अधिकारी अब्दुल




वहीद ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से आयोजित रन फ़ॉर फिट राजस्थान दौड़ के पुरुष सीनियर वर्ग में विकास गुर्जर पहले, शिवराज गुर्जर दूसरे और बलराम चौधरी तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह महिला सीनियर वर्ग में नंदिनी शर्मा पहले, सीनू सिंह दूसरे स्थान पर रहीं। वहीं पुरुष जूनियर वर्ग नरेंद्र पहले, रोहन वर्मा दूसरे और प्रियदर्शन तीसरे स्थान पर रहे।रणथम्भौर सर्किल से रवाना होकर दौड़ शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए सर्किट हाउस पहुंची।समापन स्थल पर सभी प्रतिभागियों को अल्पाहार करावाकर स्वागत किया गया।

सभी प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले महिला, पुरूष व बालक-बालिका वर्ग के विजेता खिलाड़ियों को सांयकाल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारितोषिक प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर संजय शर्मा , जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह व अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण व कर्मचारी, नेहरू युवा केंद्र ,पुलिसकर्मी, स्काउट गाइड, विद्यार्थियों सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी मौजूद रहे। यातायात पुलिस द्वारा रैली संचालन के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं की गई।




# 'बढ़ता राजस्थान' ने कार्यवाहक सभापति को दिलाई ईद की याद

## भूल सुधार कर लगाया ईद का भी बोर्ड

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** कार्यवाहक सभापति मेघा वर्मा की ओर से शहर में नव संवत्सर, गणगौर व रामनवमी की शुभकामनाओं के लगाए गए बोर्ड के बाद भूल सुधार कर ईद का भी बोर्ड लगा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि कार्यवाहक सभापति द्वारा लगाए बोर्ड में ईद मुबारक नहीं होने पर ' बढ़ता राजस्थान' ने रविवार को समाचार प्रकाशित कर ध्यान आकर्षित किया था, जिस पर नगर परिषद हरकत में आई और भूल सुधार किया, जिस पर मुस्लिम वर्ग ने कार्यवाहक सभापति का आभार व्यक्त किया है।


कार्यवाहक सभापति भूली ईद
भूल सुधार कर लेंगे : मेघा

# नव संवत्सर पर मंदिरों में उमड़ी भीड़, मांगी खुशहाली की दुआ



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर नव संवत्सर का स्वागत पूरे उत्साह से हुआ। कस्बे और ग्रामीण इलाकों में लोगों ने अपने-अपने तरीके से नए साल का जश्न मनाया। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। लोगों ने भगवान की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। घरों के बाहर रंगोली बनाकर लोगों ने नव वर्ष का स्वागत किया। कई परिवारों ने तीर्थ स्थलों पर जाकर दर्शन किए। मंदिरों में सत्संग और भजन कार्यक्रम हुए। युवाओं ने पर्यटन स्थलों पर जाकर नए साल के पहले दिन का आनंद लिया।रविवार को घरों में परिजनों का आशीर्वाद लिया गया। दूर रहने वाले रिश्तेदारों ने फोन पर शुभकामनाएं दीं। मंदिरों में दिनभर भक्तों की आवाजाही बनी रही। सभी ने प्रभु से नए साल में शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनी रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रेडियो एवं टीवी पर मन की बात के संस्कारण का 120वें ऐपिसोड का प्रसारण हुआ। इस ऐपिसोड का भाजपा शहर मंडल कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनकर इसका जीवन में उतारने का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन, एडवोकेट अभिषेक पाराशर, नजरूद्धीन , कृष्णगोपाल तेजी, कन्हैयालाल शर्मा, पार्षद बाबूलाल नावरिया सहित अन्य कई भाजपा कार्यकर्ता मौजुद रहे।

# 'निवेश उत्सव और राइजिंग राजस्थान इम्पैक्ट 1.0' का आयोजन आज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान दिवस समारोह 2025 के अवसर पर निवेश उत्सव और राइजिंग राजस्थान इम्पैक्ट 1.0 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 31 मार्च 2025, सोमवार को सुबह 11.15 बजे राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, रामसिंहपुरा, सवाईमाधोपुर में होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक विकास सुग्रीव मीना ने बताया कि कार्यक्रम जिला प्रशासन, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र और रीको, सवाई माधोपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा । यह आयोजन राजस्थान में निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के प्रमुख उद्योगपतियों एवं एम.ओ.यू हस्ताक्षरित करने वाले उद्योगपतियों , निवेशकों के साथ वार्ता भी होगी, ताकि निवेश की संभावनाओं को और मजबूत किया जा सके।

# गणगौर माता का जुलुस आज व कल

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** नगरपालिका मालपुरा के तत्वावधान में सोमवार व मंगलवार को गणगोर माता की सवारी का जुलुस निकाला जाएगा। अतिक्ति प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने बताया कि अधिशासी अधिकारी अमित कुमार चोधरी के निर्देशानुसार व पुराने समय से चली आ रही परम्परा के अनुसार सोमवार व मंगलवार को शाम के समय पुरानी तहसील स्थित श्री चारभुजानाथ के मन्दिर से गणगोर माता की सवारी का जुलुस रवाना होगा। यह जुलुस शहर के सभी मुख्य बाजारो से होकर ट्रक स्टेण्ड होते हुए गणगौरी मैला मैदान पहुचेगा।

# नया वर्ष खुशहाली लेकर आए : कन्हैयालाल चौधरी माता व मोतीगिरी जी महाराज से लिया आर्शिवाद

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने भारतीय नववर्ष की शुभबेला पर क्षेत्र की जनता के नाम जारी अपने संदेश में भगवान से यही कामना की है कि नववर्ष खुशहाली लेकर आए।

भारतीय नववर्ष के पावन मौके पर जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने अपनी ओर जारी संदेश में बताया कि नया सवाल क्षेत्र व समूचे प्रदेश के लिए श्रेष्ठ रहे, खुशहाली लेकर आए और क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं रहे। चौधरी ने बताया कि उनकी यही कामना ओर प्रयास है कि मालपुरा विधानसभा क्षेत्र व समूचे प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सभी दृष्टि से श्रेष्ठ एवं विकास में अग्रसर रहकर अग्रणी रहे। भारतीय नववर्ष के मौके पर जलदाय मंत्री कन्हैयालाल



चौधरी अपनी धर्मपत्नी राधा चौधरी के साथ अपनी जन्मदाता माँ के पास पहुंच कर चरणो में नमन कर आर्शिवाद प्राप्त किया। साथ ही क्षेत्र की जनता से मिलकर नए वर्ष शुभकामनाऐं दी और आम जन से शुभकामनाऐं स्वीकार भी की। इसके पश्चात जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी क्षेत्र के टोरड़ी गांव स्थित पंचकुण्डा स्थित मुक्तेश्वर महादेव मन्दिर पहुंच कर मोतीगिरी जी महाराज के दर्शन कर क्षेत्र व प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना की। इस मोके पर मोजुद श्रद्धालुओं ने चौधरी की अगवानी कर स्वागत सम्मान किया।

# उत्साह उमंग व परम्परा के साथ मनाया भारतीय नववर्ष




बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। मालपुरा सम्पूर्ण उपखण्ड क्षैत्र में भारतीय नववर्ष पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। रविवार को सूर्योदय को तोपो की सलामी दी गई। साथ ही मन्दिरो में धण्टीयां बजाई गई। वहीं भारतीय नववर्ष आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियो सहित शहर के प्रबुद्धजन प्रमुख चोराहो पर मौजुद रहकर नववर्ष की बधाईयां दी गई। साथ ही मुख्य चौराहो पर रंगोलिया सजाई गई। घरो पर भगवा ध्वज लहराए गए। इधर भारत विकास परिषद शाखा मालपुरा द्वारा परिषद के जल मन्दिर पर भगवान श्री राम का पूजन किया गया। परिषद के सभी सदस्य मौजुद रहकर हर आने जाने वाले राहगीरो व कस्बावासियो को नववर्ष की शुभकामनाऐं दी गई। इस अवसर पर परिषद सरंक्षक एडवोकेट राजकुमार जैन, अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा, नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्ञानचन्द जैन, संयोजक शशिकांत पाठक, अरविन्द टेलर, प्रवक्ता दिनेश विजय, सचिव ताराकान्त पाठक, सुनील परतानी, त्रिलोक विजय, महावीर सुराशाही, वैद्य कृष्णगोपाल शर्मा, नन्दकिशोर लक्षकार, सोमदत्त शर्मा, निर्मल जैन, अशोक साहू सहित अन्य कई सदस्य मौजुद रहे। इसी क्रम में देर शाम सुभाष सर्किल पर 1100 दीपको से आरती कर सामूहिक सुन्दरकांड पठन हुआ। नववर्ष के कार्यक्रमो में भाग लेने वाले शहरवासियो के लिए सुभाष सर्किल पर आकर्षक सेल्फी पाइन्ट भी बनाया गया। जिसका शहरवासियो ने भरपूर उपयोग किया।

# महर्षि गौतम जयंती मनाई, शहर में निकाली भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** निवाई में श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज विकास समिति द्वारा रविवार को महर्षि गौतम जयंती पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। अध्यक्ष जगमोहन गौतम ने जानकारी देते बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महर्षि गौतम जयंती के उपलक्ष पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। विशाल शोभायात्रा मे महर्षि गौतम ऋषि का रथ सजाया गया। महर्षि गौतम ऋषि की विद्वान पंडितो द्वारा विधिवत्त पूजा अर्चना की गई। नवयुवक मंडल अध्यक्ष रविंद्र शर्मा केकड़ी ने बताया कि विशाल शोभायात्रा मां कंकाली माता मंदिर से गाजे बाजे के साथ रवाना हुई। विशाल शोभा यात्रा गणगौरी बाजार, खारी कुई, सर्राफा बाजार, बिलाला मार्केट, पुरानी सब्जी मंडी, बड़ा बाजार, अहिंसा सर्किल, चिंताहरण गणेश मंदिर, सब्जी मंडी, खाटू श्याम मंदिर होता हुआ 80 फीट पर स्थित गौतम आश्रम पर पहुंचा। जहां पर समाज के लोगों द्वारा महा आरती का आयोजन किया। जुलूस का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान महर्षि गौतम ऋषि की लोगों द्वारा जगह-जगह महा आरती की गई। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग नाचते गाते चल रहे थे। इस दौरान पूरा शहर महर्षि गौतम ऋषि के जयकारों से गूंज उठा।

समाज के लोगों द्वारा जगह-जगह शीतल पेय, अल्पाहार की व्यवस्था की गई। शोभा यात्रा के दौरान महिलाएं मंगल गीत गाते चल रही थी। जगह-जगह सर्व समाज के लोगों द्वारा भी शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान राजेंद्र शर्मा, रमाकांत शर्मा, परमेंद्र शर्मा, हरीश गौतम, राजेश भट्ट, ओमप्रकाश बड़ी, विकास गौतम, रोहित गौतम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# हिंदू नवसंवत्सर पर भाजपाइयो ने हम्मीर सर्किल पर तिलक लगाकर किया आमजन का अभिनन्दन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** हिंदू नवसंवत्सर एवं चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओ ने हम्मीर सर्किल पर तिलक लगाकर आमजन का स्वागत किया । जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि नवसंवत्सर के अवसर पर जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के निर्देशन पर सभी भाजपा पदाधिकारी प्रातःकाल एकत्रित होकर हम्मीर सर्किल पहुंचे जहां उन्होंने आगंतुकों को तिलक लगाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी, कार्यक्रम में राज्य के कैबिनेट मंत्री एवं विधायक डॉ किरोडीलाल मीणा भी उपस्थित रहे, उनको भी भाजपा पदाधिकारियों ने तिलक लगाया और नववर्ष की शुभकामनाएं दी । इस दौरान हम्मीर सर्किल पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेशचंद जैन, डॉ भरतलाल मथुरिया, जिला महामंत्री हरिओम गर्ग, जिला



उपाध्यक्ष बलबीर सिंह राजावत, मीरा सैनी, जिला मंत्री हरफूल मरमट, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष बनवारी जाट, पूर्व सभापति विमला शर्मा, पार्षद नीरज अकेला, लालचंद गौतम, मुकेश शर्मा, प्रणव गौतम, राजू दाधीच, मोहनलाल कौशिक, हरिशंकर सुवालका आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## राजस्थान स्थापना दिवस

# वीरता एवं शौर्य की गाथाएं राजस्थान की संस्कृति और समृद्धि का प्रतीक

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** राजस्थान की संस्कृति समृद्ध और विविधतापूर्ण है। यह राज्य राजाओं की वीरता एवं शौर्य की गाथाएं कहता हैं। जहां परंपरा और संस्कृति साथ-साथ चलती है। यहां की संस्कृति परंपराओं, रीति-रिवाजों और मान्यताओं का एक समृद्ध ताना-बाना है। यहां रंग-बिरंगे त्यौहारों से लेकर स्वादिष्ट भोजन तक, देखने के लिए बहुत कुछ है। राजस्थान का लोक संगीत और नृत्य अधिकतर लोक परंपराओं पर आधारित है। साथ ही, जीवंत और गतिशील बनाए रखता है। संगीत अक्सर ढोलक, अलगोजा, शहनाई और सारंगी जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ बजाया जाता है। सबसे लोकप्रिय लोक नृत्य हैं घूमर नृत्य, जो महिलाएं करती हैं, और कालबेलिया नृत्य, जो कालबेलिया समुदाय द्वारा किया जाता है। राजस्थानी



संस्कृति अपनी पारंपरिक कला और शिल्प के लिए भी बहुत प्रसिद्ध है। राजस्थान की सबसे लोकप्रिय कला और शिल्प में ब्लॉक प्रिंटिंग, टाई और डाई, संगमरमर जड़ना कार्य और लघु चित्रकला शामिल हैं। राजस्थान रंग-बिरंगी संस्कृति के लिए विश्व विख्यात है। इसलिए इसे रंगीला राजस्थान भी कहा गया है। ऊँट उत्सव भारत के सबसे प्रसिद्ध आयोजनों में से एक है और राजस्थानी संस्कृति का एक अभिन्न अंग है। हर साल, ऊँट मालिक और व्यापारी पूरे राज्य से अन्य ऊँट मालिकों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए आते हैं। यह पुष्कर, बीकानेर, जैसलमेर और अन्य क्षेत्रों में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। ऊँट दौड़ से लेकर सौंदर्य प्रतियोगिता तक, इस अनोखे आयोजन में हर किसी के लिए कुछ न कुछ होता है। राजस्थान की स्थापत्य एवं वास्तुकला विरासत बेहद प्राचीन एवं ऐतिहासिक है। यह राज्य भारत के सबसे प्रभावशाली किलों और महलों का घर है, जिन्हें राजपूत शासकों ने बनवाया था जिन्होंने कभी इस क्षेत्र पर शासन किया था। यहां की इमारतों पर जटिल डिजाइन और सुंदर नक्काशी राजस्थानी कारीगरों के कौशल की गवाही देती हैं। राजस्थान में कुछ प्रतिष्ठित वास्तुशिल्प विरासतों में हवामहल, सिटी पैलेस, आमेर का किला, जयगढ़ का किला, जलमहल, मेहरानगढ़ का किला, सुनहरी कोठी, उम्मेद भवन महल, दिलवाड़ा मंदिर, नाकोड़ा जैन मंदिर आदि हैं। राजस्थान अपने तीखे स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए जाना जाता है। दाल बाटी चूरमा, घेवर, कचौरी, जलेबी, बाजरा एवं मक्का की रोटी, राबड़ी, छाछ, फिणी जैसे स्वादिष्ट व्यंजन कुछ सबसे प्रसिद्ध व्यंजन है। राजस्थानी व्यंजन देशी घी, दही एवं रायता के साथ परोसे जाते है। राजस्थान आकर्षक वेशभूषा का भी घर है। यह राज्य अपने रंग-बिरंगे हाथ से बुने कपड़ों के लिए प्रसिद्ध है, जिनका इस्तेमाल कई तरह के पारंपरिक परिधान बनाने में किया जाता है। राजस्थानी महिलाएं और पुरुष अपने जटिल कढ़ाई के काम के लिए प्रसिद्ध है। महिलाएं ओढ़नी एवं पुरुष पगड़ी या साफा, कुर्ता और धोती पहनते हैं। राजस्थानी भाषा सम्मान का प्रतीक है। यह अपनी जड़ों और अपनी मूल जगह को दिखाने का एक तरीका है। यह राज्य मारवाड़ी, मालवी, जयपुरी, मेवाती, ढूंढारी जैसी विभिन्न बोलियों का एक बड़ा मिश्रण है। निश्चित रूप से राजस्थान का गौरवमय इतिहास महान परम्पराओं और वीरता का प्रतीक है।

दैनिक बढ़ता राजस्थान




# रन फॉर राजस्थान से हुई राजस्थान दिवस उत्सव की शुरूआत

## स्कूल छात्र-छात्राओं ने लिया रन फॉर राजस्थान दौड़ में भाग

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल /तिजारा,( मुकेश शर्मा )।** राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत रविवार को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल में रन फॉर राजस्थान दौड़ के साथ राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों का आगाज हुआ। रन फॉर राजस्थान दौड़ को जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने हरी झंडी दिखाकर शुरू किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि यह दौड़ केवल एक खेल गतिविधि नहीं, बल्कि हमारे प्रदेश की एकता, उत्साह और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देना है, बल्कि राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और परंपरा को भी जीवंत रखना है। हमारा प्रदेश साहस, शौर्य और स्वाभिमान की भूमि है। इस दौड़ के माध्यम से सभी को संदेश मिलेगा, कि स्वस्थ शरीर और मजबूत संकल्प से हम हर चुनौती का सामना कर सकते हैं। दौड़ में जिले के विद्यालयों और महाविद्यालय के विद्यार्थियों के छात्र-छात्राओं ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। दौड़ का रूट राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैदान से शुरू होकर अंबेडकर सर्किल से होते हुए नगर परिषद , वापस पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल मैदान में समाप्त की गई। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, आरएएस राकेश रावत, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, जिला खेल अधिकारी अंजना शर्मा, उप जिला शिक्षा अधिकारी (शारीरिक शिक्षा) हरवीर भड़ाना, नगर परिषद कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# नेताप्रतिपक्ष जूली ने की जनसुनवाई, लोगों से कहा पर्ची वाली सरकार जनता की नहीं ले रही सुध



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली बोले भारतीय जनता पार्टी के राज में प्रदेशवासी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे है। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली के रिमोट कंट्रोल से चलने वाली प्रदेश की पर्ची वाली सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर आमजन को मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित कर रही है। नेता प्रतिपक्ष जूली रविवार को मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई कर रहे थे। जूली बोले प्रदेश के विद्यार्थी से लेकर बुजुर्ग,महिला और दिव्यांग सभी वर्ग सरकार की उपेक्षाओं के कारण अपने हितों के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को ना तो पेंशन समय पर मिल रही है ना ही छात्रवृत्ति समय पर मिल रही है ऐसे में आमजन को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान की जनता को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षाएं प्रदान करते हुए उनको अपने पैरों पर खड़ा होने का काम किया लेकिन पर्ची वाली सरकार में जैसे सरकार बैसाखी पर चल रही है वैसे ही जनता के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा में सरकार के मंत्री जनहित के मुद्दों पर जवाब देने में नाकामयाब साबित हो रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया ही जनता के हितों पर कुठाराघात करने से गुरेज नहीं कर रहे, ऐसे में अब प्रदेशवासियों को वापस से गहलोत राज की याद आ रही है।

**नेता प्रतिपक्ष जूली ने राजस्थान दिवस पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं :** जूली ने राजस्थान दिवस की सभी प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वीरों की भूमि, भक्ति की भूमि, ऐतिहासिक भूमि, अतिथि देवो को चरितार्थ करने वाली ऐसी मिट्टी और प्रेम और भाईचारा का प्रतीक हमारा राजस्थान है। जूली ने हिन्दू नववर्ष पर सभी आगन्तुकों का रोली चावल का तिलक लगा कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

# भारत विकास परिषद् अलवर शाखा के सदस्यों ने रोली चावल का तिलक लगा कर नववर्ष की शुभकामनाये दी

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** परिषद् अध्यक्ष सुरेश कुमार गोयल ने बताया कि रविवार , भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं विक्रम संवत् 2082 अलवर शहर के विभिन्न 8 स्थानो पर स्वामी विवेकानंद स्मारक, काला कुआं हॉस्पिटल , विवेकानंद चौक - अशोका सिनेमा, बुद्ध विहार, विजय नगर पी.एन.बी. मोड़, अग्रसेन सर्किल, मंडी मोड़, अपना घर शालीमार, भवानी तोप चौराहे, स्कीम नंबर दो लाजपत नगर पर सदस्यों द्वारा समूह बना कर प्रात: 8.30 बजे से आगंतुकों का कुमकुम तिलक, चावल, पुष्पवर्षा कर व मिश्री प्रसाद देकर अभिवादन स्वागत किया गया सभी सदस्यों ने अपने अपने समूह में पहुँच कर उल्लास एवं उत्साह से बढ चढ कर आगन्तुक का स्वागत किया एवं आगंतुकों ने भी हर्षोल्लास से नव वर्ष का स्वागत किया । कम्पनी बाग के अंदरभी स्काउट एण्ड गाइड फ़ेलोशिप ऑफिस के बहार गिरीश गुप्ता ने आमजन को कुमकुम तिलक, चावल लगाकर पुष्प वर्षा एवं मिश्री का प्रसाद देकर शुभकामनाये प्रेषित करी । संरक्षक डॉ. के. के. गुप्ता ने बताया कि आज ही के दिन सायं 6.30 बजे दीपदान का आयोजन नगली सर्किल पर किया गया जिसमे शाखा के सभी सदस्य महिला एवं पुरुषों ने दीप प्रज्ज्वलित कर उल्लास से नववर्ष मनाया तथा आमजन को भी भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं विक्रम संवत् 2082 की शुभकामनाये प्रेषित करी । शाखा की वरिष्ठ सदस्य डॉ. कुमकुम कपूर ने बताया कि अलवर शहर के विभिन्न 8 स्थानो पर सदस्यों द्वारा समूह बना कर प्रात: 8.30 बजे से आमजन को बधाई प्रेषित कर रहे थे - स्वामी विवेकानंद स्मारक पर अनिल गर्ग - संयोजक , राम चन्द्र अग्रवाल - संयोजक , आलोक जैन , डा0 वी के अग्रवाल, सी ऐ जितेन्द्र अग्रवाल , चन्द्र प्रकाश गुप्ता , दिनेश गोयल , डा. कुम कुम कपूर , डा. जयंत थरेजा, डॉ के के गुप्ता , ई पी के शर्मा , ई सुभाष जोशी , पंकज कुमार गोयल, रमण देवड़ा, सुनील भरतिया , सुरेश कुमार गोयल , सुरेश मेठी , उमाशंकर गुप्ता , विनोद अरोड़ा, - रमन सोनी- संयोजक , रमेश चन्द्र अग्रवाल - संयोजक, अशोक मित्तल, दिनेश गोयल , हरीश जसोरिया , जीतेन्द्र खुराना , आदि ने अपनी सेवाये प्रदान करी । शाखा सचिव राधेश्याम ने बताया कि शाखा की ओर से नववर्ष की पूर्व संध्या से ही तीनों स्थानो( स्मारक, स्वामी विवेकानन्द चौक एव भवन) पर सुंदर रोशनी की व्यवस्था की गई ।

# विश्व आयुर्वेद परिषद स्थापना दिवस एवं भारतीय नववर्ष उत्सव के उपलक्ष में बीकानेर राजस्थान में हुआ अग्नि कर्म विद्ध कर्म कार्यशाला का आयोजन

## स्वास्थ्य संरक्षण एवं स्थाई रोगोपचार हेतु आयुर्वेद के प्रतिदिन आमजन का बढ़ रहा आकर्षण - प्राचार्य महेश दीक्षित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** विश्व आयुर्वेद परिषद चिकित्सक प्रकोष्ठ जोधपुर प्रांत की ओर से वेटनरी विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय अग्निकर्म-विद्धकर्म दो दिवसीय कार्यशाला के अंतिम वहीं पुणे से पधारे विशेषज्ञ डॉ. अमोल उत्तम बानसोडे ने विद्धकर्म की सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रतिभागियों को दिए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान के क्षेत्रीय सह संपर्क प्रमुख श्री योगेन्द्र ,श्री ओम प्रकाश पुलिस महानिरीक्षक पुलिस रेंज, प्राचार्य मदन मोहन मालवीय आयुर्वेद महाविद्यालय उदयपुर प्रोफेसर महेश दीक्षित, विश्व आयुर्वेद परिषद शिक्षक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. किशोरी लाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा, प्रदेश महासचिव डॉ विनोद गौतम, प्रदेश प्रभारी चिकित्सक प्रकोष्ठ डॉ. पवन सिंह शेखावत, आयोजन सचिव डॉ रिडमल सिंह राठौड़ ने भगवान धनवंतरी प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्वलन कर समापन समारोह की शुरुआत की। कार्यक्रम का संचालन परिषद संपर्क प्रमुख डॉ महेश इंद्रा ने किया। संगठन महासचिव डॉ विनोद गौतम ने कार्यक्रम वृत प्रस्तुत किया, डॉ किशोरी लाल शर्मा ने संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। प्रोफेसर महेश दीक्षित ने आयुर्वेद के क्षेत्र में चुनौती एवं अवसर विषय पर अपना व्याख्यान दिया। राजस्थान के क्षेत्रीय सह संपर्क प्रमुख योगेन्द्र जी नवसंवत्सर का आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से महत्व की जानकारी दी। पुलिस महानिरीक्षक ओम प्रकाश ने कहा आयुर्वेद उपयोगी , प्रभावी , प्रामाणिक चिकित्सा पद्धति है, इसके प्रचार प्रसार की व्यापक आवश्यकता है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ राकेश शर्मा ने चिकित्सक प्रकोष्ठ के विभिन्न जिलों की विभिन्न दायित्व की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में आयोजन सचिव डॉ रिडमल सिंह राठौड़ ने कार्यक्रम आयोजन में सहभागी प्रदेश कार्यकारणी, चिकित्सक प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों, जिला कार्यकारणी बीकानेर के सभी सदस्यों, प्रत्यक्ष , अप्रत्यक्ष सहयोगियों, मीडिया सहयोगियों का हार्दिक आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में विभिन्न जटिल बीमारियों माइग्रेन, साइटिका, सर्वाइकल, स्लिप डिस्क, आर्थराइटिस, फ्रोजन शॉल्डर, रिट्रो केल्केनियल बर्साइटिस, कॉर्न, वार्ट्स, साइनुसाइटिस, अस्थमा इनफर्टिलिटी, पीसीओडी, एलोपेसिया, सेरिब्रल पाल्सी, आइबीएस, अल्सर, रीनल केल्कुलस से पीड़ित रोगियों का लाइव विद्धकर्म चिकित्सा से उपचार किया एवं रोगियों को तुरंत लाभ प्रदान किया।

# शिक्षक दिनेश सैनी की अभिनव पहल से- सरकारी स्कूल के बच्चों को मिल रहा है आईसीटी के माध्यम से प्रभावी शिक्षण



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ला में बच्चों को गतिविधि आधारित शिक्षण के साथ-साथ,आईसीटी आधारित भी शिक्षण मिल रहा है। राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक दिनेश कुमार सैनी ने बताया कि विद्यालय में भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा एक कंप्यूटर दिया गया है। कंप्यूटर के माध्यम से बच्चों को अनेक विषय वस्तु के बारे में आसानी से समझाया जा सकता है। कंप्यूटर पर बच्चों को श्रव्य दृश्य माध्यम से स्मार्ट शिक्षा भी दी जा रही है। शिक्षक दिनेश कुमार सैनी के द्वारा अनेक गतिविधि आधारित शिक्षण से संबंधित वीडियो तैयार की गई हैं। इन्होने विद्यालय का दिनेश हिंदी बालगीत के नाम से एक यूट्यूब चैनल भी बना रखा हैं जिसके एक लाख बारह हजार से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। इस चैनल पर इनके द्वारा 970 से ज्यादा वीडियो तैयार करके डाली हैं।इनके वीडियो का लाभ पुरे देश के बच्चें ले रहे हैं। इन सभी वीडियो को अभी तक तीन करोड़ पचास लाख से भी अधिक बार देखा गया हैं। इनके द्वारा विद्यालय में शिक्षण से सम्बंधित वीडियो बच्चों को दिखाकर चर्चा की जाती हैं। विद्यालय में कराए जा रहे हैं आईसीटी आधारित शिक्षण का लाभ सभी बच्चे ले रहे हैं। विद्यालय स्टॉफ का सहयोग लगातार मिलता रहता हैं।

# पदमप्रभु जैन औषधालय में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर लगाया

## एनकोलॉजिस्ट डॉ.सुखबीर तंवर ने केन्सर से बचाव की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** रविवार को श्री पदमप्रभु जैन औषधालय मेहताब सिंह का नोहरा अलवर में नि:शुल्क मेगा आयुर्वेद चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया । शिविर का शुभारंभ औषद्यालय के मंत्री संजय कुमार जैन ने मंगलाचरण के द्वारा किया । श्री दिगंबर जैन महासमिति (महिला प्रकोष्ठ) की अध्यक्षा श्रीमती सरला जैन एवं समिति की पदाधिकारी डॉ. ऊषा जैन ,सविता जैन ,रेखा जैन ,नीता जैन, कमलेश जैन ,आशा जैन एवं समाज के अध्यक्षों द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया । अध्यक्ष विमल कुमार जैन ने बताया कि शिविर के विशिष्ट अतिथि ट्रैफिक इंचार्ज मुकेश कुमार ,श्रीमती सरला जैन ,डॉक्टर सुखबीर तंवर , अग्रवाल समाज के मंत्री कैलाश चंद जैन ,खंडेलवाल समाज के प्रतिनिधि चंदन जैन ,पल्लीवाल समाज के उपाध्यक्ष श्री हरिश्चंद्र जैन , बड़तला समाज के अध्यक्ष राजेंद्र जैन , अ.भा.पल्लीवल महासभा अलवर के अध्यक्ष विजेंद्र जैन,विकास जैन एवं अजय जैन थे ।

शिविर में 158 मरीजों का उपचार किया गया एवं 80 मरीजों की डॉक्टर लाल पैथ लैब्स के माध्यम से कोलेस्ट्रॉल ,कैल्शियम ,यूरिक एसिड, हीमोग्लोबिन ,शुगर की निशुल्क जांच की गई । ,10 मरीजों को अग्निकर्म एवं 15 मरीजों पंचकर्म भी किया गया शिविर में आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर धर्मेंद्र यादव ,डॉक्टर मुकेश प्रजापत , डॉक्टर अभिलाषा शर्मा एवं डॉक्टर अनिल जैन ने सेवाएं दी । शिविर में डॉक्टर सुखबीर तंवर (कैंसर रोग विशेषज्ञ) ने कैंसर रोग के कारण उपचार एवं बचाव पर उपयोगी जानकारी दी तथा डॉ मुकेश प्रजापत ने कैंसर रोग पर आयुर्वेद की उपयोगिता पर व्याख्यान दिया । शिविर में रविंद्र जैन , नरेंद्र जैन ,राजेश जैन, सुरेंद्र जैन ,सुधांशु जैन ,महेंद्र जैन, सुनील जैन ,मनोज जैन, राहुल जैन, पार्श्व जैन, हरिओम जैन ,मुकेश जैन,अरुण जैन,पंकज जैन, नेमीचंद जैन,भरत गुप्ता,वंदना जैन ,गुणमाला जैन , श्रीमती धीरज जैन , इत्यादि विशिष्ट जन उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष विमल कुमार जैन ने किया एवं शिविर का आयोजन डॉ. अनिल जैन के निर्देशन में किया गया।

# आर्य समाज के स्थापना दिवस पर यज्ञ का आयोजन हुआ

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** आर्य समाज मंदिर राजगढ़ में रविवार को आर्य समाज का स्थापना दिवस एवं नव संवत्सर का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व यूआईटी अध्यक्ष प्रदीप आर्य एवं शिवकुमार कौशिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया ने की। आचार्य पंडित विनोद लाल दीक्षित ने वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ हवन का आयोजन किया। उन्होंने आर्य समाज के सिद्धांतों, नवरात्र पर्व एवं नव संवत्सर पर महत्वपूर्ण जानकारी सभी के समक्ष साझा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व यूआईटी चेयरमैन प्रदीप आर्य ने वेदों की महिमा एवं आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती के मार्ग पर चलने का उपस्थित जनों से आग्रह किया। पंडित शिवकुमार कौशिक ने यज्ञ के महत्व को वर्णित किया एवं बताया कि यज्ञ वातावरण को शुद्ध करने एवं नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर सकारात्मक ऊर्जा प्रवेश का द्वार है। आचार्य पंडित विनोदीलाल दीक्षित ने यज्ञ हवन और गायत्री मंत्र का महत्व वर्णित किया एवं दैनिक यज्ञ से होने वाले लाभ और पर्यावरण शुद्ध पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में लायंस क्लब के प्रांतीय अध्यक्ष खेम सिंह आर्य एवं रमा आर्य मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे आर्य समाज के स्थापना दिवस पर नए ध्वज का आरोहण किया गया। इस अवसर पर आर्य समाज के वरिष्ठ धर्म सिंह आर्य मेघसिंह आर्य, गिर्राज प्रजापत,वीरेंद्र दाधीच ,मदन लाल शर्मा,प्रदीप महावर, रमेश चंद,दुष्यंत आर्य,अजय यादव, प्रदीप शर्मा ,गौरव कसेरा, राहुल दीक्षित,प्रकाश दीक्षित, एनएल वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# तिजारा डीएसपी के अथक प्रयासों से इनामी गौ तस्कर अख्तर गिरफ्तार, योगी आर्मी संगठन ने किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**तिजारा/अलवर।** तिजारा पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) शिवराज सिंह शेखावत के कुशल नेतृत्व और अथक प्रयासों के चलते राजस्थान के एक इनामी गौ तस्कर अख्तर येको गिरफ्तार किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई की सराहना करते हुए योगी आर्मी संगठन के सदस्यों ने तिजारा डीएसपी कार्यालय पहुंचकर शिवराज सिंह शेखावत का सम्मान किया। योगी आर्मी संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि डीएसपी शेखावत की तत्परता और प्रभावी रणनीति के कारण क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर लगाम लग रही है। संगठन के सदस्यों ने पुलिस प्रशासन की इस सफलता को गौ रक्षा के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया और आशा जताई कि भविष्य में भी इसी तरह कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कठोर कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान संगठन के प्रमुख सदस्यों ने डीएसपी शेखावत को *सम्मान-पत्र और शॉल भेंट कर उनका अभिनंदन किया*। उन्होंने पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का संकल्प भी लिया। गौरतलब है कि राजस्थान में गौ तस्करी की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन सख्त कार्रवाई कर रहा है और इस गिरफ्तारी को एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# रोटरी क्लब भिवाड़ी का कृत्रिम हाथ पैर प्रत्यारोपण शिविर 113 हुये लाभान्वित



बढ़ता राजस्थान

भिवाड़ी (मुकेश शर्मा)। रोटरी क्लब ऑफ़ भिवाड़ी द्वारा चल रहे दो दिवसीय निशुल्क कृत्रिम हाथ एवं पैर प्रत्यारोपण शिविर का आज समापन हुआ , रोटरी के स्वम से पहले सेवा इसी भाव के साथ इस कैम्प में 49 पैर, 27 हाथ, 10 पैरों पर कैलीपर, बैसाखी-17, 10 ट्राइसाइकिल्स ज़रूरत मंद लोगो को निशुल्क उपलब्ध करायी गई , भिवाड़ी, टपूकड़ा,पलवल,पटौदी और आस पास के कुल 113 लोग इस कैम्प से लाभान्वित हुए ,उन सभी के चेहरे की मुस्कुराहट ही कैम्प कैम्प की सफलता का प्रमाण है रोटरी अध्यक्ष नीरज झालानी ने बताया कि क्लब सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रही है और दिव्यांगों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास आगे जारी रहेंगे , सभी दिव्यांगजन भाई बहनों एवं उनके साथ आए परिजनों के लिए खाने, नास्ते एवं रात्रि में रुकने की व्यवस्था की गई।

# हिन्दू नववर्ष शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब, 51 हजार कलश धारण किए महिलाओं ने आयोजन को बना दिया ऐतिहासिक

## शोभायात्रा में महिलाएं व पुरुष केसरिया पगड़ी पहने हुए थे, डीजे की धुन पर नाचते-गाते चल रहे थे, युवा हाथों में केसरिया झंडियां लहराते चल रहे थे

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** सर्व हिन्दू समाज के आह्वान और हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति के तत्वावधान में रविवार को आयोजित हिन्दू नववर्ष शोभायात्रा एवं कलश यात्रा में उमड़े विशाल जनसमूह ने इसे भव्य और ऐतिहासिक बना दिया। दशहरा मैदान का रंगमंच खचाखच भर गया था। यही स्थिति समापन समारोह के दौरान श्रीनाथपुरम् स्टेडियम में भी रही। अपार संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद रहे। यहां तक कि बड़ी संख्या में लोगों को स्टेडियम के बाहर सड़कों पर खड़े होकर भी संतों की वाणी सुनते देखा गया। हिन्दू नवसंवत्सर का ऐसा भव्य स्वागत वर्षों तक याद रहेगा। इस आयोजन में विशेषकर मातृशक्ति की उत्साहजनक भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। कलश यात्रा में 51 हजार महिलाएं कलश धारण किए हुईं थीं।

शोभायात्रा दशहरा मैदान से शुरू होकर श्रीनाथपुरम् स्टेडियम तक निकाली गई। करीब 3 किलोमीटर लम्बी इस शोभायात्रा का



जगह-जगह विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने स्वागत किया।

**सिर पर केसरिया पगड़ी, हाथों में झंडिया :** शोभायात्रा में ज्यादातर महिलाएं व पुरुष सिर पर केसरिया पगड़ी पहने हुए थे। डीजे की धुन पर नाचते-गाते चल रहे थे। युवा हाथों में केसरिया झंडियां लहराते चल रहे थे।

**घोड़ों पर सवार होकर निकले अखाड़ों के उस्ताद :** शोभायात्रा में विभिन्न झांकियां भी शामिल रहीं। झाकियों के आगे अखाड़ों के उस्ताद घोड़ों पर सवार होकर निकले। जिलेभर से घोड़ों को लाया गया था। करीब 50 भजन मंडलिया अलग-अलग समूह में भजन-कीर्तन करते व नाचते-गाते चल रहीं थीं। शोभायात्रा में डीजे, बेंड, ढोल, लोक कलाकार, मंदिरों के प्रमुख और अखाड़ों के गुरु भी शामिल थे।

### महिलाएं अधिक होने से कम पड़ गए कलश

दशहरा मैदान में 51 हजार कलशों के वितरण के लक्ष्य से अधिक वितरण के बावजूद महिलाओं की संख्या अधिक होने से कलश कम पड़ गए, जिससे बड़ी संख्या में महिलाओं को निराशा हुई। शोभायात्रा में शामिल करीब एक लाख श्रद्धालुओं में महिलाओं की संख्या ही काफी अधिक रही। शोभायात्रा में कोटा शहर के सभी 12 नगरों की 500 से अधिक बस्तियों से मातृशक्ति एवं युवा शक्ति झांकियों और डीजे के साथ नाचते-थिरकते शामिल हुई। घोड़ों पर अखाड़ों के उस्ताद सवार थे। हजारों की संख्या में हिंदू शस्त्र वाहिनी के युवक सशस्त्र सम्मिलित हुए। श्रीनाथपुरम स्टेडियम में सम्पन्न हुई हिन्दू धर्म सभा में मंचस्थ रहे उत्तम स्वामीजी महाराज का स्वागत वाल्मीकि समाज के स्वामी रामप्रसाद जी महाराज का धर्मपत्नी शांता देवी सहित अभिनंदन किया गया। वहीं, साध्वी सत्यप्रिया गिरी दीदी का स्वागत घूमन्तु समाज के गड़रिया लोहार देवीलाल और उनकी पत्नी दूना बाई ने सपत्नी अभिनंदन किया। धर्मसभा के मुख्य वक्ता महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी जी महाराज ने कहा कि, कुम्भ का प्रतिबिम्ब आज कोटा में हिन्दू शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा में देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि, संपूर्ण विश्व ही सनातन है, 800 करोड़ विश्व के लोगों के डीएनए टेस्ट किया जाए तो वे सभी सनातनी ही निकलेंगे। 5 हजार साल पहले सभी के पुरखों के नाम राम- श्याम सहित सनातनी मिलेंगे। उन्होंने कहा पूरे विश्व को एक दिन सनातन की शरण में हीं आना पड़ेगा। स्वामीजी ने कहा कि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सनातन का संरक्षक है। मातृसंस्था है और प्रचारक राष्ट्र चिंतन में निरंतर रत रहने वाले संत हैं। हिन्दुत्व का जागरण संघ के अथक परिश्रम से ही हुआ है। उन्होंने कहा कि सनातन में ही यह शक्ति है कि वह आगे भी विश्व को समस्या से मुक्त करके सदाचरण का जीवन देने का सामर्थ्य रखती है।

# हाड़ोती खटीक समाज के त्रिवार्षिक चुनाव में रघुनंदन भलवाला फिर से संभागीय अध्यक्ष चुने गए

## होली मिलन समारोह में खेली फूलों की होली

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** खटीक समाज हाड़ोती क्षेत्र का होली मिलन समारोह रविवार को विनोबा भावे नगर स्थित छात्रावास पर आयोजित किया गया। इस दौरान महिला और पुरुषों ने फूलों की होली खेली। वहीं होली गीत और कृष्ण भक्ति के गीतों पर जमकर नृत्य किया। प्रवक्ता नरेन्द्र खींची ने बताया कि इस दौरान खटीक समाज के त्रिवर्षीय चुनाव भी सम्पन्न हुए। इसमें एक बार फिर से रघुनंदन भलवाला को सर्वसम्मति से सम्भागीय अध्यक्ष चुना गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रघुनंदन भलवाला ने कहा कि समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। इसके लिए संसाधनों की जो भी आवश्यकता होगी, उनकी पूर्ति के लिए लोगों तक जाएंगे। उन्होंने निर्माणाधीन खटीक समाज बालिका छात्रावास के लिए 5



लाख 51 हजार रुपए भेंट किए। वहीं समाज के प्रतीक चिह्न के रूप में झंडे को भी सर्वसम्मति से जारी किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में विशेष कार्य करने वाले समाज सेवियों, वरिष्ठजनों और राधा कृष्ण मंदिर समिति डीसीएम कोटा की कार्यकारिणी का साफा और माला पहनाकर सम्मान किया गया।

**कार्यक्रम में ये भी रहे मौजूद :** कार्यक्रम में युवा विकास समिति के संस्थापक अध्यक्ष रामावतार बागड़ी, फ्रूट मंडी के अध्यक्ष निरंजन मंडावत, संयोजक अजय बसवाल, पूर्व अध्यक्ष दिनेश खटीक, महामंत्री गिर्राज परिडवाल, युवा विकास समिति के संरक्षक दीपक खींची, एडवोकेट प्रेमशंकर नावर, पत्रकार ओम बागड़ी, कोषाध्यक्ष बाबूलाल भलवाला, डीसीएम राधा कृष्ण मंदिर समिति के अध्यक्ष छीतरलाल बघेरवाल, एमएल बेहवाल, बाबूलाल बसवाल, झालावाड़ से महेश भलवाला, राजेन्द्र नारायणिया, रमेश भलवाला, पूर्व संभागीय अध्यक्ष विशाल खींची, युवा विकास समिति के संयोजक भूपेंद्र सामरिया, गोपीलाल कराड़, पूर्व पार्षद नरेंद्र खींची, प्रभुलाल आर्य, राजेंद्र जोला, सुरेश बागड़ी, बृजेश खींची, बारां से मोहन आर्य, कालूलाल बारवाल, टोंक से नाथूलाल कराड, पत्रकार भारती मसाज, रमेश पहाड़िया, रमेश चंदेल, इंदौर से राजेश, महावीर प्रसाद सामरिया सहित अन्य समाजबंधु मौजूद रहे।

# हिन्दू नववर्ष पर निकाली भव्य शोभायात्रा केसरिया पताकाओ से सजाया नैनवां शहर को

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** हिन्दू नव वर्ष के मौके पर नैनवां शहर सहित देहात क्षेत्र में कई कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। रविवार को नैनवां शहर सहित देहात क्षेत्र में नववर्ष हर्षोल्लास से मनाया गया। सभी प्रमुख मंदिरो पर विशेष साज सज्जा की गई। लोगो अपने अपने घरो में कलश की स्थापाना की गई। शहर में हिंदू नव वर्ष पर भव्य कलश यात्रा का हुआ आयोजन हुआ। गोपेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में धर्म सभा का आयोजन हुआ। जिसमें समाजसेवी व आरएसएस के सह जिला कार्यवाहक छीतर लाल नागर ने संबोधित किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष अरविंद अटल सोनी नाथू लाल निर्मल, मंचासिन रहे। जिसके पश्चात शोभायात्र व कलश यात्रा गोपेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई। जो भगत सिंह सर्किल गढ़पोल दरवाजा, दीपक मेडिकल, मुख्य बाजार होते हुए गढ़चैक में आशापाला माताजी मंदिर पहुॅची जहां आरती के पश्चात



शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा एंव कलश यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इस दौरान समिति के संयोजक अरविंद अटल सोनी,सह संयोजक केसर लाल नोगिया, लक्की चैपड़ा,संजय प्रधान, केशव आर्य ,दीपक चोपड़ा ,राजेंद्र सिंह सोलंकी, भवर सिंह सोलंकी,अंकित मारवाड़ा,संजय नागर, जेपी शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दुगारी मे निकाली 51 कलशो के साथ शोभायात्रा-हिन्दू नववर्ष के मौके पर दुगारी मे 51 कलश के साथ दुगारी कनक सागर झील बालाजी मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई। जो मीनो का मोहल्ला, मैन मार्केट, तेजाजी के मंदिर , हरिजन बस्ती गोविन्ददेव जी मंदिर , केशव चोक, खाती लुहार मोहल्ला, रामदेव मंदिर, बस स्टैंड होते हुए देवरा बालाजी के स्थान पहुंची जहा पर धर्म सभा का आयोजन हुआ। जिसमे मुख्य वक्ता आदित्य साहू नैनवा, अध्यक्षता दोलतराम सैनी कारसेवक दुगारी द्वारा की गई। जिसमे वक्ताओ द्वारा हिन्दू धर्म नववर्ष पर प्रकाश डाला गया । इस दोरान बड़ी संख्या मे जुलुस मे ग्रामीण व मातृ शक्ति बालिकाएँ मौजुद रही। समापन भारत माता की आरती के साथ हुवा धर्म सभा मे आये सभी सनातन प्रेमियो को प्रसादी वितरण की गई।

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने किया नववर्ष जुलूस का स्वागत, महिलाएं भी रहीं शामिल

### मर्यादा का आदर्श स्थापित करने वाले श्रीराम की जयकार में कोई परहेज नहीं : इरशाद अली

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति की ओर से नववर्ष प्रतिपदा पर निकाली गई शोभायात्रा में भाईचारे के सुखद नजर भी देखने को मिला। इस शोभायात्रा का स्वागत करते हुए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश सहसंयोजक इरशाद अली व अन्य मुस्लिम साथियों ने वन्दे मातरम और जय श्रीराम के नारे लगाए। इस अवसर पर इरशाद अली ने कहा कि आज लोग साधारण नेताओं तक की जिंदाबाद करते हैं, छोटी-छोटी उपलब्धियों पर आम आदमी की जिंदाबाद करते हैं तो भारतीय संस्कृति में मर्यादा का आदर्श स्थापित करने वाले श्रीराम की जय बोलने में कोई परहेज नहीं होना चाहिए। श्रीराम ने शबरी के बेर खाकर समाज में ऊंच-नीच का भेद समाप्त किया, राजपाट



छोड़कर त्याग का उदाहरण दिया, वे हर मायने में आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि नववर्ष प्रतिपदा भारत में रहने वाले सभी धर्मावलम्बियों का नववर्ष है। यह असल में भारतीय नववर्ष है। श्रीराम का राज्याभिषेक इसी दिन हुआ था, आर्य समाज की स्थापना इसी दिन हुई और राजस्थान का गठन भी इसी दिन हुआ। इस तरह से यह न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक, राजनैतिक और खगोलीय रूप से भी नया साल है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की ओर से जुलूस पर पुष्पवर्षा करने वालों में सम्भाग सहसंयोजक एहसान अंसारी, राजकीय विद्यालय के उपप्राचार्य फहीद अहमद, मौलाना कलीम अशरफ, मुजीब खान, सखावत खान, रेहाना बेगम, निजामुद्दीन अब्बासी, इमरान काजी आदि प्रमुख थे।

# अग्रसेन वेलफेयर महिला सोसाइटी के गणगौर उत्सव में ज्योति अग्रवाल बनीं गणगौर क्वीन

## आयोजन में सभी महिलाओं ने गणगौर थीम पर पारम्परिक वेशभूषा में भाग लिया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** अग्रसेन वेलफेयर महिला सोसाइटी की ओर से शनिवार को गीता भवन में गणगौर उत्सव का आयोजन किया गया। महिला जिला अध्यक्ष रुचि अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इसमें सभी महिलाओं ने गणगौर थीम पर पारम्परिक वेशभूषा में भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक मनीषा जैन, लीना गोयल, मीना अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर सोलह श्रृंगार गेम, गणगौर तम्बोला हाउजी, पार्वती ईशर जी से सम्बंधित प्रश्नोत्तरी, गणगौर



क्वीन, बेस्ट मेहंदी, बेस्ट डांस परफॉर्मेंस, बेस्ट ड्रेस एवं गणगौर क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें गणगौर क्वीन ज्योति अग्रवाल बनीं। सोलह श्रृंगार गेम में प्रथम स्थान शिवांगी अग्रवाल एवं द्वितीय स्थान शिल्पा अग्रवाल ने प्राप्त किया। बेस्ट डांस परफॉर्मेंस की विजेता मनीषा जैन रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता की विजेता अनीता मित्तल रहीं। बेस्ट हेयर स्टाइल नीलम अग्रवाल, बेस्ट ड्रेस लक्ष्मी अग्रवाल, बेस्ट मेकअप में नीलम अग्रवाल विजेता रहीं।

**इन पदाधिकारियों को किया सम्मानित :** माधवी मंच की संरक्षिका अनीता मित्तल व दीप्ति अग्रवाल ने सभी प्रतियोगिताओं का जजमेंट किया। अग्रसेन वेल्फेयर सोसाइटी के संरक्षक संजय गोयल, जगदीश प्रॉपर्टी वाले, डॉ. आरके राजवंशी, महामंत्री हनुमान प्रसाद व उपाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल का महिला कार्यकारिणी की ओर से पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

**कार्यक्रम में ये पदाधिकारी भी रहीं शामिल :** कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सुनीता गर्ग, सिंधु राजवंशी, नेहा अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, आशा अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, मीना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल व बरखा अग्रवाल, कीर्ति अग्रवाल भी मौजूद रहीं। महामंत्री अनीता मित्तल ने सभी पदाधिकारियों का सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

# समाजसेवी हेमलता सिंह गहलोत भाजपा नरेन्द्र मोदी विचार मंच की प्रदेश महामंत्री नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा शहर की जानी-मानी समाजसेवी हेमलता सिंह गहलोत को भारतीय जनता पार्टी नरेन्द्र मोदी विचार मंच का राजस्थान प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से संगठन में हर्ष की लहर दौड़ गई है। नरेन्द्र मोदी विचार मंच की राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष लिलियन ग्रेस ने हेमलता सिंह गहलोत की नियुक्ति की घोषणा करते हुए कहा कि वे एक कर्मठ और जुझारू समाज सेवी हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए हेमलता सिंह गहलोत का अनुभव संगठन के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। उनकी नियुक्ति से संगठन को नई दिशा मिलेगी और महिला शक्ति को संगठित करने में मजबूती मिलेगी।

प्रदेश महामंत्री नियुक्त होने पर हेमलता सिंह गहलोत ने कहा कि नरेन्द्र मोदी विचार मंच में उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है, उसके लिए वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं संगठन के सभी पदाधिकारियों की आभारी हैं। वे संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए राजस्थान के कोने-कोने में महिला विंग को मजबूत करने का कार्य करेंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन के सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से नरेंद्र मोदी विचार मंच को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। हेमलता सिंह गहलोत की नियुक्ति के बाद भाजपा एवं नरेन्द्र मोदी विचार मंच के कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। संगठन से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई दी और उनके नेतृत्व में संगठन के और अधिक सशक्त होने की उम्मीद जताई।

# महर्षि गौतम जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** रविवार को नैनवां शहर में महर्षि गौतम जयंती धूमधाम से मनाया गया। श्री जानकी राय के मंदिर स शोभायात्रा शुरू हुई जो चार हाटडीया,चारभुजा नाथ, सदर बाजार, गढ़ चैक, मालियों का मोहल्ला, होली खूट होते हुए गाड़ी खाना में स्थित गौतम आश्रम पर पहुंची। शोभा यात्रा में बैंड के मधुर भजनों में महिलाए नृत्य करती हुई चल रही थी। युवा वर्ग डीजे के भजनो पर नृत्य कर रहे थे। प्रबुद्धजन महर्षि गौतम महाराज के नारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में ललित शर्मा, रमेश काशल्या भगवान महर्षि गौतम के चवर डुला रहे थे ।इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे । गौतम नव युवक मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश व्यास, भारत भूषण गौतम, शंभू दयाल राठौड़ ,अनिल रंगीला, सुभेष नारायण, जितेंद्र शर्मा ,गोपी कृष्ण शर्मा ,विकास जोशी, बसंत शर्मा, शिवनंदन शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, जगदीश जोशी, छेल बिहारी शर्मा, रामपाल शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, महेश कोडा, श्री राम शर्मा, कृष्ण मुरारी तिवारी केशव शर्मा रजत शर्मा, पवन शर्मा, अंकुर शर्मा, अशोक शर्मा एडवोकेट, छितर मल समिधी सहित कहीं युवा मौजूद रहे।

# मोशन एजुकेशन के स्टूडेंट्स ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ओलम्पियाड में रचा इतिहास

बढ़ता राजस्थान

**एनसीआई/कोटा।** मोशन एजुकेशन के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और परिश्रम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ओलम्पियाड के प्रथम स्तर में सफलता का परचम लहराया है। संस्थान के 500 से अधिक विद्यार्थियों ने ऐसी विभिन्न प्रतिष्ठित परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी काबिलियत साबित की है। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि मोशन एजुकेशन के फाउंडेशन डिविजन के कक्षा 6 से 10वीं के विद्यार्थियों ने ओलम्पियाड्स में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। संस्थान के सिद्धांत भालचंद्र सर्वे ने इंटरनेशनल टेलेंट हंट ओलम्पियाड (आईटीएचओ) में प्रथम अंतरराष्ट्रीय रेंक, इंटरनेशनल मेथेमेटिक्स ओलम्पियाड (आईएमओ) में चौथी अंतरराष्ट्रीय रेंक और नेशनल साइंस ओलम्पियाड (एनएसओ) में दसवीं रेंक हासिल की है। वहीं, नवीं कक्षा के मनीष कुमार बैरवा ने इंटरनेशनल मेथेमेटिक्स ओलम्पियाड (आईएमओ) में चौदहवीं अंतरराष्ट्रीय रेंक प्राप्त की। राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में भी मोशन के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा छह के अर्णेश मुखोपाध्याय ने नेशनल इंटरएक्टिव साइंस ओलम्पियाड (एनआईएसओ) में 23वीं और आठवीं के युवराज आनंद ने 26वीं राष्ट्रीय रेंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कक्षा छह की आराध्या शर्मा ने नेशनल लेवल साइंस टेलेंट सर्च एग्जामिनेशन (एनएसटीएसई) में 19वीं और नवीं कक्षा के सिद्धांत यथार्थ ने चौथी राष्ट्रीय रेंक प्राप्त की।

# आस्था केन्द्र कैला देवी झील का बाड़ा में चैत्र नवरात्रा का लक्खी मेला शुरू

## पुलिस की 48 सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** प्रेम से बोलो जय माता की सब मिलकर बोलो जय माता की,,, भरतपुर जिले के प्रसिद्ध आस्था स्थल श्री कैलादेवी झील का बाड़ा बयाना में चैत्र नवरात्रि का लक्खी मेला शुरू हो गया है। मेला मजिस्ट्रेट एसडीएम दीपक मित्तल और देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त मुकेश मीणा ने आचार्य धरणीधर महाराज व महंत बृजकिशोर शर्मा के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ घट स्थापना की। मन्दिर परिसर में 11 पंडितों की टीम पूरे 9 दिन तक धार्मिक अनुष्ठान और शत चंडी यज्ञ करेगी। मेले में देवस्थान विभाग ने करीब 300 दुकानों का आवंटन किया है। इनमें पूजा सामग्री, घरेलू उत्पाद, खिलौने और



खाद्य पदार्थों की दुकानें शामिल हैं। पहले दिन श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की। भक्तों ने बीड़ा, पान, बताशा, हलवा, चना और मिठाई का भोग लगाया। महिलाएं नगाड़े की थाप पर नृत्य कर मां की आराधना कर रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए एडिशनल एसपी हरिराम कुमावत, डिप्टी एसपी कृष्ण राज और सदर थाना एसएचओ कृष्णवीर सिंह मेला क्षेत्र में लगातार गश्त कर रहे हैं। मंदिर के अंदर और बाहर पुलिस बल तैनात है। पूरे मेला क्षेत्र में 48 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। एसडीएम दीपक मित्तल ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। रोडवेज ने भरतपुर डिपो से 20 मेला स्पेशल बसें लगाई हैं। पेयजल, बिजली और चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। राजस्थान के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। इस दौरान कई स्थानों से पदयात्राएं भी पहुंचेंगी।



# पाण्डेय् ब्रह्मवर्त रत्न अलंकरण से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (नि.स.)।** अखिल भारतीय शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान प्रदेश संयोजक यतेन्द्र पाण्डेय् को राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर राजस्थान की राजधानी गुलाबी नगर जयपुर के सिरसी रोड स्थित रतन बाग मैरिज गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान सहित सम्पूर्ण देश के विभिन्न प्रान्तों में किये जा रहे कार्यो राजस्थानी भाषा, सामाजिक व्यवस्थाओं में सहयोग के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुये विकास के साथ राष्ट्रीय चरित्र रचना मैं आदर्श मूल्यों. उल्लेखनीय सेवा कार्य निष्ठा उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच द्वारा ब्रह्मवर्त रत्न अलंकरण से पूर्व केन्द्रीय मंत्री, राजस्थान विधानसभा पूर्व अध्यक्ष डॉ . सी पी जोशी, पूर्व शिक्षा मंत्री ब्रज किशोर शर्मा, स्वतंत्रता सैनानी पूर्व सांसद समाजवादी नेता शतायु पुरोधा पंडित रामकिशन शर्मा, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ए पी सिह एवं महामण्डलेश्वर श्री विष्णु शरण दास महाराज की गरिमामय उपस्थिति, मंच संयोजक महावीर प्रसाद टोरडी, मुख्य सलाहकार एडवोकेट डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा, के सानिध्य में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सम्मेलन में वसुधैव कुटुम्बकम् ग्लोबल विल्लेज, सत्यम शिवम् सुन्दरम् भारत-नेपाल की वैदिक कालीन संस्कृति का पुर्न उत्थान हो. भारत पुन: वैदिक कालीन जगत गुरु के आसन पर पद् स्थापित हो, भारत को सुरक्षा परिषद् में विटो पावर के साथ स्थाई सदस्यता मिले, अयोध्या को संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय बनाया जावे पर चर्चा हुई।विशिष्ठ अतिथी क्योवद स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद पं. राम किशन शर्मा ने प्रतिभाओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया पं. राम किशन शर्मा को 100 वर्ष में प्रवेश करने पर जनहित में नागरिक अभिनन्दन किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ठ अत्तिथी डॉ. ए. पी. सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वोच्च न्यायालय ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्थान के लोगों का पुरे देश दुनिया में एक अच्छा नाम है। जो राजस्थान की मिट्टी से अपने कार्य क्षेत्र को बढ़ा रहे है। मंच संयोजक महावीर प्रसाद टोरडी द्वारा सभी अत्तिथीयो का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महामण्डलेश्वर श्री विष्णु शरण दास महाराज का आर्शीवाद प्राप्त हुआ। मुख्य सलाहकार डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर ने बताया कि राजस्थान महोत्सव में भारत की प्रतिष्ठा, भारत की शक्ति, भारत के पंचशील सिद्धान्तो को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने के अभियान के लिए सभी प्रतिभाओं की प्रेरित किया गया।

# मजबूती का एक ही आधार जब एसी/एसटी और ओबीसी बने समझदार : मीणा

## जयपुर में होगा एससी/एसटी और ओबीसी सम्मेलन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** बानसूर नगर पालिका क्षेत्र स्थित आदिवासी जनजाति मीणा समाज धर्मशाला नारायणपुर रोड बानसूर में सुन्दर सिंह मीणा जिला अध्यक्ष कोटपूतली बहरोड की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में प्रदेश अनुसूचित जाति /जनजाति /पिछड़ी जाति अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के तत्वाधान में प्रदेश सद्भावना सम्मेलन दिनांक 18 अप्रैल 2025 को प्रात: 10ः00 बजे बिरला ऑडिटोरियम जयपुर में होने वाले सम्मेलन को सफल बनाने के लिए उपस्थित सदस्यों से विचार विमर्श किया गया।उपस्थित सदस्यों ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए तन मन धन के साथ जयपुर चलने के लिए अपनी -अपनी स्वीकृति प्रदान की। इस उपलक्ष्य में प्रदेश कार्यकारिणी से पधारे रामस्वरूप मीणा प्रदेशाध्यक्ष



संगठन एवं अखिल भारतीय फेडरेशन, राजेंद्र मीणा प्रदेश उपाध्यक्ष ,मालीराम मीणा प्रदेश सचिव का सुन्दर सिंह मीणा का माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया गया।सुन्दर सिंह मीणा जिलाध्यक्ष कोटपूतली बहरोड के द्वारा सभी अतिथियों का फूल माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। रामस्वरूप मीणा प्रदेशाध्यक्ष द्वारा अपने संबोधन में समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने एवं एससी/एसटी/ओबीसी के लोगों को संगठित रहने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि अधिकारों की लड़ाई के लिए हम सबको संगठित होकर संघर्ष करना होगा तभी हम समाज के हित में कार्य कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि राजकीय सेवाओं में लंबित आरक्षण बैकलॉग को विशेष भर्ती अभियान द्वारा पूरा करवाना तथा एससी/एसटी/ओबीसी के आरक्षण की सीमा को जनसंख्या अनुपात में बढ़वाने तथा एससी/एसटी वर्ग के लिए आय सीमा सामान्य एवं पिछड़े वर्ग की तरह 8 लाख रुपए तक करवाया जाना संगठन का प्रमुख उद्देश्यों में से एक है। उपस्थित सदस्यों को दिनांक 18 अप्रैल 2025 को बिरला ऑडिटोरियम में होने वाले प्रदेश सद्भावना सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया गया।मीणा ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी उपस्थित सदस्यों सहित तीनों समाज के लोगों से अपेक्षित सहयोग मांगा। इस मौके पर मीणा समाज के बानसूर ब्लॉक अध्यक्ष पूरणमल मीणा,पूर्व अध्यक्ष हनुमान प्रसाद मीणा ,उपाध्यक्षता रतिराम मीणा ,पूर्व उपाध्यक्ष श्री रामावतार मीणा, पूर्व प्रबंधक पीएनबी रामावतार मीणा ,गिरधारी लाल मीणा, पोस्टमैन लालाराम मीणा, व्याख्याता खेमचंद मीणा, फाइनेंसर जयसिंह मीणा मत्स्य एजुकेशन ग्रुप बानसूर के संचालक जयसिंह मीणा,सीनियर ऑडिटर रघुवीर सिंह मीणा ,अध्यापक महेंद्र कुमार मीणा ,डॉ अभिषेक मीणा, सीताराम मीणा, शेर सिंह मीणा, पूर्ण चंद मीणा आदि गणमान्य लोग रहे।

# आज का दिन भारतीय इतिहास और संस्कृति के लिए बेहद खास है

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)** । भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय के नेतृत्व में विक्रम संवत 2082 के हिंदू नववर्ष का स्वागत धूमधाम से किया गया। उपाध्याय पाड़ा स्थित भाजपा कार्यालय पर सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी एवं चौक-चौराहों पर लोगों को तिलक लगाया ।मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने बताया कि हिंदू कैलेंडर के अनुसार यह नव वर्ष चैत्र माह की प्रतिपदा से प्रारंभ होता है। इस समय प्रकृति भी नव वर्ष का स्वागत करती है। पलाश के फूल खिलते हैं और पृथ्वी पुष्पित होती है। इस तरह के आयोजनों से समाज में एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है ।मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने कहा कि 1 जनवरी को नव वर्ष मानने की परंपरा अब कमजोर पड़ रही है और हमें इसी नववर्ष को पूरे उत्साह और गर्व के साथ मनाना चाहिए । नव संवत्सर, चेटीचंड और नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं का प्रतीक है और इसे पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। आज का दिन भारतीय इतिहास और संस्कृति के लिए बेहद खास है. संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार का जन्मदिवस, विक्रम संवत का प्रारंभ और ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना इसी दिन हुई थी। इस मौके पर पूर्व पार्षद हरिशंकर उपाध्याय उर्फ लाई भईया,ओमप्रकाश सिनसिनवार, बबलू सोनी, विष्णुदत्त शर्मा,अलीमुद्दीन, रघुनंदन उपाध्याय, सुरेंद्र सिंह, महेश कटारा,हितेश,गोलू सहगल,ओमप्रकाश तेनगुरिया, गोविंद आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सबको तिलक लगाकर व बाजार में रंगोली बनाकर मनाया हिंदू नववर्ष



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** विश्व हिंदू परिषद् के जिलाध्यक्ष विष्णु सैनी के नेतृत्व लक्ष्मण मंदिर पर रंगोली बनाकर, प्रसाद वितरित कर तथा सबको तिलक लगाकर चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को हिंदू नववर्ष संवत् 2082 बड़े ही उल्लास से मनाया। प्रांत सेवा प्रमुख नरेश खंडेलवाल ने कहा कि नूतन वर्ष हमारा हिंदू नववर्ष ही है क्योंकि पश्चात् सभ्यता के नववर्ष में मदिरा पान किया जाता है और यह उनकी परंपरा का हिस्सा है उनकी सभ्यता में नववर्ष पर भीषण ठंड होती है और हिंदू नववर्ष में न ज्यादा गर्मी होती न ठंड, पतझड़ का मौसम होता है नवीन पुष्प खिलते हैं ऐसा लगता है पूरी प्रकृति हिंदू नववर्ष मना रही हों। हर वर्ष के चैत्र माह में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा में विक्रम संवत् 2082 के अनुसार हिंदू नववर्ष मनाया जाता है। हिंदू बहन - बेटियों द्वारा लक्षण मंदिर चौराहे पर रंगोली बनाकर उत्सव बनाया। कार्यक्रम में के अंत में जिला उपाध्यक्ष डॉ.रविंद्र कुंतल ने सभी को मिठाई बांट कर तथा श्रीराम के उद्घोष लगाकर कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर नरेश खंडेलवाल प्रांत सेवा प्रमुख , लक्ष्मण प्रसाद शहर सेवा प्रमुख, संस्कारशाला की आचार्या मंजू, अंजलि , भावना, कमल कपूर शहर अध्यक्ष, प्रमोद गुप्ता प्रखंड मंत्री चंदशेखर गुप्ता प्रखंड सह मंत्री, अमित जिंदल जिला सह मंत्री, डॉ रविन्द्र कुंतल उपाध्यक्ष, डॉ बलबीर सिंह, श्याम सुंदर गुप्ता, अनिल भारद्वाज, नरेश चतुर्वेदी, लखन शर्मा अनुराग अग्रवाल प्रतीक सौरभ चतुर्वेदी अंकित ठाकुर मनोज शर्मा प्रमोद गुप्ता अमित खंडेलवाल हेमंत शर्मा आदि मौजूद रहे।

# लक्ष्मी पैलेस बयाना में आर्य समाज के150वें स्थापना दिवस के अवसर पर 150 कुण्डीय यज्ञ महोत्सव

## 185 यजमान दंपत्ति व 165 एकल यजमान वैदिक मंत्रों से देंगे यज्ञ में आहुतियां

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)** । आर्य समाज बयाना की ओर से 31मार्च सोमवार को नवसंवत्सर एवं आर्यसमाज के 150वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 150कुण्डीय यज्ञ- महोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम लक्ष्मी पैलेस मैरिज होम बयाना में 4ः30 बजे से शाम 7ः30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी यज्ञ महोत्सव की सह संयोजक सुनयना आर्या ने दी ।उन्होंने बताया कि आर्यसमाज वो संस्था है जिसने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आर्यसमाज ने ही सबसे पहले स्वतंत्रता आंदोलन का वास्तविक सूत्रपात किया था।



आर्यसमाज ने हिन्दुओं के मन्दिरों की रक्षा की। आर्यसमाज का नारी जाति उद्धार, महिला शिक्षा,विधवा विवाह,गौ आदि पशुओं की रक्षा, अछूतोद्धार, सनातन संस्कृति की रक्षा,अन्धविश्वास को हटाने में बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि 150कुण्डीय यज्ञ के इस कार्यक्रम में लगभग 185 यजमान दंपत्ति एवं लगभग 165 एकल यजमान,वैदिक मंत्रों से आहुतियां प्रदान करेंगे। यज्ञ वैदिक विदुषी आचार्या हेमलता शास्त्री एवं आचार्या दीपा आर्या के द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आर्यसमाज बयाना के प्रधान आचार्य रविशंकर आर्य का आर्यसमाज स्थापना दिवस पर उद्बोधन रहेगा। कार्यक्रम में मेरठ से पधार रहे संदीप आर्य गिल के मधुर गीतों के माध्यम से संगीतमय भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज के वरिष्ठ जगदीश सर्राफ करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में बयाना उप जिला कलक्टर दीपक मित्तल एवं विशिष्ट अतिथि तहसीलदार बयाना अंकुर जैन एवं आर्य समाज के वरिष्ठ सदस्य अनिल लोहिया रहेंगे।

# नवसंवत्सर 2082 पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** उपखंड क्षेत्र में नव संवत्सर 2082 के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ क्षेत्र के देवालयों में विशेष पूजा अर्चना के साथ लगभग प्रत्येक सनातनी परिवार ने घरों पर मीठे चावल के साथ नवसंवत्सर 2082 के साथ राजस्थान स्थापना दिवस पर खुशी का इजहार किया। क्षेत्र के उपखंड मुख्यालय सहित निठार बल्लभगढ़ छोकरवाड़ा सहित समस्त आर्य समाजो में हिन्दू नववर्ष ( नवसंवत्सर) पर विशेष यज्ञ का आयोजन किया। विश्व हिंदू परिषद सहित आर एस एस एवं शिक्षा भारती द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं सहित सब समझ के लोगों द्वारा राजकीय कार्यालय विद्यालय एवं प्रमुख चौराहे पर रंगोली का आयोजन किया गया। चैत्रीय नवरात्र के अवसर पर प्रतिपदा के दिन घर-घर एवं देवालयों मैं घट स्थापना की गई शुभ मुहूर्त में प्राप्त10.20 एवं अभिजीत मुहूर्त में की गई स्थापना के साथ ही माता शैलपुत्री की पूजा से प्रारंभ नवरात्राएं 6 अप्रैल 2025 को संपूर्ण होंगे।

# राज्य स्तरीय निवेश उत्सव कार्यक्रम आज

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय)।** राजस्थान स्थापना दिवस साप्ताहिक समारोह के तहत सोमवार को निवेश उत्सव राइजिंग राजस्थान इम्पेकट 1.0 का आयोजन किया जायेगा। महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र सीएम गुप्ता ने बताया कि राइजिंग राजस्थान इम्पेक्ट 1.0 के राज्य स्तरीय समारोह में माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा होटल क्लाकर्स आमेर जयपुर से वीसी के माध्यम से जिला स्तरीय कार्यक्रम में जुडेंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय निवेश उत्सव कार्यक्रम प्रात: 11 बजे से ऑडीटोरियम में आयोजित होगा।

# सर्वसहमति से निरंजनलाल सैनी अध्यक्ष निर्वाचित : सैनी

## समाज के हित में कार्य करें समाजसेवी ठेकेदार निरंजनलाल सैनी



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित दयालावाली सैनी महासभा भवन में निर्वाचन अधिकारी छंगाराम सैनी के के निर्देशानुसार निवर्तमान अध्यक्ष पत्रकार सुरेशचन्द सैनी की अध्यक्षता में चुनाव सर्वसहमति से संपन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी छंगाराम सैनी ने बताया कि सैनी महासभा के चुनाव में सभी सैनी समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया था कि वे चुनाव लड़े और समाजहित में कार्य करें। लेकिन चुनाव के आखिरी समय तक किसी ने आवेदन नहीं किया। उस पर सैनी महासभा के पदाधिकारीयों सहित समाज के गणमान्य लोगों ने चिंता जाहिर की। सैनी ने बताया कि महासभा के पदाधिकारी और सदस्यों सहित समाज के लोग चाहते हैं कि सर्वसहमति से निर्विरोध चुनाव संपन्न हों जिससे समाज का भाईचारा बना रहे!इस पर उपस्थित लोगों से कहा गया कि सभी लोग अपने -2सुझाव दें। इस पर एकमात्र नाम निकलकर आया वह था निरंजनलाल सैनी !निर्वाचन अधिकारी छंगाराम ने समाजसेवी ठेकेदार निरंजनलाल सैनी निवासी ऊपलीकोठी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर पद और गोपनीयता की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर सैनी समाज में खुशी का माहौल छा गया। वहीं निर्वाचित अध्यक्ष निरंजनलाल सैनी ने कहा कि समाजहित में मेरे से जों बन पड़ेगा वह करूँगा। मेरा शरीर तक समाज का ऋणी है।

# एक वर्ष से फरार टॉप 10 अपराधी को वापदा किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भुसावर थाना पुलिस ने मार्च 2024 में स्विफ्ट डिजायर कार दो मोबाइल एवं 2500 रुपए लूटने के आरोप में एक जने को वापर्दा गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी नरेश चंद शर्मा द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयनारायण मीना एवं भुसावर पुलिस उपाधीक्षक धर्मेंद्र शर्मा के सुपरविजन में टीम का गठन कर एक साल से फरार चल रहे स्विफ्ट कार सहित दो मोबाइल एवं नगदी लूट के आरोपी करौली जिले के नई मंडी हिंडौन थाना क्षेत्र के गांव देवलैन निवासी अजीत 22 पुत्र शिवराम जाति गुर्जर को देवलैन मोड़ से गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी नरेश चंद्र शर्मा ने बतलाया कि 6 मार्च 2024 को श्रवण कुमार पुत्र गोमाराम जाति जाट निवासी संगरिया थाना लोसल जिला सीकर द्वारा अज्ञात लड़कों के विरुद्ध अपनी स्विफ्ट डिजायर कार दो मौबाईल एवं 2500 रुपये नगद लूट लिए जिसकी प्राथमिक की भुसावल थाने में दर्ज हुई इस पर पूर्व में दो विधि से सघर्षरत बालकों को वापर्दा निरुध कर माल मशरूका गाडी को बरामद किया जा चुका है । गिरप्तार शुदा मुलजिम अजीत गुर्जर से गहनता से अनुसंधान जारी है। अपराधी वाहन चोरी का आदि है। वांछित टॉप 10 आरोपी को पकड़ने में कांस्टेबल रम्बो छावडी की महत्वपूर्ण भूमिका बताई गई है।

# नवकार महामंत्र रथ का किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन( नि.स. )।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन जैन समाज की विश्व व्यापी संस्था की ओर से नौ अप्रैल को संपूर्ण विश्व में विश्व नवकार महामंत्र दिवस को वैश्विक स्तर पर मनाए जाने को प्रोत्साहन दिए जाने के उद्देश्य से एक रथ सभी जगह पर भ्रमण कर रहा है, उस रथ के आज झालरापाटन पहुंचने पर संस्था के जिला पदाधिकारी कमल जैन सोनी एवं कविम जैन एडवोकेट ने बताया कि रथ के झालरापाटन दिगंबर जैन मंदिर पहुंचने पर समाज के पुरुष वर्ग एवं महिला वर्ग ने स्वागत किया जिसमें समाज के राजकुमार जैन बैंक वाला, वैद्य महेश चंद्र शर्मा, महावीर पाटनी ,भूपेंद्र चौधरी, पंकज कासलीवाल, अरविंद शाह, ऋषभ जैन, वैभव, आशीष जैन भानु पाटनी, सत्येंद्र मारवाड़ी, विजेंद्र पाटनी, महावीर जैन, मनोज जैन, विनेश जैन एवं अर्चना जैन, मंजु जैन, संपत पाटनी, बीना पाटनी, वंदना पाटनी, सरिता पाटनी, नीता सेठी आदी समाजजन उपस्थित रहै, सभी ने मिलकर नौ अप्रैल को विश्व नवकार महामंत्र दिवस को उत्साह पूर्वक बनाने का आह्वान किया।

## श्री मुरलीधर रामायण मंडल द्वारा चाकुड़ा ग्राम में आयोजित सुंदरकांड पाठ में श्रोता झूम उठे



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** श्री मुरलीधर रामायण मंडल द्वारा क्षेत्र के चाकुड़ा ग्राम मे रामचरितमानस के पंचम सोपान श्री सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का आयोजन किया गया। जानकारी अनुसार क्षेत्र के ग्राम चाकुड़ा में शनि अमावस्या के अवसर पर जगदीश गर्ग के संयोजन में श्री मुरलीधर रामायण मंडल सिंहपुर द्वारा श्री रामचरितमानस के पंचम सोपान श्री सुंदरकांड का संगीतमय वाचन किया गया ।जिसका शुभारम्भ पंडित कैलाशचंद्र गर्ग द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ किया गया ।इस दौरान श्री मुरलीधर रामायण मंडल सिंहपुर द्वारा प्रस्तुत धार्मिक भजनों पर उपस्थित श्रोता एवं श्रद्धालुओं ने झूमते-नाचते भक्तिरस का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर ढोलक वादक नाथुसर पाठ के बाद आरती के साथ समापन प्रसादी का आयोजन किया गया इस अवसर पर सोहनलाल बद्रीलाल रामेश्वर लाल उचनार लादू शंभूपुरा संपत सरथला राम?श्वर नाई के अलावा काफी रामायण प्रेमी श्रद्धालु उपस्थित रहे ।साथ ही महाआरती बाद भक्तों एवं श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## 11 दिवसीय महोत्सव के कार्यक्रम का आगाज आज दौड़ प्रतियोगिता से होगा

### आर्यिका संघ के सानिध्य में समाज के पदाधिकारियों ने पुस्तिका का किया विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** दिगंबर जैन खंडेलवाल (सरावगी) समाज महावीर जयंती महोत्सव समिति की ओर से 11 दिवसीय कार्यक्रमो का आगाज सोमवार को दौड़ प्रतियोगिता से होगा। यहां हायर सेकेंडरी स्कूल में विभिन्न वर्गों के लिए दौड़ सहित रस्सा कस्सी प्रतियोगिता होगी। 11 दिनों तक चौगान जैन मंदिर में चलने वाले कार्यक्रमों की पुस्तिका का रविवार को आर्यिका 105 सत्यमति माता जी एवं आर्यिका 105 हेमश्री मति माताजी संघ के सानिध्य में समाज के पदाधिकारियों ने विमोचन किया। महोत्सव संयोजक संजय पाटनी व पारस पाटनी ने बताया कि महोत्सव के तहत सोमवार को चौगान जैन मंदिर में झंडारोहण होगा। 1 अप्रैल को अस्पताल में सेवाभाव कार्य,4 को कैरम प्रतियोगिता 15 वर्ष तक एवं 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए एवं सतोलिया प्रतियोगिता 10 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए,6 अप्रैल को रात 8 बजे से जूनियर वर्ग के लिए कौन बनेगा त्रिशला राजा सिद्धार्थ व सीनियर वर्ग के लिए कौन बनेगा त्रिशला माता,8 अप्रैल को दोपहर 2 बजे मेंहदी प्रतियोगिता एवं 9 अप्रैल को रात 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। महोत्सव उप संयोजक सुरेंद्र छबड़ा व समाज के उपाध्यक्ष सुनील बाकलीवाल ने बताया कि 10 अप्रैल को महावीर जयंती महोत्सव के तहत रात 7.30 बजे से संगीतमय महाआरती,भजन संध्या एवं पारितोषिक वितरण समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## उप मुख्यमंत्री डॉ बैरवा रहे भीलवाड़ा जिले के एक दिवसीय दौरे पर

# डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का किया अनावरण, एमएलवी कॉलेज एल्युमिनी मीट में की शिरकत





बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राजस्थान सरकार में उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा रविवार को जिले के एकदिवसीय दौरे पर रहे।

उपमुख्यमंत्री डॉ बैरवा ने रविवार को वस्त्र नगरी पहुंच सर्वप्रथम क्यारा के बालाजी रोड स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर जी के स्मारक पर मूर्ति अनावरण किया एवं कार्यक्रम में डॉ अंबेडकर के भारतीय संविधान निर्माण में अतुलनीय योगदान करते हुए उन्हें नमन किया ।

इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री नगर निगम स्थित महाराणा प्रताप सभागार पहुंचे जहाँ उन्होंने माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय के एल्युमिनी मीट कार्यक्रम में शिरकत की ।

एल्युमिनी मीट कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ बैरवा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एमएलवी कॉलेज ने अपनी स्थापना के समय से ही राज्य एवं देश को खेल, ब्यूरोक्रेसी, शिक्षा जगत एवं राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाएं प्रदान की है। उन्होंने कॉलेज प्रशासन की एल्युमिनी मीट जैसे भव्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए सराहना कीं।

उन्होंने विद्यार्थियों से भारत की बहुमूल्य संस्कृति को ज़िंदा रखने का संदेश देते हुए प्राचीन रीति रिवाजों के वैज्ञानिक महत्व के बारे में भी बताया। उपमुख्यमंत्री ने संवेदनशील रूप से प्रत्येक के जीवन में शिक्षा के महत्व पर चर्चा की।

एल्युमिनी मीट कार्यक्रम में सांसद संबित पात्रा के विद्यार्थियों एवं एल्युमिनी के लिए रिकॉर्डेड विशेष संदेश को भी प्रदर्शित किया गया, साथ ही जिले के सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, कॉलेज प्रोफेसर श्री कश्मीर भट्ट, प्रोफेसर राजकुमार, एकत्रित एल्युमिनी सहित अन्य ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, महापौर राकेश पाठक, उद्योगपति पंकज ओस्तवाल एवं द्वारका प्रसाद मंगल, प्राचार्य डॉ राजकुमार चतुर्वेदी, कैलाश, कार्यक्रम संयोजक डॉ काश्मीर भट्ट, पूर्व यूआईटी चेयरमैन रामपाल जी शर्मा, दुर्गेश शर्मा, कुणाल ओझा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रावतभाटा विनोद मल्होत्रा, डॉ शंकर लाल माली, लादू लाल तेली, भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी अनिरुद्ध वैष्णव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

## महर्षि गौतम ऋषि के जयकारो से गूंजी छोटी काशी

# महर्षि गौतम जयंती: भव्य विमान मे ठाठ बाठ से सवार होकर शहर मे निकले महर्षि गौतम



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** न्याय शास्त्र के प्रणेता महर्षि गौतम जयंती पर रविवार को गुर्जर गौड गौतम समाज की और से गौतम भवन बालचंद पाडा से शहर मे महर्षि गौतम भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा उपरला बाजार होते हुये कागदी देवरा स्थित सत्यनारायण भवन पुहंची जहां महर्षि गौतम की पूजा अर्चना हुई इसके बाद शुरू हुई शोभायात्रा कागदी देवरा चोमुखा बाजार सब्जी मंडी, केएनसिंह चैराहा, लंका गेट होती हुई चित्तौड़ रोड स्थित महर्षि गौतम शिक्षण संस्थान एवं छात्रावास पर पहुंची।

शोभा यात्रा में गौतम समाज बंधुओ का उत्साह देखते ही बन रहा था। एक विमान में महर्षि भगवान को समाज बंधु कंधे पर लेकर जयकारे लगाते हुये चल रहे थे। शोभा यात्रा में पुरूष सफेद कुर्ता पजामा व महिलांए लाल चून्दडी की साडी पहनकर शामिल हुई। महिलाएं गीत गाती हुई चल रही थी, युवा भजनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा मे मशक कच्छी घोडी नृत्य विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। इस दौरान नाहर का चोहटटा मे गौतम मित्र मंडल संचय समिति, कामल्या व्यास परिवार व सर्व ब्रहाम्ण महासभा की और से सब्जीमंडी चैराहे व शहर मे विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से शोभायात्रा का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया। इससे पूर्व रविवार सुबह महर्षि गौतम के सम्मुख हवन किया गया उसके बाद दोपहर को सप्ताह भर आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओ के विजेताओ को पारितोषित वितरण हुआ। शोभायात्रा का समापन पर महाआरती के साथ हुआ। इस मौके पर भामाशाहों का सम्मान किया गया। शोभायात्रा मे बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, जिलाध्यक्ष मनीष शर्मा, नगर अध्यक्ष नवन किशोर गौतम फोलाई वाले, जयंती संयोजक मुकेश भारद्वाज, जयंती प्रभारी अनिल शर्मा, महिला प्रभारी प्रियंका शर्मा, गिरधर गोपाल शर्मा, संजय शर्मा, राजेश शर्मा, रामवतार नोसाल्या पंकज गौतम, मनौज गौतम, उदय प्रकाश शर्मा, शिवशंकर शर्मा, राजेन्द्र पंचोली, लोकेश शर्मा, विनीत शर्मा, सुनील गौतम बॉबी, चंदन शर्मा, राजीव लोचन गौतम, महिला जिलाध्यक्ष ममता शर्मा, महिला प्रभारी प्रियंका शर्मा आदि मौजूद रहे।

### खेलकूद प्रतियोगिताओ के विजेता हुये पुरूस्कृत



# स्थानीय पुलिस प्रशासन ने जिला कारागृह की ली तलाशी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा जिला कारागृह भीलवाड़ा की आकस्मिक सघन तलाशी रविवार को ली। इस दौरान तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार शाहू के नेतृत्व में आर0पी0एस0 सीओ सिटी मनीष बड़गुर्जर, थानाधिकारी थाना भीमगंज गजेन्द्र सिंह राठौड, थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली गजेन्द्र सिंह नरुका, थानाधिकारी पुलिस थाना प्रतापनगर सुरजीत सिंह ठोलिया, एवं अधीक्षक, जिला कारागृह भैरुसिंह राठौड, कारापाल प्रबंधक स्वीटी स्टेला, उप कारापाल जिला कारागृह हीरालाल गुर्जर व 19 प्रशिक्षु आर.पी.एस अधिकारियों की मौजूदगी व निर्देशन में पुलिस जाब्ता द्वारा जिला कारागृह की सधन तलाशी ली गई। तलाशी में किसी भी प्रकार की निषिद्ध सामग्री व वस्तु बरामद नहीं हुई।

## राजस्थान दिवस पर राजकीय विद्यालय केसरखेड़ी में नो बैग डे कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित नो बैग डे कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को राजकीय विद्यालय केसरखेड़ी में अध्ययनरत विद्यार्थियो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। जानकारी अनुसार राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार ब्लॉक क्षैत्र कपासन के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय केसरखेड़ी में राजस्थान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसके तहत विद्यालय में विद्यार्थियो हेतु आयोजित नो बैग डे कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा धारण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने सहित भाषण एवं कविता वाचन आदि गतिविधियो में विद्यार्थियो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया गया ।इस दौरान विद्यालयी शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को राजस्थानी भाषा के शब्दों से परिचय कराय गया ।उक्त कार्यक्रम से पूर्व राजस्थान के गौरव एवं महान परंपराओं का सम्मान एवं निर्वहन को लेकर उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियो हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## धामनिया, तहसील-मांडलगढ़ के पास राजस्थान रोडवेज बस में सवार एक व्यक्ति से 12.460 किलोग्राम अवैध क्रश्ड डोडा चूरा पाउडर किया बरामद

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** अधीक्षक निवारक उप नारकोटिक आयुक्त,कार्यालय कोटा की ओर से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 28 मार्च 2025 को सीबीएन को एक और बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा (राजस्थान ) नरेश बुंदेल के मार्गदर्शन में मादक पदार्थ विरोधी अभियान जारी रखते हुए सीबीएन, भीलवाड़ा के अधिकारियों की एक निवारक टीम ने 28.03.2025 को त्रिवेणी-जहाजपुर में गांव धामनिया, तहसील-मांडलगढ़, के पास राजस्थान रोडवेज बस में एक व्यक्ति को रोका और उसके बैग से 12.460 किलोग्राम वजन का अवैध क्रश्ड डोडा चूरा पाउडर जब्त किया और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सीबीएन को एक गुप्त सूचना मिली कि चौटाला (हरियाणा) का एक तस्कर राजस्थान रोडवेज बस में बस्सी (चित्तौड़गढ़) से जयपुर तक अवैध क्रश्ड डोडा चूरा पाउडर लेकर हरियाणा के एक तस्कर को देगा। सीबीएन भीलवाड़ा के अधिकारियों की एक निवारक टीम गठित की गई और 28.03.2025 को रवाना किया गया और संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी गई और रोडवेज बस नंबर त्श्र06 च। 6070 की सफलतापूर्वक पहचान करने के बाद एक व्यक्ति रोका और बस में अच्छी तरह से तलाशी ली, जिसके परिणामस्वरूप एक बैग में रखा 12.460 किलोग्राम अवैध क्रश्ड डोडा चूरा पाउडर बरामद हुआ। कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद तस्करी के क्रश्ड डोडा चूरा पाउडर को जब्त कर लिया गया है और जब्ती मामले में एक व्यक्ति को एनडीपीएस अधिनियम 1985 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# इन्फेक्शन फैलने से अन्य मरीजों को ना हो नुकसान ,

## एचओडी डॉ नैनीवाल ने अधीक्षक को बर्न मरीज को बर्न वार्ड में शिफ्ट करने हेतु लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** एसआरजी अस्पताल व मेडिकल सोसाइटी में डॉक्टर विशाल नैनीवाल अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे है, ऐसे में कुछ डॉक्टर की छोटी से गलती पर मरीज की जान आफत में आ सकती है, या यू कहे कि एक डॉक्टर जान बचाने का प्रयास करता है तो दूसरा डॉक्टर मरीज को होने वाले नुकसान खामियाजा भुगताना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज में एचओडी डॉ विशाल नैनीवाल ने अपने व अन्य मरीज की जान बचाने हेतु अस्पताल अधीक्षक डा अशोक शर्मा को पत्र में लिखा था कि सर्जिकल आईसीयू में ऑपरेशन होने के बाद सेफ्टी के लिए रखा जाता है जिनमें कई मरीजों के इंप्लांट व कई के ग्राफ्ट लगता है , इसी वार्ड में बर्न के मरीज को भी रखा गया है, बर्न मरीज से इन्फेक्शन फैलने का सबसे ज्यादा खतरा रहता सभी तरह के मरीजों को रहता है, डॉक्टर नेनीवाल ने बताया कि तीसरी मंजिल पर अलग से बर्न वार्ड होने के बावजूद भी मरीज की सर्जिकल आईसीयू में रखना अनुचित है , बेड नंबर दस पर भर्ती मरीज को बर्न वार्ड में आइसोलेशन में रखना चाहिए जिससे उसके इन्फेक्शन ना फैले, पर शायद डॉक्टर नैनीवाल ने मरीजों का भला करने में देर कर दी या उच्च पद पर आसीन अधीक्षक डा शर्मा ने तत्परता ना दिखाई , अधीक्षक डा शर्मा अगर मामले को गंभीरता से लेते तो एक मरीज की जान बचाई जा सकती थी, डॉक्टर नेनीवाल ने अधीक्षक डॉ अशोक शर्मा से कॉल पर वार्ता की तो अधीक्षक ने असमर्थता प्रकट की शायद अधीक्षक को और मरीज को काल का ग्रास बनते देखना है।

# बूंदी राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के चुनाव संपन्न गोष्ठी भी आयोजित की गई



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिलाध्यक्ष सत्यवान शर्मा ने बताया कि राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के चुनाव में चुनाव अधिकारी लीलाराम यादव एवं संयुक्त महासंघ के मुख्य संरक्षक पुरुषोत्तम पारीक बतौर पर्यवेक्षक मौजूद रहे। निर्वाचन में जिलाध्यक्ष के पद पर बलवीर सिंह गुर्जर एवं जिला मंत्री पद पर राजकुमार मीणा निर्वाचित घोषित किए गए।

इस अवसर पर काफी संख्या में राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के कर्मचारी उपस्थित रहे तथा कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी में निवर्तमान जिलाध्यक्ष मोतीराम जाटव,पूर्व जिलाध्यक्ष भवतेंद्र सिंह, निवर्तमान महामंत्री केवल सैनी,शंकर लाल अग्रवाल सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। संयुक्त महासंघ के मुख्य संरक्षक पुरुषोत्तम पारीक ने अपने उद्बोधन में कहा कि कर्मचारियों को एकजुट रहकर अपने अधिकारों की रक्षा करना होगा अन्यथा उच्च अधिकारी अपने निजी स्वार्थों के लिए आपकी बलि चढ़ा देंगे साथ ही अपने कर्तव्य का भी ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। कर्मचारी सयुंक्त महासंघ जिलाध्यक्ष सत्यवान शर्मा ने प्रदेश नेतृत्व द्वारा चलाये जा रहे संघर्ष के कार्यक्रमों में पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ की ज्यादा से ज़्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

निर्वाचन अधिकारी लीलाराम यादव ने चुने हुए पदाधिकारियो को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# माँ आशापुरा माता का मनमोहक व आकर्षक श्रृंगार के साथ चैत्र नवरात्रा महोत्सव का हुआ आगाज, पूरे सप्ताह होगें कई कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** स्थानीय आशापुरा माता धाम में आज से चैत्र नवरात्रा महोत्सव का आयोजन धूम धाम से किया गया । इस दौरान पंडित जी द्वारा माँ आशापुरा का मनमोहक व आकर्षक श्रृंगार किया गया । इस महोत्सव के निमित्त मंदिर परिसर को नयनाभिराम विद्युत सज्जा व फूलों से सजाया गया है । रविवार को प्रात: 6.00 बजे व सायं 7.15 बजे माता जी की विशेष आरती की गयी ।

रविवार पूर्वाह्न 11.15 बजे नगर के सुप्रसिद्ध एवं वरिष्ठ चार्टर्ड एकाउंटेंट एवं मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष बृजमोहन व्यास द्वारा विधिवत रूप से माँ आशापुरा की घट स्थापना व पताका पूजन कर ध्वजारोहण कर कार्यक्रमों का शुभारंभ किया । दुर्गा सप्तशती के नियमित पाठ का प्रारम्भ और पंचमुखी बालाजी के सानिध्य में श्री रामचरित्रमानस के नवाह्न परायण का नियमित पाठ का प्रारम्भ भी आज प्रात: से प्रारम्भ हुआ। श्री आशापुरा माता मंदिर न्यास के सह-सचिव सुरेश वैष्णव ने बताया कि चैत्र नवरात्रा महोत्सव के प्रथम दिन 30 मार्च को श्रीमद् भागवत परिवार (प्रभातफेरी) द्वारा भजन संध्या सम्पन्न हुई । भजन संध्या और उसके बाद विशेष आरती में सेंकड़ों की संख्या में धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित हुए । श्री आशापुरा माता मंदिर न्यास के सह-सचिव सुरेश वैष्णव ने बताया कि चैत्र नवरात्रा महोत्सव के प्रथम दिन 30 मार्च को श्रीमद् भागवत परिवार (प्रभात फेरी), 31 मार्च को मनोज शास्त्री, 01 अप्रैल को नन्द किशोर सैन, 02 अप्रैल को नरेश दगदी, 03 अप्रैल को भागचंद सोलीवाल, 04 अप्रैल को के. सुदामा भजन मण्डल एवं 06 अप्रैल को कृष्णदीवानी स्वररागिनी मण्डल द्वारा भजन सरिता बहाई जाएगी। इसी भजन संध्या की कड़ी में मंदिर परिसर में 31 मार्च को मनोज शास्त्री, 01 अप्रैल को नन्द किशोर सैन, 02 अप्रैल को नरेश दगदी, 03 अप्रैल को भागचंद सोलीवाल, 04 अप्रैल को के. सुदामा भजन मण्डल एवं 06 अप्रैल को कृष्ण दीवानी स्वररागिनी मण्डल द्वारा भजन सरिता बहाई जाएगी । दिनांक 05 अप्रैल को मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले अष्टमी मेले में देश के सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कलाकारों द्वारा भक्तिमय भजन संध्या आयोजित होगी, जिसमें नाना प्रकार की मनमोहक, आकर्षक एवं अद्भुत झांकियों के माध्यम से प्रभु चरित्र मंचन किया जाएगा ।

# चांग गेट पर अवैध निर्माण को लेकर प्रशासन की अनदेखी पर सवालिया निशान







बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** चांग गेट पर नगर परिषद व प्रशासन की नाक के नीचे अवैध रूप से अंडरग्राउंड निर्माण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अखिल भारत हिंदू क्रांति सेना और अन्य सामाजिक व राजनीतिक संगठनों द्वारा लगातार जिला कलेक्टर और नगर परिषद आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर इस अवैध कार्य को रोकने की मांग की गई, लेकिन प्रशासन की उदासीनता के चलते अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुकानदार द्वारा प्याऊ के पीछे की जमीन पर अवैध रूप से अंडरग्राउंड निर्माण कार्य कर लिया गया है। यह निर्माण कार्य शहर की सुरक्षा दीवार (परकोटा) से सटाकर पुलिस चौकी की नाक के नीचे किया गया, जिससे साफ है कि यह सारा कार्य प्रशासन की मिलीभगत से संभव हुआ है। नगर परिषद के अधिकारियों को कई बार इस मामले की जानकारी दी गई, लेकिन उन्होंने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

**अवैध निर्माण पर कार्रवाई क्यों नहीं :** नगर परिषद के अधिकारी आमतौर पर अवैध निर्माण कार्यों को रोकने के लिए पीला पंजा लेकर तुरंत मौके पर पहुंच जाते हैं, लेकिन चांग गेट पर हो रहे इस अवैध निर्माण को रोकने में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आखिरकार, इस कार्यवाही से बचने के पीछे का रहस्य क्या है? यह सवाल शहरवासियों को परेशान कर रहा है।

**प्रशासन पर उठ रहे सवाल :** समाचार पत्रों में इस अवैध निर्माण की खबरें लगातार प्रकाशित हो रही हैं, लेकिन इसके बावजूद किसी भी स्तर पर प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे साफ जाहिर होता है कि या तो प्रशासन की बाजुओं में दम नहीं बचा है या फिर दुकानदार की चांदी की खनक इतनी तेज है कि अधिकारियों की आंखें बंद हो गई हैं।

**कलेक्टर की साख पर भी असर :** जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत को एक ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी माना जाता है, जिन्होंने शहर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। लेकिन इस मामले में उनकी चुप्पी और कार्रवाई का अभाव उनकी साख पर भी सवाल खड़ा कर रहा है। आखिर ऐसे अवैध कार्यों पर अंकुश लगाने में प्रशासन को किस दबाव का सामना करना पड़ रहा है, यह रहस्य अब तक अनसुलझा है।

## शहरवासियों में रोष

शहरवासियों का कहना है कि जब तक इस अवैध कार्य को तुड़वाकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक यह भ्रष्टाचार इसी तरह फलता-फूलता रहेगा। लोगों ने मांग की है कि जिला प्रशासन और नगर परिषद इस अवैध निर्माण को तुरंत रुकवाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे।

# नववर्ष के अवसर पर शोभायात्रा निकाली



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला में भारतीय नववर्ष समारोह समिति के तत्वधान में रविवार को नववर्ष के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई जिसमे चौमहला गंगधार सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। शोभायात्रा सत्यनारायण मंदिर से शुरू हुई जो नगर के मुख्य झंडा चौक,कुंडला रोड,गायत्री मंदिर रोड,सब्जी मंडी आडा बाजार होती हुई श्री राम हनुमान मंदिर पहुंची,शोभायात्रा में डीजे ढोल आकर्षक झांकियां , दुर्गा वाहिनी, घुड सवार, शिव लीला की चलित झाकी , कायावनेश्वर की पालकी आर्य वीर अखाड़ा, झण्डा मंडल, शामिल रहे । शोभायात्रा के आगे आगे युवा बाइक पर सवार होकर हाथो में केसरिया ध्वज लिए चल रहे थे इसके पीछे घोड़े पर सवार दुर्गा वाहिनी व महिलाएं चल रही थी सत्यनारायण मंदिर से प्रारंभ हुई शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी रास्ते में जगह जगह विभिन्न धार्मिक सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा जलपान कर शोभायात्रा का स्वागत किया, शोभायात्रा में युवा जयकारा करते हुए चल रहे थे,शोभायात्रा में लोग सफेद ड्रेस में साफा बांधकर शरीक रहे। महाकाल चलित झाकी के कलाकारों द्वारा उम्दा प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा।शोभायात्रा में चेटी चंड के अवसर पर झूलेलाल की झाकी भी शरीक रही सिंधी समाज के महिला पुरुष भजन करते हुए झाकी के साथ चल रहे थे। शोभायात्रा का समापन श्री राम हनुमान मंदिर में महाआरती के साथ हुआ।

समापन पर आयोजन समिति द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।शोभा यात्रा में चौमहला,गंगधार सहित आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कस्बे में अतिरिक्त पुलिस जाप्ता जगह जगह तैनात किया गया,उप पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश अटल,थाना प्रभारी अमरनाथ जोगी ,तहसीलदार जतिन दिनकर टिम के साथ मौजूद रहे ।

# अजमेर में हर्षोल्लास से मनाया चेटीचंड महोत्सव

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की गरिमामयी उपस्थिति में निकाली भव्य शोभायात्रा, शहर के मुख्य मार्गो से होकर निकला चेटीचंड जुलूस

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर,( घनश्याम दास )।** सिंधी समाज के इष्टदेव श्री झूलेलाल की जयंती चेटीचंड के अवसर पर रविवार को अजमेर शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। चेटीचंड जुलूस में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्री देवनानी ने शोभायात्रा का शुभारंभ किया और सिंधी समाज की धार्मिक आस्था के समागम में भागीदारी की । शोभायात्रा की शुरुआत देहली गेट स्थित पूज्य लाल साहिब मंदिर से हुई। इसमें करीब 50 सुसज्जित झांकियां शामिल रही । हर झांकी में भगवान झूलेलाल की महिमा का चित्रण किया गया। श्रद्धालु आयो लाल झूले लाल के भजनों के साथ यात्रा में शामिल हुए । विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इस अवसर पर कहा कि चेटीचंड महोत्सव हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। ये समाज की एकता और भाईचारे को दर्शाता है। उन्होंने शोभायात्रा के आयोजकों की सराहना की और कार्यक्रम की सफलता की कामना की। उन्होंने कहा कि अजमेर शहर में आयोजित यह चेटीचंड महोत्सव समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और एकता का प्रतीक है। इससे सभी वर्गों के बीच भाईचारे और सद्भावना को बढ़ावा मिलता है।शोभायात्रा का मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। इससे वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन में प्रशासन की द्वारा सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं के लिए विशेष इंतजाम किए गए । इससे श्रद्धालुओं को कोई कठिनाई नहीं हुई।चेटीचंड जुलूस में कुछ विशिष्ट झलकियां रही।इसमें झूलेलाल की कृपा बरसाती झांकी, जिसमें भगवान झूलेलाल की कृपा का दृश्य प्रस्तुत किया गया एवं झूलेलाल के जीवन दर्शन संदेश तथा सामाजिक जनचेतनाओं को अंकित करती विभिन्न झाकियां आकर्षण का केंद्र रही। पूज्य लाल साहिब मन्दिर सेवा ट्रस्ट, देहलीगेट के महासचिव श्री जय किशन पारवानी ने बताया कि शोभायात्रा पूज्य लाल साहिब मंदिर, झूलेलाल धाम, देहली गेट से प्रारम्भ होकर अजमेर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई गंज गुरुद्वारे पर सम्पन्न होगी। इस दौरान शोभायात्रा में मंदिर के मुख्य सेवक प्रभु लौंगानी, महापौर ब्रजलता हाडा ,जिला अध्यक्ष रमेश सोनी, पार्षद दीपेंद्र लालवानी, रमेश चेलानी ,दयाल दास , मनोहर मोटवानी , किशन चंद हलवानी सहित बड़ी संख्या में आमजन ने भाग लिया।

# श्री क्षत्रिय युवा संगठन जिला ब्यावर द्वारा नव संवत्सर शोभायात्रा का भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** रविवार को श्री क्षत्रिय युवा संगठन, जिला ब्यावर द्वारा बजरंग सिंह जी गोठड़ा के नेतृत्व में हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति, ब्यावर के तत्वावधान में आयोजित नव संवत्सर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा के स्वागत के लिए अजमेरी गेट के अंदर बाफना मार्केट के बाहर स्वागत द्वार लगाया गया। वहां से गुजरने वाली शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर राष्ट्रभक्ति के नारे लगाए गए।

साथ ही, शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को ठंडे पानी का वितरण कर सेवा कार्य किया गया। इस स्वागत कार्यक्रम में पुरानी ब्यावर से पूर्व सरपंच उमराव सिंह जी राठौड़, गिरधारी सिंह जी, प्रताप सिंह जी, मोहन सिंह जी, सुधीर सिंह तोमर, दीप सिंह जी शेखावत, शोभ सिंह जी, शंकर सिंह जी, भेरू सिंह जी, रोहित सिंह जी, रणजीत सिंह जी कुड़ी, रविंद्र सिंह जी, आनंद तोमर, दुर्गा सिंह जी, नागेंद्र सिंह जी, नरपत सिंह जी, देवेंद्र सिंह जी, करण सिंह जी, अमित तोमर और अखिलेश सिंह जी सहित सैकड़ों राजपूत समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।शोभायात्रा के दौरान देशभक्ति और धार्मिक उत्साह का वातावरण देखने को मिला। समाज के लोगों ने एकजुट होकर इस पावन अवसर को उत्साह और श्रद्धा से मनाया। इसी तरह नवसंवत्सर पर आयोजित शोभायात्रा में महिलायें सबसे आगे-आगे चल रही थी उनके साथ किन्नर समाज के वरिष्ठ किन्नर भी मौजूद थे। सभी ने शहरवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनायें दी। अजमेर देहात महिला मोर्चा की महामंत्री मंजू जांगिड, ललिता जालान, इन्दु शर्मा, तारा सोनी, शशी सोलंकी, राजेश्वरी यादव सहित कई महिलायें व पुरुष कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने नव संवत्सर पर पुष्कर में किए धार्मिक अनुष्ठान, क्षेत्रवासियों को दी शुभकामनाएँ

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर/पुष्कर( घनश्याम दास )।** राजस्थान के जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने रविवार को नव संवत्सर के पावन अवसर पर अपनी कर्मभूमि पुष्कर में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने जगत पिता श्री ब्रह्मा जी के मंदिर में विधिवत पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और पवित्र पुष्कर सरोवर में जल अभिषेक कर देश एवं प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। रावत ने पुष्कर तीर्थनगरी के मुख्य बाजार में भ्रमण कर क्षेत्रवासियों से आत्मीय मुलाकात की और हिन्दू नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया और नव संवत्सर के शुभ अवसर पर प्रदेश में उन्नति और विकास की शुभेच्छाएँ प्रकट कीं। मंत्री श्री रावत ने इसके उपरांत भटबाई गणेश जी मंदिर और पुष्कर नाला स्थित मातारानी चामुंडा मंदिर में भी दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने देश और प्रदेश में अमन, शांति, सद्भावना, प्रेम और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करने की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ निवर्तमान सभापति कमल पाठक, प्रधान प्रतिनिधि अर्जुन रावत, मंडल अध्यक्ष भुवनेश पाठक, भाजपा नेता अरुण वैष्णव, अशोक पाराशर, लक्ष्मी पाराशर, पार्षदगण धर्मेंद्र नागोरा, रोहन बोकोलिया, शंभू चौहान, विष्णु सेन, घनश्याम भाटी, नौशाद अली, राजू गॉड, यशराज पाराशर, पुष्कर नारायण भाटी, कमल रावत, हरिशंकर चौहान, मोहन सिंह रावत, मांगीलाल रावत सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने नव वर्ष को संस्कृति, परंपरा और सामाजिक सौहार्द्र को मजबूत करने का अवसर बताते हुए एकजुटता का संदेश दिया।

# महिलाओं ने 16 दिन की गणगौर पूजन के साथ हल्दी-मेहंदी की रस्म निभाई

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी/ श्री महावीर जी (अंशु गुप्ता)।** काजल मार्केट में महिलाओं ने रविवार को गणगौर पूजन के साथ हल्दी-मेहंदी की रस्म निभाई।इस अवसर पर दो महिलाएं वर और वधू के रूप में सजीं।दोपहर को महिलाएं सज-धजकर एकत्रित हुई। उन्होंने पूजन के साथ हल्दी और मेहंदी की परंपरागत रस्में निभाईं। कार्यक्रम में महिलाओं ने ईसर और गौर के भजन गाए। धार्मिक गीतों की प्रस्तुतियों से माहौल भक्तिमय हो गया।कार्यक्रम में पूजा सिंहल, सपना सिंहल, वीणा, अनीता, ममता, रानी, दुर्गेश, बबीता सहित अन्य महिलाएं शामिल हुईं। सभी महिलाओं में गणगौर पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।

# भारत विकास परिषद ने नव संवत्सर पर महिला सदस्यों ने राहगीरों कुमकुम टीका लगाकर किया अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** भारत विकास परिषद ने नव संवत्सर का स्वागत विशेष तरीके से किया। मोहन नगर स्थित टेलीफोन एक्सचेंज चौराहे पर वर्ष प्रतिपदा उत्सव का आयोजन किया गया।परिषद की महिला सदस्यों ने राहगीरों के स्वागत के लिए आकर्षक रंगोली बनाई। सभी आने-जाने वालों का स्वागत कुमकुम टीका लगाकर किया गया और प्रसाद का वितरण किया गया। परिषद अध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता के अनुसार, कार्यक्रम में भारत माता और वंदे मातरम के जयकारे लगाए गए। परिषद सचिव दीनदयाल सिंहल ने कार्यक्रम की जानकारी दी। इस अवसर पर नीलम खत्री, मंजू गुप्ता, आरती बिंदल, मोना ऐरन, वंदना शर्मा, राधा किशोरी शर्मा, सुधा गुप्ता, पूजा गुप्ता, गरिमा गुप्ता, डॉ. कुसुमलता जिंदल, डॉ. लक्ष्मी अग्रवाल, रमणी जैन, सीमा गुप्ता, कुमकुम अग्रवाल, अनिल गोयल और उमेश शर्मा सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# थाना पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** सदर थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने पावटीयान का पुरा के रहने वाले जीतेंद्र जाटव को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया-एएसआई अशोक कुमार की टीम ने आरोपी को उसके गांव के रास्ते पर घूमते हुए पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 315 बोर का एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि वह इन अवैध हथियारों का उपयोग किस घटना में करने की योजना बना रहा था। इस कार्रवाई में सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा, डीएसटी से सब इंस्पेक्टर देवेश कुमार और सदर थाना के सहायक उप निरीक्षक अशोक कुमार सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

# केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी के प्रयासों से अजमेर को मिलेगी नई रेलसेवा, दौराई-टनकपुर एक्सप्रेस का होगा शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर/ किशनगढ़ (घनश्याम दास)।** संसदीय क्षेत्र के लिए एक नई रेल सेवा की सौगात मिलने जा रही है। दौराई-टनकपुर एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 15091/15092) का शुभारंभ 31 मार्च को केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। इस ट्रेन का संचालन शुरू होने से अजमेर से उत्तराखंड के टनकपुर के बीच सीधी रेल सेवा उपलब्ध होगी। इसके लिए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का सभी क्षेत्रवासियों की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर उद्घाटन समारोह 31 मार्च को शाम 3ः00 बजे दौराई रेलवे स्टेशन पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। यह ट्रेन गाजियाबाद, मुरादाबाद, पीलीभीत होते हुए उत्तराखंड के टनकपुर तक पहुंचेगी। इससे धार्मिक, पर्यटन एवं व्यावसायिक यात्रियों को सीधी और सुविधाजनक रेल सेवा मिलेगी। केंद्रीय मंत्री एवं अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने कहा कि यह ट्रेन उनके संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा होगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। दौराई-टनकपुर एक्सप्रेस से अजमेरवासियों को उत्तराखंड जाने के लिए एक नया और सुगम मार्ग मिलेगा।

# हेल्दी और एक्टिव ब्रेन के लिए डाइट में शामिल करें ये फूड्स

दिमाग को तेज, स्वस्थ और सक्रिय बनाने के लिए अकसर बादाम खाने पर जोर दिया जाता है। कहा जाता है कि रोजाना एक मुट्ठी बादाम खाने से दिमाग हमेशा एक्टिव रहता है। इसके सेवन से याद्दाश्त भी बढ़ती है। लेकिन बादाम के अलावा भी कई ऐसे फूड्स आइट्म्स हैं, जिनके सेवन से आप अपने दिमाग को तेज और स्वस्थ रख सकते हैं । अपने शरीर को सक्रिय रखने के लिए आप कई तरह की हेल्दी चीजों का सेवन करते हैं, लेकिन मानसिक रूप से सक्रिय रहने के लिए दिमाग का स्वस्थ होना बेहद जरूरी है। जैसे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विटामिंस, मिनरल्स से भरपूर भोजन खाना जरूरी होता है, ठीक उसी तरह दिमाग के लिए भी पोषक तत्वों की जरूरत पड़ती है। दिमाग हमें शारीरिक और मानसिक दोनों कामों को करने में मदद करता है। दिमाग के स्वस्थ रहने पर याद्दाश्त और स्वास्थ्य दोनों बेहतर रहते हैं। इसके लिए आपको कुछ ऐसे फूड्स का सेवन करना चाहिए, जिनसे ब्रेन बूस्ट यानी दिमाग तेज होता है।



## दिमाग को स्वस्थ रखे ये फूड्स

### कद्दू के बीज

कद्दू के बीज सेहत के साथ ही दिमाग के लिए भी फायदेमंद होते हैं। नियमित रूप से स्नैक्स में कद्दू के बीजों का सेवन करने से आपको कई पोषक तत्व प्राप्त हो सकते हैं। अगर आप अपने दिमाग को स्वस्थ रखना चाहते हैं, तो कद्दू के बीजों को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना शुरू कर दें। कद्दू में जिंक काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है, जो याद्दाश्त यानी मेमोरी पावर बढ़ाने में मदद करता है। इसके अलावा इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स, मैग्नीशियम, कॉपर और आयरन भी भरपूर मात्रा में होता है। जिंक दिमाग को संकेत देने, मैग्नीशियम सीखने और स्मृति बढ़ाने में हेल्प करता है। कद्दू के बीजों के सेवन से आपकी थिंकिंग स्किल्स भी बेहतर होती है। बच्चों को नियमित रूप से कद्दू के बीजों का सेवन करवाने से वे दिमागी तौर से जल्दी विकसित हो सकते हैं।

### हरी पत्तेदार सब्जियां

हरी पत्तेदार सब्जियां खाना सभी के लिए फायदेमंद होता है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करना बहुत जरूरी होता है। दिमागी रूप से स्वस्थ रहने के लिए पालक, ब्रोकली और केल को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इनमें काफी अच्छी मात्रा में विटामिन के, ल्यूटिन, फोलेट और बीटा कैरोटीन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। विटामिन के मस्तिष्क की कोशिकाओं के अंदर फैट का निर्माण करता है और मेमोरी पावर को बढ़ाता है। पालक में मैग्नीशियम की उच्च मात्रा होती है, जिसके सेवन से शरीर और दिमाग में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर रहता है।

### डार्क चॉकलेट

चॉकलेट खाना किसे पसंद नहीं होता है, डार्क चॉकलेट स्वादिष्ट या टेस्टी होने के साथ ही सेहतमंद भी होता है। अकसर सिंपल चॉकलेट की जगह डार्क चॉकलेट खाने की सलाह दी जाती है। इसके सेवन से आप अपने दिमाग को भी स्वस्थ रख सकते हैं। दरअसल, डार्क चॉकलेट कोको से बना होता है, जिसमें फ्लेवोनॉयड्स नामक एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह दिमाग को स्वस्थ रखने में मददगार होता है। यह एंग्जायटी, तनाव और अवसाद को दूर करने में हेल्प करता है, जिससे दिमाग खुद ही स्वस्थ रहता है। दिमागी तौर पर स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से डार्क चॉकलेट का सेवन किया जा सकता है, लेकिन इसे अधिक मात्रा में खाने से बचें। डायबिटीज रोगियों को इसका सेवन करने से बचना चाहिए।

### बैरीज

अपने या अपने बच्चों के दिमाग को स्वस्थ, सक्रिय या एक्टिव रखने के लिए आप बेरी का सेवन कर सकते हैं। बेरी में भी फ्लेवोनॉयड्स नामक एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो मस्तिष्क की कोशिकाओं को मजबूत बनाने में सहायक होता है। इसके नियमित सेवन से आप मानसिक रूप से हमेशा स्वस्थ रह सकते हैं। इसमें आप ब्लूबेरी, स्ट्रॉबेरी और ब्लैकबेरी बेरी का सेवन कर सकते हैं। यह दिमाग के साथ ही आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर माने जाते हैं। आप नियमित रूप से इसका सेवन कर सकते हैं।

### बीट रूट

बीट रूट यानी चुकंदर को स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। अकसर शरीर में खून की कमी होने पर चुकंदर खाने की सलाह दी जाती है। इसके साथ ही दिमाग को स्वस्थ और संतुलन में रखने के लिए भी इसका सेवन करना लाभकारी होता है। चुकंदर में पर्याप्त मात्रा में विटामिन बी होता है, जो याद्दाश्त या मेमोरी पावर बढ़ाने में काफी सहायक होता है। इसके अलावा भी बीट रूट में कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो दिमाग को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। आप चाहें तो चुकंदर का जूस पी सकते हैं या सलाद के रूप में भी ले सकते हैं।

### अंडा

अंडा प्रोटीन से भरपूर होता है, इसलिए इसे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए एक बेहतरीन फूड माना जाता है। दिमाग को स्वस्थ और सक्रिय रखने के लिए भी अंडे का सेवन करना फायदेमंद होता है। अंडे में विटामिन बी और कोलीन नामक पोषक तत्व पाया जाता है, जो दिमाग की सेहत के लिए लाभदायक होता है। इसमें मौजूद विटामिन बी अवसाद और चिंता को दूर करता है और दिमाग को स्वस्थ रखता है। कोलीन पोषक तत्व दिमागी शक्ति बढ़ाने में मदद करता है।

### अखरोट

अखरोट का आकार एकदम मस्तिष्क की तरह की होता है। नियमित रूप से एक मुट्ठी अखरोट का सेवन करने से दिमाग हमेशा तेज और स्वस्थ रहता है। दिमाग के लिए अखरोट को काफी अच्छा माना जाता है। अखरोट में कई सारे ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो दिमाग को तेज और सक्रिय रखने में मदद करता है। इसमें विटामिन ई, एंटीऑक्सीडेंट्स, कॉपर और मैंगनीज होते हैं, जो दिमाग की कार्य क्षमता को बढ़ाते हैं। इसके अलावा अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड भी पाया जाता है, जिससे दिमाग की काम करने की शक्ति बढ़ती है।

# रात को बाल खोलकर सोना चाहिए या बांधकर? बालों की सेहत के लिए क्या है सही



बालों को अच्छे शैंपू से धो लेना ही काफी नहीं है, बल्कि जितनी केयर हम अपनी त्वचा की करते हैं, उतनी ही बालों की भी जरूरी है। स्वस्थ बालों के लिए जरूरी है कि उनमें पसीना न रहे, बालों की अच्छे से ऑइलिंग की जाए तो वहीं, बालों के झड़ने की समस्या से भी बचाया जाए। बाल तभी हेल्दी रह सकते हैं, जब हेल्दी प्रैक्टिस को फॉलो किया जाए। अक्सर लड़कियों में यह असमंजस होती है कि वे रात में बाल बांधकर सोएं या खोलकर।

### बाल बांधकर सोएं या खोलकर

इस कंफ्यूजन का सीधा-सीधा जवाब नहीं दिया जा सकता। क्योंकि यह लोगों पर निर्भर करता है को वे बाल खोलकर सोना पसंद करते हैं या खोलकर। पर विशेषज्ञों का मानना है कि जब बाल खोलकर सोते हैं तो बाल टूटने से लेकर अन्य समस्याएं बढ़ जाती हैं। इसलिए बाल बांधकर सोने की सलाह दी जाती है। हालांकि यह पर व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वे कैसे सोना चाहता है। पर निजी तौर पर भी मैंने यह महसूस किया है कि बाल खोलकर सोने से सुबह तकिए पर ज्यादा बोल होते है लेकिन जब बाल बांधकर सोती हूं तो बाल कम टूटते हैं।

### कम टूटते हैं बाल

रात को अगर आप बाल बांधकर सोते हैं तो बाल कम टूटते हैं। दरअसरल जब हम बाल खोलकर सोते हैं तो बालों में रूखापन बढ़ता है। बालों का मॉश्चर तकिया ले लेता है जिस वजह से बाल रूखे और बेजान हो जाते हैं, जिससे सुबह जब आप सोकर उठते हैं तब देखते हैं तो तकिए के चारों तरफ बाल टूटे पड़े रहते हैं।

### फ्रिजी हेयर से बचेंगे

अक्सर आपने देखा होगा कि जब हम बाल खोलकर सोते हैं तो बाल बेतरतीब तरीके से बिखरे होते हैं। यह इसलिए होता है क्योंकि बालों की नमी खत्म हो चुकी होती है और बाल रूखे हो चुके होते हैं। अगर आपको फ्रिजी हेयर नहीं चाहिए तो रात को सोते समय साटन का स्कार्फ बालों में बांधकर सोएं। इससे आपके बाल प्रोटेक्टिड रहेंगे और सुबह बाल फ्रिजी नहीं होंगे। बाकी आपकी अपनी इच्छा है कि आप सोते समय किस तरह के बालों में खुद को कंफर्टेबल महसूस करते हैं।

### बालों में चमक आती है

यह एक मिथक है कि रात को बालों में कंघी नहीं करनी चाहिए। लेकिन रात को बाल कंघी करके सोने से बाल उलझते नहीं हैं। जब बाल उलझेंगे नहीं तो टूटेंगे नहीं। दूसरा कंघी करने से आपके बालों में लगा तेल ऊपर से लेकर नीचे तक पहुंचेगा। जिससे बालों को पूरा न्यूट्रीशन मिलेगा। इसलिए किसी अच्छी कंघी से बालों को कंघी करें। ताकि बाल ज्यादा टूटे नहीं।

### बाल सिल्की रहेंगे

रात को जब आप सोएं तब बालों की मसाज करें। यह आप हफ्ते में दो या तीन बार कर सकते हैं। मसाज करके सोने से बालों में शाइन आती है। साथ ही जब आप मसाज करते हैं कि स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। जिससे बालों को सभी जरूरी न्यूट्रीएंट मिलते हैं। मसाज करना बहुत आसान है। आप केवल बालों को खोलकर उंगलियों से खोपड़ी पर तेल लगाकर मसाज करें। इससे आपका तनाव भी कम होगा। जब तनाव कम होता है तब बालों की सेहत खुद ही ठीक हो जाती है। और आपके बाल सिल्की रहेंगे।

# किडनी की समस्या से जूझ रहे लोग कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए बरतें ये जरूरी सावधानियां

कोविड का यह दौर भारत के लिए ही नहीं दूसरे देशों के लिए भी बड़ी समस्याएं लेकर आया है। दूसरी लहर में यह कोरोना, स्वस्थ लोगों से लेकर छोटे-छोटे बच्चों को भी अपना शिकार बना रहा है। जो लोग पहले से ही गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं, ऐसे में विशेषज्ञ उन्हें इस समय और ज्यादा सावधानी बरतने की सलाह देते हैं। ऐसे ही गंभीर मरीजों में शामिल हैं किडनी की समस्या से जूझ रहे लोग। डायबिटीज, हृदय रोग, किडनी रोग, ब्लड प्रेशर वाले लोगों की इम्यूनिटी पावर पहले से काफी कमजोर होती है, ऐसे में कोरोना वायरस उन लोगों को आसानी से अपनी चपेट में ले सकता है।

**डायबिटीक व किडनी पेशेंट्स बरतें सावधानियां**

- घर पर हाइजीन का खास ख्याल रखें।



- एक ही चीज को बार-बार अलग-अलग सदस्य न छुएं।
- बार-बार साबुन से अच्छे से हाथ धोते रहें।
- घर पर इस्तेमाल होने वाले हैंडल, टॉवल, रिमोट आदि जैसी चीज़ों को हफ्चे में कम से कम दो बार सेनिटाइजर से जरूर साफ करें।
- कैंसर मरीज की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। बाहर से घर पर पहुंचते ही सेनिटाइजर का इस्तेमाल करें।

# नींबू पानी के शौकीन लोग भूलकर भी न करें इसका अधिक सेवन, सेहत को हो सकते हैं ये बड़े नुकसान

तेज धूप और गर्मी के बीच पीने को ठंडा-ठंडा नींबू पानी मिल जाए तो व्यक्ति दोबारा तरोताजा महसूस करता है। गर्मियों में ज्यादातर घरों में नींबू पानी पीना पसंद किया जाता है। स्वाद और ठंडक के अलावा नींबू पानी पीने से व्यक्ति को कई स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं। पानी में नींबू निचोड़कर पीने से शरीर को विटमिन सी, पोटाशियम और फाइबर मिलता है। बावजूद इसके क्या आप जानते हैं नींबू का अत्यधिक सेवन व्यक्ति को फायदा पहुंचाने की जगह नुकसान भी पहुंचा सकता है।

**दांतों की समस्या :** नींबू पानी का अधिक सेवन आपके सफेद स्वस्थ दांतों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डेंटल ऐंड क्रैनिफेशियल रिसर्च में प्रकाशित एक स्टडी के मुताबिक,



नींबू पानी के ज्यादा सेवन से दांतों को नुकसान पहुंचता है। नींबू में सिट्रस ऐसिड होता है, जिसका दांतों में ज्यादा संपर्क होने से दांत संवेदनशील हो जाते हैं। अगर आपको नींबू पानी पीना भी है तो उसे हमेशा स्ट्रॉ से पिएं, जिससे पानी दांतों को न छुए।

**पेट खराब :** कई बार लोग खाना पचाने के लिए नींबू के रस का सेवन करते हैं क्योंकि इसका ऐसिड पाचन में मदद करता है। लेकिन पेट में ज्यादा ऐसिड हो जाने की वजह से व्यक्ति का पेट भी खराब हो सकता है। नींबू को हमेशा खाने में मिलाकर ही खाएं।

**माइग्रेन की समस्या :** नींबू या अन्य सिट्रस फ्रूट्स व्यक्ति में माइग्रेन की समस्या बढ़ा सकते हैं। ऐसा इसलिए, सिट्रस फ्रूट्स में टायरामाइन नाम का खास तत्व पाया जाता है, जो माइग्रेन की समस्या को बढ़ा सकते हैं। डेलवेयर बायोटेक्नॉलजी इंस्टिट्यूट ने भी सुझाव दिया है कि माइग्रेन से बचने के लिए नींबू पानी के सेवन से बचना चाहिए।

**डीहाइड्रेशन :** नींबू पानी पीने से बार-बार पेशाब आने की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे बॉडी में डीहाइड्रेशन हो सकता है। दरअसल, पेशाब के जरिए कई बार शरीर से इलेक्ट्रोलाइट्स और सोडिमय जैसे तत्व भी बाहर निकल जाते हैं।

**खून में आयरन की अधिकता :** विटामिन सी शरीर में आयरन के अवशोषण की क्रिया को प्रोत्साहित करता है। शरीर में विटामिन सी की अधिकता खतरनाक साबित हो सकती है। यह शरीर के आंतरिक अंगों को क्षति पहुंचा सकती है।

# प्रोटीन या कार्ब्स : हेल्दी डाइट के लिए क्या खाएं ज्यादा और क्यों

कोरोना महामारी के बाद लोगों ने अपने खानपान पर विशेष ध्यान देना शुरू कर दिया है। इसके पीछे वजह है इम्युनिटी। लोगो अपनी इम्युनिटी को स्ट्रांग करना चाहते हैं और साथ ही हेल्दी लाइफ जीना चाहते हैं, इसलिए डाइट पर विशेष रूप से ध्यान दे रहे हैं। इसी बीच कार्बोहाइड्रेट्स और प्रोटीन दोनों में से कौन सा ज्यादा बेहतर है, इसको लेकर लोगों में कन्फ्युजन है।



**प्रोटीन या कार्बोहाइड्रेट्स क्या है बेहतर :** शरीर के विकास के लिए कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन और वसा यानी फैट इन तीनों तत्त्वों की जरूरत पड़ती है। कार्बोहाइड्रेट्स और प्रोटीन दोनों ही मैक्रोन्यूट्रीएंट्स हैं। ये दोनों ही शरीर को बेहतर तरीके से काम कराने के लिए जरूरी हैं, इसलिए कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन और फैट ये तीन जरूरी मैक्रोन्यूट्रीएंट्स हैं।

**शरीर में जाकर कार्बोहाइड्रेट्स क्या काम करता है :** कार्बोहाइड्रेट्स और प्रोटीन दोनों ही शरीर में जाकर अलग तरह से काम करते हैं। कार्बोहाइड्रेट्स जो हमें अनाज से मिलता है, उसका प्रमुख काम ऊर्जा प्रदान करना होता है। यही ऊर्जा आपको दिन प्रतिदिन के काम लिए जरूरी है। उदाहरण के लिए वॉकिंग, ब्रिदिंग, रनिंग आदि फिजिकल एक्टिविट के लिए यही कार्बोहाइड्रेट्स ऊर्जा देता है। आपके शरीर में कार्बोहाइड्रेट्स टूट कर ग्लूकोज बनाते हैं। यह ग्लूकोज शरीर में एनर्जी का फ्यूल बनते हैं।

**शरीर में जाकर प्रोटीन क्या काम करता है :** प्रोटीन का प्रमुख काम मांसपेशियों का निर्माण करना और शरीर का विकास करना है।

प्रोटीन की जरूरत हेल्दी स्किन, हेल्दी हेयर और मजबूत हड्डियों के लिए होती है। इसलिए कहा जा सकता है कि कार्बोहाइड्रेट्स ऊर्जा देते हैं और प्रोटीन शरीर के बिल्डिंग ब्लॉक हैं। प्रोटीन शरीर में जाकर एमिनो एसिड्स में ब्रेक होता है, शरीर के विकास में मदद करते हैं।

**शरीर को कितने कार्बोहाइड्रेटस और प्रोटीन की जरूरत :** आपकी डाइट में 40 से 50 फीसद कैलोरी कार्बोहाइड्रेट्स से मिलनी चाहिए और 35 से 40 फीसद कैलोरी प्रोटीन से प्राप्त होनी चाहिए। 10-15 बची हुई ऊर्जा फैट यानी वसा से आती है। इससे यह समझ आता है कि आपको प्रोटीन से ज्यादा कार्बोहाइड्रेट्स की जरूरत है। लेकिन यह जरूरत भी हर व्यक्ति पर अलग तरीके से निर्भर करती है। जिन लोगों को मधुमेह की दिक्कत है उन्हें कार्बोहाइड्रेट्स कम दिया जाता है। तो हर व्यक्ति की जरूरत के अनुसार प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट्स लेना चाहिए।

**रिफाइंड कार्ब्स :** रिफाइंड कार्ब्स अनहेल्दी कार्ब्स होते हैं। इन कार्ब्स से वजन बढ़ना, डायबिटीज, दिल की बीमारियां आदि परेशानियां होती हैं। रिफाइंड कार्ब्स मैदा, प्रोसेस्ड फूड जैसे केक, बिस्कुट, चिप्स, वाइट ब्रेड, टेबल शुगर आदि में पाया जाता है। रिफाइंड कार्ब्स से शरीर को किसी तरह का न्यूट्रीशन नहीं मिलता है। इससे सिर्फ कैलोरिज मिलती हैं।

**कॉम्प्लेक्स कार्ब्स :** कॉम्प्लेक्स कार्ब्स हेल्दी कार्ब्स होते हैं। जिनका सेवन रोजाना किया जा सकता है। यह कार्ब साबुत अनाज जैसे गेहूं, रागी, बाजरा, ज्वार, किनोआ, ओट्स आदि में पाया जाता है। कॉम्प्लेक्स कार्ब्स से हेल्दी एनर्जी मिलती है। इससे ब्लड शुगर नहीं बढ़ता और यह वजन बढ़ने का कारण नहीं बनता।

**प्लांट बेस्ड प्रोटीन और एनिमल प्रोटीन :** प्लांट बेस्ड प्रोटीन दालों, फलियां जैसे छोले, राजमा, लोबिया, काला चना, पीली मटर, अखरोट, बादाम, चिया सीड्स, सोयाबीन आदि से प्राप्त होता है। एनिमल प्रोटीन मांस, चिकन, मछली और अंडों से प्राप्त होता है।

## बारिश के मौसम में सेहतमंद रहने के लिए इन चीजों का रोजाना करें सेवन



मानसून के दस्तक देने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। हालांकि, इस मौसम में मच्छर भी पनपने लगते हैं। इसके चलते कई बीमारियां भी दस्तक देती हैं। बरसात के दिनों में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और जीका वायरस का आतंक देखने को मिलता है। साथ ही फ्लू समेत संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इन बीमारियों से बचाव बहुत जरूरी है। विशेषज्ञों की मानें तो बरसात के दिनों में खानपान और रहन-सहन का विशेष ध्यान रखना चाहिए। डॉक्टर मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए पूरी बाजू वाले कपड़े पहनने और रेपलेंट यूज करने की सलाह देते हैं।

**सूप पिएं :** बरसात के दिनों में सर्दी-खांसी का खतरा अधिक रहता है। इससे बचाव के लिए रोजाना सूप का सेवन करें। इससे संक्रमित बीमारियों का जोखिम कम हो जाता है। इसके लिए आप वेज या नॉन वेज सूप का सहारा ले सकते हैं। अगर आप नॉन वेज का सेवन करते हैं, तो चिकन सूप पिएं। वहीं, वेज पसंद करने वाले लोग सब्जियों का सूप पी सकते हैं।

**ग्रीन टी पिएं :** बरसात के दिनों में ग्रीन टी पीना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद साबित होती है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट्स और एंटी बैक्टीरियल के गुण पाए जाते हैं, जो संक्रमण से बचाव में सहायक होते हैं। इसके लिए बारिश के मौसम में रोजाना दो कप ग्रीन टी जरूर पिएं।

**गर्म पानी पिएं :** बरसात के दिनों में सेहतमंद रहने के लिए हमेशा गर्म पानी पिएं। बदलते मौसम में सर्दी, खांसी, जुकाम समेत फ्लू का खतरा बढ़ जाता है।

# क्या फाइबर वाले फूड्स ज्यादा खाने से होती है आपको गैस की समस्या

वजन को कंट्रोल में रखने के लिए कई लोग अपने आहार में हाई फाइबरयुक्त डाइट को अचानक से बढ़ा देते हैं। अधिकतर डायटीशियन का कहना है कि फाइबरयुक्त आहार का सेवन करने से वजन कंट्रोल रहता है। यह बात बिल्कुल सही भी है कि फाइबरयुक्त आहार वजन को कंट्रोल करने में आपकी मदद करता है। लेकिन कुछ लोगों को हाई फाइबर युक्त आहार लेने से गैस की समस्या हो जाती है। फाइबर युक्त आहार लेने से पेट में गैस, कुपच और एसिडिटी की समस्या हो जाती है।

**हाई फाइबर से क्यों बढ़ती है गैस की समस्या :** अब हमारी बॉडी यूज टू यानि आदतन नहीं है कि इतनी मात्रा में फाइबर को पचा सके। आधुनिक समय में एक सामान्य पुरुष को 32 ग्राम फाइबर की आवश्यकता होती है। वहीं, एक महिला को पूरे दिन में 28 ग्राम फाइबर की आवश्यकता होती है। लेकिन अगर आप अचानक से अपने डाइट में फाइबर को बढ़ाते हैं, तो यह ब्लोटिंग की समस्या को बढ़ा सकता है। यानि हमारे पेट के अंदर मौजूद बैक्टीरिया का ग्रो करता है। पेट के बैक्टीरिया के लिए फाइबर जरूरी होता है। इससे पेट स्वस्थ रहता है, लेकिन अचानक से ज्यादा मात्रा में फाइबर लेने से हमारी बॉडी एक्सेप्ट नहीं कर पाती है। क्योंकि इसका डाइजेशन सही से नहीं हो पाता है। ज्यादातर फाइबर रिच फूड्स गैसी होते हैं। जैसे- दाल, राजमा, छोले, चने इत्यादि। अचानक से इन सभी चीजों को डाइट में बढ़ा देने से गैस की समस्या हो सकती है।

**हाई फाइबर लेते समय गैस से बढ़ने के लिए क्या करें :** अगर आप हाई फाइबर युक्त आहार की मात्रा बढ़ाना चाह रहे है, तो इसे अचानक से न बढ़ाएं।

आसान जिंदगी मत मांगो, क्योंकि जिंदगी कभी आसान नहीं होती। खुद को मजबूत बनाने का प्रयास करो।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## मोदी के मन की बात का 120वां एपिसोड

# पीएम मोदी ने हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं, गर्मी की छुट्टियों के लिए बच्चों को टास्क दिया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी ) ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 120वें एपिसोड में हिंदू नववर्ष का जिक्र किया। उन्होंने देशवासियों को चैत्र नवरात्र, गुड़ी पाड़वा और हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी। पीएम ने कहा कि आज से भारतीय नववर्ष की भी शुरुआत हो रही है। यह विक्रम संवत 2082 की शुरुआत है। साथ ही आज गुड़ी पाड़वा का भी दिन है। यह बेहद पावन दिन है। ये त्योहार भारत की विविधता में एकता का एहसास कराते हैं। उन्होंने इस बार परीक्षा देकर लोटे छात्रों के लिए नए टास्क दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार गर्मियों में आपको कुछ नया सीखना है और उसको सख्बद्धश्यद्यद्धस्त्रड्ड4 के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट करना है। इससे पहले 23 फरवरी को पीएम ने मन की बात के 119वें एपिसोड में स्पेस सेक्टर, नारी शक्ति, चैंपियंस ट्रॉफी-क्रिकेट पर चर्चा की थी। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, खेलो इंडिया, वन्य जीवों और फिटनेस जैसे मुद्दों पर भी बात की थी। इससे पहले 23 फरवरी को पीएम ने मन की बात के 119वें एपिसोड में स्पेस सेक्टर, नारी शक्ति, चैंपियंस ट्रॉफी-क्रिकेट पर चर्चा की थी। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, खेलो इंडिया, वन्य जीवों और फिटनेस जैसे मुद्दों पर भी बात की थी।

### भारत की विविधता में एकता-

आज कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगना में उगादि का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज ही महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा मनाया जा रहा है। विविधता भरे हमारे देश में, अलग-अलग राज्यों में अगले कुछ दिन में असम में रोंगाली बिहू, बंगाल में पोइला बोइशाख, कश्मीर में नवरेह का उत्सव मनाया जाएगा। हमारे ये त्योहार भले ही अलग-अलग क्षेत्रों में हो, लेकिन ये दिखाते हैं कि भारत की विविधता में भी कैसे एकता पिरोई हुई है। इस एकता की भावना को हमें निरंतर मजबूत करते चलना है।

### बच्चे समर वेकेशन में कुछ नया सीखें-

आज बच्चे नए-नए प्लेटफ्रॉम से बहुत कुछ सीख सकते हैं। जैसे कोई टेक्नॉलाजी के बारे में सीख सकता है तो कोई थियटर या लीडरशिप क्वालिटी सीख सकता है। ऐसे कई स्कूल हैं, जो स्पीच और ड्रामा सिखाते हैं। ये बच्चों को बहुत काम आते हैं। बच्चे गर्मियों की छुट्टियों में कई जगह चल रहे वॉलंटियर एक्टिविटीज सेवा कार्यों से जुड़ सकते हैं। अगर कोई संगठन, कोई स्कूल या सामाजिक संस्थाएं समर एक्टिविटी करवा रहे हों तो #MyHolidays के साथ हमारे साथ जरूर शेयर करें।

### खेलो इंडिया पैरा गेम्स में ऐतिहासिक प्रदर्शन

खेलो इंडिया पैरा गेम्स में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई। हरियाणा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। इस आयोजन में दिव्यांग खिलाड़ियों ने 18 राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए, जिनमें से 12 रिकॉर्ड महिला खिलाड़ियों के नाम रहे। गोल्ड मेडल जीतने वाले आर्म रेसलर जॉबी मैथ्यू ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अपने संघर्ष और दृढ़ संकल्प को साझा किया।

### देशवासियों से पानी बचाने की अपील की-

मोदी ने कहा कि गर्मी शुरू होते ही शहरों और गांवों में पानी बचाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। देशभर में कृत्रिम तालाब, चेक डैम, बोरवेल रीचार्ज और कम्युनिटी सोक पिट का निर्माण किया जा रहा है। पिछले 7-8 वर्षों में टैंक, तालाब और अन्य वॉटर रीचार्ज स्ट्रक्चर के माध्यम से 11 बिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक पानी संरक्षित किया गया है। यह आंकड़ा भाखड़ा नांगल बांध की गोविंद सागर झील की जल क्षमता (9-10 बिलियन क्यूबिक मीटर) से भी अधिक है।

### टेक्सटाइल वेस्ट: एक गंभीर चुनौती-

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टेक्सटाइल वेस्ट पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी समस्या बन गया है। रिसर्च के अनुसार, सिर्फ 1त्न से भी कम टेक्सटाइल वेस्ट को नए कपड़ों में रिसाइकल किया जाता है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा टेक्सटाइल वेस्ट उत्पादक देश है। लेकिन, कई स्टार्टअप और संस्थाएं इस समस्या के समाधान के लिए काम कर रही हैं। वे पुराने कपड़ों को रिसाइकल कर जरूरतमंदों तक पहुंचा रहे हैं और सस्टेनेबल फैशन को बढ़ावा दे रहे हैं।



**युवाओं को MY-Bharat के बारे में जानना चाहिए**- MY-Bharat के स्टडी टूर में आप यह जान सकते हैं कि हमारे जन औषधि केंद्र कैसे काम करते हैं। आप वाइब्रेंट विलेज अभियान का हिस्सा बनकर सीमावर्ती गांवों में एक अनोखा अनुभव ले सकते हैं। वहां संस्कृति और खेल गतिविधियों का हिस्सा भी जरूर बन सकते हैं। वहीं, अंबेडकर जयंती पर पदयात्रा में भाग लेकर आप संविधान के मूल्यों को लेकर जागरूकता भी फैला सकते हैं।

**दुनियाभर में योग और आयुर्वेद की बढ़ती लोकप्रियता**-पीएम मोदी ने कहा कि योग और पारंपरिक चिकित्सा को लेकर पूरी दुनिया में रुचि बढ़ रही है। बड़ी संख्या में युवा इसे वेलनेस का एक बेहतरीन माध्यम मानकर अपना रहे हैं।

# प्रधानमंत्री जी ने एकात्मता व अखण्डता के सूत्र में देश को पिरोया : सीएम शर्मा



जयपुर। बढ़ता राजस्थान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम की 120वीं कड़ी में देशवासियों को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी मुख्यमंत्री निवास से प्रधानमंत्री के प्रेरक उद्बोधन को सुना। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने चैत्र नवरात्र तथा भारतीय नववर्ष के साथ ही आगामी 13 से 15 अप्रेल के बीच देश के विभिन्न राज्यों में मनाए जाने वाले त्योहारों और पर्वों की देशवासियों को शुभकामनाएं दी। मोदी ने कहा कि हमारे ये त्योहार भले ही अलग-अलग क्षेत्रों में मनाए जाते हैं, लेकिन ये दिखाते हैं कि भारत की विविधता में भी कैसे एकता पिरोई हुई है। प्रधानमंत्री ने परीक्षा के बाद स्कूलों में होने वाले ग्रीष्मावकाश की चर्चा करते हुए छुट्टियों में बच्चों की रचनात्मक क्षमता को विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने गर्मी के मौसम में जल संरक्षण के महत्व पर बात करते हुए जल संचय जन-भागीदारी अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का भी आह्वान किया। मोदी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में वाटर रीचार्ज स्ट्रक्चर के माध्यम से वर्षा जल संचय के प्रयासों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स में विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उत्साह, लगन और प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने अपनी मॉरीशस यात्रा के अनुभव साझा करते हुए दुनिया के विभिन्न देशों में भारतीय संस्कृति का संरक्षण कर रहे संगठनों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में भी बात की। प्रधानमंत्री ने अनुपयोगी वस्तुओं और कचरे को रिसाइकल कर उपयोगी सामान बनाने की पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण हितैषी बताया।

मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में बात करते हुए देशवासियों को अपने जीवन में योग को शामिल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग मानवता को भारत की ओर से ऐसा अनमोल उपहार है, जो भविष्य की पीढ़ी के बहुत काम आने वाला है। मोदी ने कहा कि योग के साथ हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद भी दुनिया के विभिन्न देशों में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी देश वासियों को सदैव अपने विचारों से प्रेरित करते हैं। उनका प्रेरणादायक उद्बोधन सुनकर मन में एक नए उत्साह का संचार होता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से वे भारतीय संस्कृति और परंपरा के बारे में बताने के साथ ही देश में हो रहे चहुंमुखी विकास व सकारात्मक कार्यों के बारे में भी जानकारी देते हैं। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने देश को एकात्मता और अखण्डता के सूत्र में पिरोया है और मन की बात की इस कड़ी में अपने प्रेरणादायक उद्बोधन के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता के महत्व पर प्रकाश डाला है।

# मोती डूंगरी मंदिर में सोने का मुकुट पहनाया

## खोले के हनुमानजी मंदिर में कलश यात्रा निकाली गई, चेटीचंड भी मनाया जा रहा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भारतीय नववर्ष, नवरात्रि स्थापना और चेटीचंड के अवसर पर शहर के प्रमुख मंदिरों में धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। जयपुर के प्रसिद्ध खोले के हनुमान जी मंदिर में कलश यात्रा निकाली गई। गणेशजी महाराज मोती डूंगरी मंदिर में पंचामृत अभिषेक के साथ भगवान को नवीन पोशाक और सोने का मुकुट धारण कराया गया है। मंदिर में नववर्ष के अवसर पर भव्य आतिशबाजी की जाएगी। वहीं, सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के मौके पर चेटीचंड महापर्व का आयोजन किया गया। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, नवरात्रि का पहला दिन है। प्रमुख देवी मंदिरों में कलश स्थापना हो चुकी है, इस बार नवरात्रि केवल 8 दिन की होगी। विभिन्न मंदिरों में घटस्थापना संपन्न हो चुकी है। दर्शनों के लिए आमेर स्थित शिला माता मंदिर समेत कई प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

### मोती डूंगरी गणेश मंदिर में नववर्ष पर छप्पन भोग की झांकी सजाई

मोती डूंगरी मंदिर में भारतीय नववर्ष (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, रविवार) उत्सव पर भव्य आयोजन हो रहे हैं। इस अवसर पर सुबह गणेशजी महाराज का पंचामृत अभिषेक हुआ, जिसके बाद भगवान को नवीन पोशाक और स्वर्ण मंडित मुकुट धारण कराया गया। मंदिर महंत कैलाश शर्मा ने बताया- नववर्ष के अवसर पर भगवान गणेशजी महाराज फूल बंगले में विराजमान हुए। इस दिन छप्पन भोग की झांकी भी सजाई गई। शाम 7 बजे मंदिर परिसर में भव्य आतिशबाजी का आयोजन होगा। इस अवसर पर भक्तों के लिए विशेष दर्शन और पूजन की व्यवस्था की गई है।

### खोले के हनुमान मंदिर में घटस्थापना की गई

खोले के हनुमान मंदिर में आज दोपहर 12 बजे से चैत्र नवरात्रि घटस्थापना के साथ 9 दिवसीय धार्मिक उत्सव शुरू हुआ। नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया- नव संवत्सर 2082 के आगमन पर सुबह कलश यात्रा के बाद घटस्थापना की गई। इसके बाद वाल्मीकि रामायण के पाठ शुरू हुए। मंदिर में शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक 201 आसनों से 9 दिवसीय रामचरित मानस पाठ का शुभारंभ होगा। उन्होंने बताया- खोले के हनुमान मंदिर पहाड़ी पर स्थित वैष्णो माता की घटस्थापना व दुर्गा सप्तमी के पाठ नियमित नौ दिन तक किए जाएंगे। मां वैष्णो को पंचामृत स्नान कराकर नई पोशाक धारण कराई गई। गायत्री माता मंदिर में गायत्री कवच और अन्नपूर्णा माता मंदिर में दुर्गा पाठ व अन्नपूर्णा स्तोत्र का पाठ होगा। पूरे मंदिर परिसर को विशेष सजावट से सुसज्जित किया गया है।



### वैष्णो देवी मंदिर,राजापार्क में विशेष आयोजन

माता वैष्णो देवी मंदिर पंचवटी सर्किल, राजापार्क में रविवार को नवरात्रि के अवसर पर विधिवत पूजा-पाठ के साथ सुबह 6:30 बजे घटस्थापना संपन्न हुई। अध्यक्ष राज भाटिया ने बताया- माता जी को प्रसाद का भोग लगाकर सुबह 8:15 बजे आरती के साथ पट दर्शनार्थ खोल दिए गए। नवरात्रों में मंदिर खुलने का समय सुबह 6:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम 5:30 बजे से रात 10 बजे तक रहेगा। इस दौरान मंदिर में आरती सुबह 6:30 बजे, संध्या आरती 7:00 बजे और शयन आरती रात 9:30 बजे होगी। महासचिव राजकुमार भाटिया और उपाध्यक्ष कमलेश आसुदानी ने बताया कि नवरात्रों के दौरान माता जी का 7 बार आकर्षक श्रृंगार नवीन पोशाक के साथ किया जाएगा।

# विधायक और रोडवेज के चीफ मैनेजर में जमकर हुई बहस : अधिकारी बोले- सरकारी रास्ता खाली करवाइए

## रफीक खान ने कहा- आवाज नीचे रखकर बात करो

**जयपुर।** जयपुर में आदर्श नगर विधायक रफीक खान और रोडवेज के मुख्य प्रबंधक (चीफ मैनेजर) राकेश राय के बीच बहस हो गई। विवाद ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रोडवेज की जमीन पर अतिक्रमण को लेकर था। विवाद के दौरान रोडवेज प्रबंधक ने विधायक से कहा- सरकारी रास्ता है, उसे खाली करवाइए। इस पर विधायक रफीक खान ने कहा- तमीज से बात करो।

आवाज नीचे रखकर बात करो। दरअसल, नारायण सिंह सर्किल स्थित बस स्टैंड को ट्रांसपोर्ट नगर में शिफ्ट किया जा रहा है। 1 अप्रैल से दिल्ली की ओर जाने वाली बसें ट्रांसपोर्ट नगर से ही चलेंगी। रोडवेज मुख्यालय के निर्देश पर मुख्य प्रबंधक सीबीएस द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रोडवेज के पुराने बस स्टैंड की जमीन की सुरक्षा के लिए चारदीवारी निर्माण का काम शुरू किया गया था।

रोडवेज की इस जमीन से आसपास की कॉलोनी वालों ने रास्ता निकाल रखा था। शनिवार को इसे निगम की ओर से बंद करवाया जा रहा था। इसे लेकर कॉलोनी वालों ने विधायक रफीक खान से शिकायत की थी। इस पर विधायक मौके पर पहुंचे तो उनकी रोडवेज के चीफ मैनेजर से बहस हो गई।

**कर्मचारियों ने जताया विरोध**-इस घटना को लेकर भारतीय मजदूर संघ से जुड़े राजस्थान परिवहन निगम संयुक्त कर्मचारी फेडरेशन और सेवानिवृत्त कर्मचारी महासंघ ने कड़ी आपत्ति जताई है।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795


Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com




# कादेड़ा में प्रमुख आस्था स्थल बगलामुखी माता मंदिर में उमड़ा आस्था का ज्वार

## माता के दरबार में लोगों ने मांगी मनौतिया

बढ़ता राजस्थान



**कादेड़ा /चाकसू ।** चाकसू उपखंड क्षेत्र के प्रमुख शक्तिपीठों में स्थित कादेड़ा बगलामुखी माता के मंदिर में नवरात्रि स्थापना के अवसर पर भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। लोग सुबह से ही माता के दर्शनों के लिए मंदिर में उमड़ते रहे। इस दौरान माता सेवक पीठाधीश्वर बाबा आशुतोष बगलामुखी ने माता की आरती कर भक्तों को आशीर्वाद दिया। मोहित टेलर रामाज ने बताया कि इस दौरान माता को 3600 लड्डुओं का भोग लगाकर प्रसादी वितरित की गई । नवरात्रि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रसिद्ध अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी नेवी शिरकत कर माता जी को 11 किलो चांदी के आभूषण भेंट किये।इस दौरान पूर्व प्रधान प्रहलाद मीणा,पूर्व सरपंच मदनलाल ,पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अशोक चौधरी ,अभिषेक गुप्ता, राम सिंह राजोरिया, एक्टर राजवीर शर्मा ,मोहित टेलर सहित सैकड़ो भक्त लोग मौजूद रहे।